राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर,

लखनऊ, सोमवार, 06 जनवरी 2025

वर्ष 06, अंक 99, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

नगर निगम के कुबेर में जमा हुआ 21.92 लाख रुपये हाउस टैक्स...03

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के मेधावी बच्चों को सीओ ने किया सम्मानित...12

## मायावती ने भतीजे आकाश को सौंपा दिल्ली का चुनावी जिम्मा

स्वतंत्र प्रभात

बहुजन समाज पार्टी का जनाधार यूपी समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बिल्कुल सिमट गया है। ऐसे वक्त में मायावती ने आकाश आनंद को दिल्ली चुनाव के लिए अहम जिम्मेदारी दी है, जिसके लिए आकाश काफी आक्रामक कैंपेन कर रहे हैं। बसपा ने सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है और उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 2020 में बसपा ने 68 सीटों पर चुनाव लड़ा और सभी उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई, क्योंकि वोट शेयर घटकर 0.71% रह गया। पिछले साल लोकसभा चुनाव में दिल्ली में बसपा का वोट शेयर महज 0.7% था।

साल 2014 से चुनावी जमीन पर सिमटती जा रही बसपा दिल्ली चुनाव से अपने उदय की उम्मीद रखे हुए हैं, क्योंकि पार्टी की मुखिया मायावती ने राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद को दिल्ली का चुनावी इनचार्ज बनाया है। आकाश आनंद को टारगेट दिया गया है कि वे दिल्ली में खिसके BSP के जनाधार को हासिल करने के लिए काम करें।आकाश आनंद मायावती के नामित उत्तराधिकारी हैं। उन्होंने रविवार को पूर्वी दिल्ली के कोंडली (एससी-आरक्षित) विधानसभा क्षेत्र में एक रैली के साथ दिल्ली विधानसभा चुनाव अभियान की शुरुआत कर दी है। सूत्रों ने बताया कि आकाश आने वाले हफ्तों में मतदाताओं तक पहुंचने के लिए नुक्कड़ सभाओं के साथ-साथ ऐसी और भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

आकाश के लिए हरियाणा में पार्टी की हार के बाद दिल्ली चुनाव काफी अहम होने वाला है। वे हरियाणा में भी पार्टी का चुनाव प्रभार संभाल रहे थे। हालांकि, उस समय पार्टी के नेताओं ने बताया कि वे हरियाणा में अपना वोट शेयर बढ़ाने में कामयाब रहे। पिछले महीने, आनंद ने दिल्ली में एक विरोध मार्च का नेतृत्व किया था, जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. बीआर अंबेडकर पर की गई टिप्पणी ने बड़े पैमाने पर राजनीतिक विवाद को जन्म दिया था।

बसपा ने दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों को पांच जोन में बांटा है और 10 वरिष्ठ नेताओं को जोनल कोऑर्डिनेटर के तौर पर तैनात किया है, हर जोन में दो-दो नेता शामिल है। जोनल कोऑर्डिनेटर में सहारनपुर के रणधीर बेनीवाल जैसे नेता शामिल हैं, जो पिछले साल हरियाणा विधानसभा चुनाव अभियान का अहम हिस्सा थे।इसके अलावा, राजेश तंवर, सुदेश आर्य, ललित कुमार, सुजीत सम्राट, रजनी, राजाराम, एसपी सिंह, धर्मवीर सिंह अशोक और सतीश चौधरी जैसे नेताओं को अहम जिम्मेदारियां दी गई हैं।

इन नेताओं को उम्मीदवारों के चयन के लिए नामों को शॉर्टलिस्ट करने, संगठनात्मक बैठकें आयोजित करने और पार्टी के अभियान का निर्देशन करने का काम सौंपा गया है। बीएसपी नेताओं ने कहा कि इन नेताओं को यूपी, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, जम्मू -कश्मीर और उत्तराखंड में चुनाव और अभियान प्रबंधन का अनुभव है। प्रत्येक जोन में तीन से चार नेताओं का एक पैनल इन जोनल कोऑर्डिनेटरों की मदद करेगा, वरिष्ठ नेता नितिन सिंह चुनाव तैयारियों की निगरानी के लिए केंद्रीय समन्वयक के रूप में काम करेंगे और आकाश राज्य इकाई और मायावती के बीच कड़ी का काम करेंगे। बीएसपी सूत्रों ने बताया कि आकाश



उम्मीदवारों के चयन में भी शामिल थे और पार्टी की दिल्ली इकाई और इन जोनल कोऑर्डिनेटरों की बैठकों की अध्यक्षता कर रहे थे। कई सीटों के लिए नामों का पैनल पहले ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेजा जा चुका है, जो आकाश से सलाह-मशविरा करने के बाद उम्मीदवारों की घोषणा करेंगे। ज़्यादा जीतने लायक और बेहतर उम्मीदवार मिलने के बाद कुछ सीटों पर नामों के पैनल में संशोधन किया जा रहा है।

राष्ट्रीय राजधानी में पिछले चुनावों में पार्टी ने कई महीने पहले ही उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी, लेकिन इस बार देरी हुई। नितिन सिंह ने कहा कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पार्टी ने कैडर से उम्मीदवारों को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। स्क्रीनिंग प्रक्रिया चल रही है। राष्ट्रीय राजधानी में पिछले चुनावों में पार्टी ने कई महीने पहले ही उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी लेकिन इस बार देरी हुई। नितिन सिंह ने कहा कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पार्टी ने कैडर से उम्मीदवारों को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। स्क्रीनिंग प्रक्रिया चल रही है। बसपा का प्राथमिक लक्ष्य उस वोट आधार को पुनः प्राप्त करना है, जो पार्टी ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी के उदय के बाद खो दिया था।

दिल्ली में बीएसपी की आखिरी जीत 2008 में हुई थी, जब उसके दो विधायक थे कि बदरपुर और गोकलपुर (SC-आरक्षित सीट)- और उसका वोट शेयर 14% था। पार्टी के एक नेता ने कहा कि हमें उस वोट शेयर को वापस पाना है और दिल्ली के नतीजों में निर्णायक भूमिका निभानी है। 2013 में BSP का वोट शेयर घटकर 5.35% रह गया और दो साल बाद यह और गिरकर 1.3% रह गया, जबकि इसके 69 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। चुनावी मैदान में अपनी जगह कम होने के बावजूद BSP दिल्ली अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने कहा कि उन्हें इस बार बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इस बार हम चार-कोणीय मुकाबला देख रहे हैं और बसपा अच्छी स्थिति में है। हमें उम्मीद है कि हम सीटें जीतेंगे क्योंकि जनता आप के झूठे वादों और बीजेपी की विभाजनकारी राजनीति से तंग आ चुकी है। आप और अरविंद केजरीवाल की पोल खुल चुकी है। पार्टी के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर है।

## बीजेपी विधायक नंद किशोर गुर्जर योगी सरकार से खफा



स्वतंत्र प्रभात

**गाजियाबाद** जिले की लोनी सीट से बीजेपी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर इन दिनों लगातार एक के बाद एक बड़े बयान दे रहे हैं। नंदकिशोर गुर्जर ने मीडिया से बातचीत में कहा है कि उनके जिले में पार्टी के महामंत्री की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो रही है और ऐसे में वह जिले में ईंट से ईंट बजा देंगे।अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले विधायक गुर्जर ने कहा कि अगर यह सरकार बीजेपी की ना होती, सपा की होती तो अधिकारी कितना बड़ा मुख्यमंत्री होता मैं मुख्यमंत्री के घर में घुसकर भूस भर देता। नंदकिशोर गुर्जर ने कहा, "ऊपर से बताया जा रहा है कि राम राज्य चल रहा है और यह जो नरक हो रहा है, महिलाएं रो रही हैं, क्या वह गलत कह रही हैं। चार बेटियां सुबह आई हैं, उनके साथ दुष्कर्म हुआ है, चक्कर काट रही हैं। मैंने दो बार फोन करके भेजा, कोई सुनने को तैयार नहीं है।"

शनिवार को नंद किशोर गुर्जर ने कहा था कि किसी की गाय काटने की हिम्मत नहीं होती थी और आज बीजेपी की सरकार में भी हर दिन 50 हजार गाय कट रही हैं। विधायक ने कहा था कि इसका मतलब यह है कि अधिकारी पैसा खा रहे हैं। उन्होंने कहा था कि यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचनी चाहिए। भाजपा विधायक ने अपनी सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा था कि चारों तरफ लूट मची हुई है।भाजपा विधायक ने कहा था कि उनकी हत्या के लिए 9 एमएम की 25 पिस्टल खरीदी जा चुकी हैं।

गुर्जर के इस बयान के वीडियो को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शेयर किया था और कहा था कि उत्तर प्रदेश में बीजेपी सरकार में आपस में ही तलवारें खिंची हुई हैं और सत्ता की इस लड़ाई में जनता पिस रही है।हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने भी अपनी जान को खतरा बताया था। उन्होंने कहा था कि उत्तर प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स उनकी हत्या कर सकती है। कुछ दिन पहले भी आशीष पटेल ने आरोप लगाया था कि शिक्षकों की पदोन्नति में कथित अनियमितताओं को लेकर उनकी राजनीतिक हत्या करने की साजिश रची जा रही है। पटेल ने कहा था कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदेश देंगे तो वह अपने पद से इस्तीफा दे देंगे।

## लूट के माल सहित दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार



पुलिस द्वारा पकड़े गये शातिर लुटेरे

**अलीगढ़।** थाना क्वार्सी पुलिस टीम ने शताब्दी नगर की पुलिया के सामने से दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा हुआ सामान व अवैध असलाह बरामद किया है। पकड़े गये लुटेरों के खिलाफ कई थानों में अपराधिक मामले पंजीकृत हैं और ये शातिर किस्म के अपराधी हैं। थाना क्वार्सी पुलिस टीम ने लूट के मुकद्मे में वाछिंत चल रहे नौशाद पुत्र सत्तार निवासी ग्राम अरसेनी पूर्वा थाना पिसावा जनपद सीतापुर, राहुल कुमार पुत्र रामजीलाल निवासी ग्राम रामपुर चौकी हस्तपुर थाना इग्लास को पूर्व में लूटे गए सामान व अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने पकड़े गये शातिरों के कब्जे से लूटे के 600 रूपये) व एक अदद बैग रंग काला (एक अदद स्टाम्प पैड व एक अदद पर्स रंग काला पूमा कंपनी जिसमे एक अदद ई-श्रम कार्ड , एक अदद आधार कार्ड , एक अदद वोटर आईडी कार्ड ,एक अदद एटीएम कार्ड) दो देशी नाजायज तमंचा मय दो जिन्दा कारतूस व घटना मे प्रयुक्त मोटर साईकिल स्पैलण्डर प्लस बरामद की हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 विजय कुमार ,उ0नि0 जीतेन्द्र कुमार ,है0का0 इमरान खान, है0का0 उमेश कुमार शामिल थे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ओबरा में जर्जर बिजली के खंभे बन रहे जानलेवा खतरा, लोगों में आक्रोश



**ओबरा, सोनभद्र।** जिले के ओबरा नगर पंचायत में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते जर्जर बिजली के खंभे लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। राम मंदिर कालोनी, सुभाष चौराहा और मलिन बस्ती जैसे कई इलाकों में लगे बिजली के खंभे बेहद जर्जर हालत में हैं।स्थानीय निवासी अमित मित्तल और अरविंद सिंह ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में कई बार बिजली विभाग से शिकायत की है, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि ये जर्जर खंभे किसी भी समय गिर सकते हैं और इससे बड़ी दुर्घटना हो सकती है।स्थानीय लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ काफी आक्रोश है। उनका कहना है कि विभाग की लापरवाही के कारण लोगों की जान खतरे में है। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द इन जर्जर खंभों को बदला जाए।

### दूध डेरी से चोरो ने उड़ाया समान

क्राइम

**मिश्रिख (सीतापुर)** मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के घेरी निवासी अमन सिंह मिश्रिख कस्बे के नहर चौराहे पर दूध की डेरी का संचालन करता है। उक्त डेरी सरोज सिंह के नाम है। पीड़ित डेरी को तीन वर्षों से संचालित कर रहा है।बीती रात चोरों ने डेरी दुकान के पीछे की दीवार तोड़कर मसीन ,बैट्रा, कीबोर्ड तथा 3 कैने उठाकर रफू चक्कर हो गए।पीड़ित आज सुबह जब डेरी खोलने के लिए दुकान पहुँचा तब उसको चोरी की जानकारी हुई।पीड़ित ने बताया उसका समान लगभग एक लाख रूपये का चोरी हुआ है।

## नहरों की सफाई तो हुई, लेकिन टेल तक नहीं पहुंचा पानी

**● नहरों पर अवैध कब्जे बन रहे, किसानों की खेतों की सिंचाई में संकट**

स्वतंत्र प्रभात

**बीकेटी।** स्थानीय तहसील क्षेत्र में इन दिनो गेहूं की फसल की सिचाई के लिए किसानो को पर्याप्त मात्रा में पानी की आवश्यकता है। नहरों की साफ सफाई तो हुई लेकिन बीकेटी क्षेत्र में नहर के टेल तक पानी ही नही पहुच पा रहा है। इससे दर्जनों गांव की किसानों को रवी की फसलों की सिंचाई में दिक्कते आ रही है। ग्रामीणो की शिकायत के बावजूद सिंचाई विभाग के अधिकारी किसानों की समस्या को लेकर बेपरवाह बने हुए है ऐसे में किसानो में नाराजगी बनी हुई है। इस समस्या से इस समय सैकड़ो किसान जूझ रहे हैं। नहरों व माइनरों में टेल तक पानी नहीं पहुंच रहा है। नहरों में कम पानी छोड़े जाने के कारण अभी तक पानी टेल तक नही पहुंच पाया है। किसानों की माने तो सिंचाई विभाग दावा करता है कि नहरों का पानी नहरों के टेल तक पहुंचाया जाएगा, लेकिन विभागीय दावे सब दिखावटी लग रहे है । महोना से निकली नहर में सिल्ट व झाड़ झंखाड़ से पटा हुआ है। इसके चलते हर साल रवी के सीजन में पानी की किल्लत होती है। किसान हर बार नहर की सफाई करने के लिए हंगामा करते हैं, लेकिन अधिकारी इसको लेकर बेपरवाह बने हुए हैं।

**क्या बोले अधिकारी**

नहर विभाग के अधिशाषी अभियंता ने बताया की अभी पानी बंद कर दिया गया है भाखामऊ नहर की जांच की जाएगी, जानकारी मिली है कुछ लोगों द्वारा पुलिया डालकर अवरोध किया जा रहा है जल्द ही अभियान चलाकर अवैध कब्जा हटाया जाएगा जिसके बाद पानी टेल तक आसानी से पहुंच जाएगा।

किसानों का कहना है कि माइनर की सफाई सही तरीके से नहीं कराई गई है।इसलिए पानी टेल तक नहीं पहुंच पाता। यदि नहर को पूरी क्षमता से भी संचालित किया जाए तो भी टेल पर पानी पहुच पाता है। इन दिनो लाखो रुपये की रकम लगाकर नहरो की साफ सफाई कराई गई है जिसमें भी ठेकेदार दारो द्वारा लापरवाही की गई जिसका खामियाजा किसानो को भुगतना पड़ रहा है। इधर भाखामऊ नहर में पानी की एक बूंद तक नहीं पहुंच पाई है जिसके चलते तमाम किसानों को प्राइवेट नलकूप का सहारा लेना पड़ रहा है।



**अवैध कब्जा बन रहा टेल तक पानी पहुंचाने में दिक्कत**

बीकेटी के सरसवा, कोटवा, भाखामऊ और सहित अन्य कई जगहों पर नहर की पटाई कर आवागमन का रास्ता बना दिया गया सरसवा जाने वाली भाखामऊ नहर में प्लाटिंग कर्ताओं ने दर्जनों जगह अवैध तरीके से नहर की पटाई कर आवागमन का रास्ता बनाया है जिसके चलते इन दिनों हो रही नहर से सिंचाई में भी किसानों को दिक्कते आ रही लेकिन विभागीय अधिकारी हैं इसको खत्म करना नहीं चाहते जबकि फसलों की सिंचाई का समय चल रहा है लेकिन नहरों पर कुंडली मारे बैठे प्रॉपर्टी डीलर पानी आगे बढ़ने नहीं दे रहे हैं जिसके चलते फसलों की सही ढंग से सिंचाई नहीं हो पा रही है।

## चक मार्ग पर जबरिया किये जा रहे मकान निर्माण रोकने की मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में सरकारी जमीनों पर दबंग का कब्जा हो रहा है शिकायत के बावजूद न तो तहसील प्रशासन कार्रवाई कर रहा है ना ही जिला प्रशासन कोई कार्रवाई कर रहा है जनपद के सभी तहसीलों में लेखपाल द्वारा सरकारी जमीन को कौड़ियों के दाम मेंबेचा जा रहा है कैसे कुमार पर कब्जा कहीं मंदिर की जमीन पर कब्जा करके गेहूं बोया जा रहा है तो कहीं स्कूल के स्कूल के जमीन पर निर्माण किया जा रहा हैचक मार्ग पर जबरिया किये जा रहे मकान निर्माण रोकने की मांग,डीएम को सौंपा ज्ञापन गया।

सोनहा थाना क्षेत्रकेकोरियाडीह निवासिनी रेशमा पत्नी वासुदेव ने शनिवार को जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को पत्र देकर चक मार्ग पर जबरिया किये जा रहे स्थायी निर्माण को रोके जाने की मांग किया।जिलाधिकारी को सम्बोधित पत्र में कहा गया है कि गाटा संख्या 74 चक मार्ग में हृदयराम पुत्र राम चरन द्वारा स्थाई मकान का निर्माण कराया जा रहा है।



इससे सार्वजनिक रास्ता बंद हो जायेगा और आवागमन में असुविधा होगी। मांग किया कि पैमाइश और जांच कराकर स्थाई मकान का निर्माण रोका जाय।

हृदयराम से चक मार्ग पर स्थायी मकान निर्माण कराने से रोका गया तो वह धमकियां देने लगा। मांग किया कि इस निर्माण को तत्काल प्रभाव से रोकवाया जाय। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी कुंभ करनी नींद में सो रहे हैं ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

## 2021 - 22 में योग प्रशिक्षक की नियुक्ति में हुई धांधली के आरोप की होगी जांच

**● सीडीओ और डीओ आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सालय बस्ती को मिली जांच जिलाधिकारी ने दिए जांच के आदेश**

**फर्जी अंकपत्रों के सहारे नियुक्ति का आरोपतत्कालीन बाबू पर आरोप अपने रिश्तेदार को लाभ पहुंचाने के लिए नियुक्ति किया है**

**बस्ती।** बस्ती जिले में 2021- 2022 में योग प्रशिक्षक की भर्ती निकली थी। जिसमें मेरिट के आधार पर नियुक्ति होनी थी लेकिन बाबुओं की मेहरबानी से बिना उचित प्रक्रिया अपनाए भर्ती कर ली गई। न तो प्रमाण पत्रों का भौतिक सत्यापन करवाया गया और नहीं वरिष्ठता क्रम का ध्यान दिया गया। बल्कि अपनी इच्छा अनुसार बाबुओं ने भर्ती कर ली है। ये आरोप कप्तानगंज निवासी वेदप्रकाश मिश्रा का। वेद प्रकाश ने जिलाधिकारी से नियुक्ति में धांधली का मजिस्ट्रेटिव जांच की मांग की है।वेद प्रकाश ने शिकायत में बताया कि करुणा पांडेय जिनकी नियुक्ति हेल्थ वेलनेस सेंटर पोखरा में है, राममूरत की नियुक्ति महाराजगंज बाजार में है, नरसिंह इस समय भदवाल में कार्यरत है और सविता पांडे आयुर्वेदिक चिकित्सालय सुभाई में नियुक्त है। इनमें करुणा पांडेय ने 8 महा बाद अपनी नौकरी छोड़ दी लेकिन बाकी अभी कार्यरत है।




वेद प्रकाश ने शिकायत में बताया कि इनकी नियुक्ति में न तो अंकपत्रों का भौतिक सत्यापन हुआ न ही की वरिष्ठता क्रम का ध्यान रखा गया। तत्कालीन बाबू द्वारा निजी लाभ देखते हुए सभी की नियुक्ति अपने प्रभाव से करवा ली गई। इसने करुणा पांडेय तत्कालीन बाबू सुनील पांडेय के भाई की पत्नी है और दूसरी सविता पांडेय बाबू सुनील के पत्नी की बहन हैशिकायतकर्ता वेद प्रकाश ने इनकी नियुक्ति में धांधली का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से जांच कर उचित कार्यवाही मांग की थी, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा जांच तुम गठित कर जांच का आदेश हो चुका है।

## नगर पंचायत गोला के विस्तारित क्षेत्र के किसान छुट्टा पशुओं से है परेशान

**● - किसानों के खेतों में उगी फसल को कर रहे है नुकसान**

स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाज़ार गोरखपुर 5 जनवरी।** नगर पंचायत गोला के विस्तारित क्षेत्र के ग्राम भीटी , रानीपुर अतरौला और रामा मऊ के किसान छुट्टा पशु के आतंक से आतंकित है। छुट्टा पशु उनके खेत में बोई गई फसल को चर कर ठूठा बना दे रहे हैं। किसान अपना हाथ मल कर रह जा रहे हैं। इन लोगों ने ईओ गोला से इन छुट्टा पशुओं को पकड़ कर गौशाला में भेजवाने की मांग की है। भीटी रानीपुर अतरौराऔर रामा मऊ के किसान सर्वेश दुबे , कैलाश दुबे , श्रीनिवास दुबे , तेजबहादुर सिंह रामसकल पांडेय , संजय तिवारी , दिलीप नायक, सुधीर नायक, संत नायक, परमहंस नायक, अमर नाथ तिवारी, चंचल तिवारी, पप्पू तिवारी , आनंद मणि तिवारी आदि किसानों ने बताया कि एक बीघा गेहूं बोने में जुताई, खाद, बीज को लेकर लगभग 5 से 6 हजार खर्च हो जा रहा है। फसल अब सिंचाई के योग्य हुई है। इस गलन भरी ठंड में एक दर्जन छुट्टा पशु आ कर दिनों रात चर कर ठूठ बना दे रहे हैं। दिन में एक तरफ से इन छुट्टा पशुओं को हांक लगाई जाती है तो दुसरी तरफ भाग जाते हैं । दूसरी तरफ से हांक लगाई जाती है तो तीसरी ओर भाग जाते हैं । हम लोगों के आंख के सामने हम लोगों के गाढ़ी कमाई नष्ट हो जा रही है। यदि इन छुट्टा पशुओं को पकड़ कर गौशाला नहीं भेजा गया तो एक दाना भी अनाज घर में नहीं जा पाएगा। इन लोगों ने ईओ नगर पंचायत गोला से इन छुट्टा पशुओं को पकड़ कर गौशाला भेजवाने की मांग की है। ईओ गोला वैभवकुमार का कहना है कि उन पशुओं को पकड़वाने की व्यवस्था करवाता हूं।



# संक्षिप्त ख़बरें

## सर्वर डाउन, नहीं बन पा रही डिजिटल फार्मर रजिस्ट्री




**अंबेडकरनगर।** डिजिटल फार्मर रजिस्ट्री किसानों और अधिकारियों के लिए सिरदर्द बन गई है। सर्वर की परेशानी से फार्मर रजिस्ट्री की गति तेज नहीं हो पा रही है। कृषि विभाग के साथ ही राजस्व और पंचायत विभाग के 300 से अधिक कर्मचारी दिन-रात किसानों का पंजीकरण करने में जुटे हैं। शुक्रवार तक 87 हजार किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बन सकी है।उपकृषि निदेशक अश्विनी सिंह ने शनिवार को अकबरपुर के कई गांव के शिविर में जाकर प्रगति की जानकारी ली। बताया कि जनपद में तीन लाख 67 हजार 827 किसानों की डिजिटल फार्मर रजिस्ट्री बनाई जानी है। लेखपाल व जनसेवा केंद्र के माध्यम से डिजिटल फार्मर रजिस्ट्री बनवाई जा रही है। मोबाइल एप के माध्यम से किसान स्वयं भी फार्मर आईडी बना सकते हैं।पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पाने के लिए साथ ही फसली ऋण व केसीसी का लाभ पाने के अलावा फसल बीमा एवं आपदा प्रबंधन की क्षतिपूर्ति को चिह्नित करने के लिए डिजिटल फार्मर रजिस्ट्री की अहम भूमिका होगी। इसके बन जाने के बाद लाभार्थी के बार-बार सत्यापन करने की जरूरी समाप्त हो जाएगी।

## कुंभ के लिए बन रहा निजी बसों का अस्थायी अड्डा

**अंबेडकरनगर।** संगम नगरी में लगने वाले महाकुंभ को लेकर जिले में तैयारी तेज कर दी गई है। सरकारी बसों के अलावा प्राइवेट बसों के संचालन के लिए अकबरपुर नगर पालिका परिक्षेत्र में निजी बसों के लिए अस्थायी बस अड्डे का संचालन किया जाएगा। इसको लेकर नगर पालिका ने शनिवार को बसखारी मार्ग के निवियहवा पोखरे के निकट भूमि पर सफाई का कार्य शुरू कर दिया है।श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए बीते दिनों आरटीओ कार्यालय ने नगरपालिका से प्राइवेट बसों के संचालन के लिए भूमि मांगी थी। इसे लेकर शनिवार को नगर पालिका प्रशासन ने निवियहवा पोखरे के निकट बस स्टेशन के लिए चयनित भूमि की सफाई कराने का काम शुरू कर दिया है। एआरटीओ सतेंद्र कुमार ने बताया कि सात जनवरी से कुंभ स्नान के लिए जाने वाले श्रद्धालु यहां से प्राइवेट बस सेवा का लाभ ले सकेंगे। बताया कि निजी बसों के संचालन से कम संख्या में जाने वाले श्रद्धालुओं को बसों के बुक कराने का लाभ आसानी से मिल सकेगा।

## सीमावर्ती क्षेत्रों में चलाया जा रहा सघन चेकिंग और नाकाबंदी अभियान

**देवरिया।** जनपदीय पुलिस ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए विशेष चेकिंग और नाकाबंदी अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम और सीमा पार से अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। इस सम्बन्ध में पुलिस विभाग आम जनता से सहयोग कि अपील की है और कहा कि चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें और यदि आपके पास कोई महत्वपूर्ण सूचना है, तो उसे तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन को सूचित करें। आपकी जागरूकता और सहयोग से हम अपने क्षेत्र को और अधिक सुरक्षित बना सकते हैं।

## भासपा की संपन्न हुई बैठक




**देवरिया।** भारतीय सर्वजन पार्टी की एक आवश्यक बैठक प्रधान कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक निषाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें संगठन को मजबूत करने के साथ, केवट, निषाद, मल्लाह, बिंद, प्रजापति, कश्यप, कुम्हार, कहार सहित 17 जातियों को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल करने के लिए मजबूत लड़ाई लड़ने के संकल्प के साथ अन्य जनसमस्याओं पर भी चर्चा हुई। इस दौरान निषाद ने कहा प्रदेश के 75 जिलों में पार्टी को 2025 तक खड़ा कर दिया जाएगा। कहा कि वर्तमान भाजपा नेतृत्व मोदी और योगी सरकार 17 जातियों को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल नहीं कर रही है बल्कि इनको गुमराह कर छलने का कार्य कर रही है। आगे कहा कि देश प्रदेश में सबका विकास हो इसके लिए सत्ता से भाजपा और कांग्रेस को उखाड़ फेंकना है। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक निषाद, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ राम प्रसाद निषाद, प्रदेश प्रभारी एडवोकेट श्रवण कुमार निषाद, प्रदेश सचिव प्रभुदयाल निषाद, जिला महासचिव मिथिलेश निषाद, हरिशंकर निषाद, राजू चौहान, जाफर अली, कार्यालय सचिव श्रेया निषाद सहित आदि लोग उपस्थित रहें।

# विक्रमजोत ढाबे पर किशोरी संग अश्लील हरकत के आरोप में केस

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती।** बस्तीजिले में विक्रमजोत स्थित एक ढाबे पर खाना खाते समय लखनऊ के एक परिवार की बालिका के साथ अश्लील हरकत का मामला सामने आया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी की सीसीटीवी के जरिये पहचान करने में जुटी है। जानकारी के अनुसार, लखनऊ के कृष्णानगर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक शख्स ने छावनी पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि दो जनवरी की रात 10ः30 बजे कार से लखनऊ से गोरखपुर परिवार के साथ जा रहे थे।विक्रमजोत स्थित एक ढाबे पर भोजन करने के लिए रुके। ढाबे के मुख्य हॉल में पत्नी व नौ वर्षीय बेटी के साथ भोजन का ऑर्डर देकर आने का इंतजार करते समय एक शख्स नशे की हालत हालत में उन लोगों की टेबल के पास पहुंचा।

आरोप है कि उसने बेटी के सामने गुलाब जामुन रखा और अश्लील हरकत करने लगा। यह देख पत्नी ने विरोध किया। पत्नी ने बाहर आकर घटना के बारे में उसे जानकारी दी। इसके बाद ढाबे से बाहर आकर आरोपी से उसकी हरकत के बारे में पूछा तो वह अपशब्द कहते हुए मारने- पीटने लगा। अकेले होने का फायदा उठाकर उसके अन्य साथियों ने उसे भगा दिया। घटना की जानकारी पुलिस को दी और फिर छावनी थाने पर पहुंचकर तहरीर दी। एसओ भानु प्रताप सिंह ने बताया कि अज्ञात शख्स पर केस दर्ज कर उसकी पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# कूड़े में मिली बापू प्रतिमा का मामला गरमायाः कांग्रेस ने सौपा ज्ञापन

● दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिला पंचायत सभागार में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मागांधी की प्रतिमा के कूड़े में पाये जाने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान उपाध्यक्ष गिरजेश पाल के नेतृत्व में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सुनिष्ठा सिंह को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग किया गया है कि जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी, अवर अभियन्ता और ठेकेदार के विरूद्ध समुचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराकर उनके विरूद्ध कार्रवाई करते हुये बापू प्रतिमा को उचित स्थान पर पुनः प्रतिष्ठित कराया जाय।

ज्ञापन देने के बाद कांग्रेस नेता गिरजेश पाल ने कहा कि यदि दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई के साथ बापू प्रतिमा की सम्मानजनक पुर्न प्रतिष्ठा न कराया गया तो वे पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं के साथ जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष अनशन करने को बाध्य होंगे।कांग्रेस नेता बाबूराम सिंह, राकेश पाण्डेय गांधियन, राम बचन भारती, अतीउल्ला सिद्दीकी, अवधेश सिंह, महेन्द्र श्रीवास्तव रामधीरज चौधरी, डा. मारूफ अली, राजू गुप्ता, आदि ने कहा कि जिला पंचायत बस्ती के सभागार में बापू प्रतिमा स्थापित थी। सभागार में जिस समय नये निर्माण के लिये ध्वस्त कराया जा रहा था बापू प्रतिमा को कूडेदान में फेंक दिया गया। कांग्रेस नेताओं ने जब इसका मुखर विरोध



किया तो जिला पंचायत प्रशासन ने तीन दिन का समय मांगा किन्तु किसी अधिकारी या ठेकेदार के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण है। बताया कि घटना से प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय नेतृत्व को अवगत करा दिया गया है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से चन्द्र प्रकाश पाठक, अब्दुल समद, आशुतोष पाण्डेय,साधू पाण्डेय,मो. रफीक खां के साथ अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# किडनी के रोगी की मेडिकल कॉलेज में जांच रिपोर्ट नॉर्मल आने के कारण नहीं हुयी डायलिसिस, हुई मौत

● किडनी खराब, लेकिन रिपोर्ट आई नॉर्मल- मरीज की हुई मौत

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती मेडिकल कॉलेज में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीज को जांच में नॉर्मल रिपोर्ट दे दी गई। इस लापरवाही ने मरीज के जीवन को खतरे में डाल दिया और मरीज की इलाज में देरी होने की वजह से मृत्यु हो गई। इस वाकया ने मेडिकल कॉलेज की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जहां मेडिकल कॉलेज जैसे स्थान पर मरीज एक विश्वास लेकर जाता है,लेकिन इस तरह की लापरवाही से कितने मरीज की जान जा सकती है यह एक जांच का विषय है। राहुल त्रिवेदी नामक मरीज, जिनकी किडनी की समस्या थी, बृहस्पतिवार को पेशाब रुक जाने के कारण जांच के लिए बस्ती मेडिकल कॉलेज पहुंचे। ओपीडी में मेडिसिन विभाग के डॉक्टर बी एल कनौजिया नें आवश्यक जांचें लिखी, लेकिन मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी रिपोर्ट में किडनी को सामान्य बताया गया। रिपोर्ट पर भरोसा कर मरीज ने इलाज में देरी कर दी, जिससे उनकी हालत बिगड़ती चली गई। कुछ समय बाद जब मरीज की पत्नी प्रतिमा त्रिवेदी ने रिपोर्ट पर संदेह जताया, तो उन्होंने दोबारा जांच करवाई। इस बार किडनी में गंभीर खराबी का पता चला, जिससे पूरे परिवार में हड़कंप मच गया।

प्रतिमा त्रिवेदी ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर समय पर सही रिपोर्ट मिल जाती, तो उनके पति का इलाज जल्द शुरू हो सकता था। गलत रिपोर्ट के कारण इलाज



में देरी हुई, जिससे उनके पति की स्थिति गंभीर हो गई।मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने कहा "जांच में गलत रिपोर्ट देना गंभीर मामला है। इसकी उच्चस्तरीय जांच करवाई जाएगी। अगर लापरवाही सामने आई, तो संबंधित कर्मचारियों और डॉक्टरों पर कड़ी कार्रवाई होगी।" राहुल त्रिवेदी की स्थिति बिगड़ने के बाद उन्हें डायलिसिस पर रखा गया । लेकिन समय पर सही रिपोर्ट न मिलने के कारण उनके इलाज में देरी हुई, जिससे अब स्थिति और गंभीर हो गई और मरीज की मौत हो गई।

# जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय अंबेडकर नगर का किया आकस्मिक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जिला चिकित्सालय अंबेडकर नगर का किया आकस्मिक निरीक्षण। चिकित्सालय में मरीजों को लिए ठंड से बचाव हेतु की गई व्यवस्थाओं का लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में समस्त व्यवस्थाएं पाई गई चुस्त दुरुस्त। इस दौरान बिना पूर्व सूचना के सीएमएस के अनुपस्थित पाए जाने पर सीएमएस को स्पष्टीकरण देने के दिए निर्देश। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सालय में इमरजेंसी वार्ड, एमसीएच विंग के जनरल एवं सिजेरियन वार्ड आदि वार्डों का भ्रमण कर चिकित्सालय में मरीजों को ठंड से बचाव हेतु उपलब्ध कराए गए व्यवस्थाओं यथा कंबल एवं हीटर की व्यवस्था एवं साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान वार्डों में हीटर की व्यवस्था उपलब्ध पाई गई इसी के साथ ही मरीजों को आवश्यकता अनुसार कंबल उपलब्ध कराए गए थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बड़ी संख्या में मरीजों में कंबल वितरण भी किया गया। एमसीएच विंग में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जच्चाङ्कबच्चा को को ठंड से बचाव हेतु उपलब्ध कराई गई सुविधाओं, भोजन आदि व्यवस्थाओ का गहनता से निरीक्षण किया गया तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जच्चा एवं बच्चा के स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय के सभी वार्डों में बेहतर साफ सफाई व्यवस्था पाई, जिसकी जिलाधिकारी द्वारा सराहना करते हुए कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सीएमएस जिला चिकित्सालय के नियमित सफाई व्यवस्था को मेनटेन रखें और यह सुनिश्चित करें कि चिकित्सालय में आने वाले




मरीज एवं उनके तीमारदारों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो मरीज को शासन के मंशानुसार बेहतर से बेहतर चिकित्सीय सुविधा सुगमिता से उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान सीएमएस के अनुपस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए इसके अतिरिक्त समस्त चिकित्सीय स्टाफ उपस्थित पाया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉक्टर सदानंद गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार, तहसीलदार अकबरपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# फार्मासिस्ट के सहारे आयुर्वेदिक अस्पताल

स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकरनगर।** जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जिम्मेदार दावा करते हैं, लेकिन हकीकत इसके उलट है। अरिया बाजार में बना आयुर्वेदिक अस्पताल इन दिनों स्वास्थ्य कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। अस्पताल आने वाले मरीजों का इलाज फार्मासिस्ट के सहारे हो रहा है।आयुर्वेदिक अस्पताल में आधा दर्जन से अधिक गांवों के लोग इलाज के लिए आते हैं। चिकित्सक न होने से हजारों की आबादी इलाज के लिए प्राइवेट अस्पतालों का सहारा लेने के लिए मजबूर है। एक रुपये के सरकारी पर्चे में लोगों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मरीजों की भारी भीड़ अस्पतालों में जुटती है,




लेकिन राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल में इस समय केवल दो ही कर्मचारी हैं। फार्मासिस्ट रामकुमार यादव ही मरीजों का इलाज करते हैं। दूसरी कर्मचारी सुषमा हैं जो वार्ड आया हैं।

अस्पताल के चिकित्सक प्रवीण शर्मा केवल तीन दिन ही बैठते हैं। हाल ही में एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रामहित सेवानिवृत्त हो गए हैं। इस अस्पताल से लोदीपुर, सूरापुर, सैदापुर, पसियापारा, पचाउख, दहियावर, भगौतीपुर के ग्रामीण इलाज कराने आते हैं।ग्रामीण संतोष, रविंद्र, मनोज, घनश्याम, रहमत अली, राकेश आदि ने अस्पताल में पूर्ण रूप से चिकित्सक की तैनाती किए जाने की मांग की है।

# प्रधान संघ ने भरी हुंकार, हफ्ते में एक दिन गांव में हो लेखपाल की उपस्थिति

● मनरेगा के पैसों का हो भुगतान

स्वतंत्र प्रभात




हृद्2ह्य 1

**मिल्कीपुर अयोध्या।** अमानीगंज ब्लाक मुख्यालय पर प्रधान संघ के बैनर तले ग्राम प्रधानों की समस्याओं को लेकर एक बैठक आहूत की गई जिसके मुख्य अतिथि प्रधान संघ जिलाध्यक्ष राजेश सिंह रहे उन्होंने प्रधानों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के कई ब्लॉको में हमने प्रधानों के हक की लड़ाई लड़ी है और जारी भी है, उन्होंने कहा कि हर ग्राम सभा में जल जीवन मिशन का कार्य चल रहा है, प्रधान ग्राम पंचायत का अध्यक्ष होता है, लेकिन किसी भी एग्रीमेंट में ग्राम प्रधान शामिल नहीं है, आगे क्या मनसा है आप लोग समझ सकते हैं, प्रधानों को किनारे कर दिया गया लेकिन जब एनओसी लेने आएंगे तब पता चलेगा, ग्राम प्रधानों से मोहर दस्तखत चाहिए लेकिन प्रपत्र अंग्रेजी में है, जब तक आप लोग सवाल नहीं करोगे तो हर साल आपकी स्थिति खराब होती जाएगी, हर गांव में नाली और सड़क खोदी गई है लेकिन अभी 60त्न गांव में सड़कों का मरम्मत नहीं हो सका जबकि सरकार की तरफ से मरम्मत का पैसा दिया गया है, उन्होंने कहा कि मैं शासन से मांग करता हूं कि हफ्ते में एक बार ग्राम पंचायत में लेखपाल की उपस्थिति जरूर हो जिस गांव का कार्य भी बाधित न हो उन्होंने कहा की, दुर्भाग्यपूर्ण है की वीडियो, एडियो सचिव बुला ले तो ग्राम प्रधान दौड़कर चले जाते हैं लेकिन अपने लिए समय नहीं निकाल पाते, यदि आपका मनरेगा भुगतान आपके कार्यकाल में नहीं हुआ तो आप नहीं करा पाओगे, क्योंकि चुनाव में यदि सीट बदल जाएगी तो आप दोबारा रिपीट नहीं हो पाओगे, यदि आप अपनी लड़ाई स्वयं नहीं लड़ोगे तो कौन लड़ेगा उन्होंने प्रधानों से कहा कि आप मनरेगा के मजदूर नहीं हो आप गांव के मुखिया हो आपको समझना चाहिए कि आप ही गांव के तीसरी सरकार हैं। प्रधान संघ अध्यक्ष अमानीगंज पवन पाण्डेय ने कहा की 2023/24 वित्तीय वर्ष जो मनरेगा से काम कराया गया था उसकी फीडिंग नहीं है तथा सभी प्रधानों पर अधिक कर्जा है, और दुकानदार हमें मटेरियल नहीं दे रहा है लेकिन हमारा कोई सुनने वाला नहीं है वित्तीय वर्ष भी खत्म हो रहा है, हम सरकार से ही मांग करते हैं कि प्रधानों का वर्क आर्डर होना चाहिए और फीडिंग भी होना चाहिए। इस मौके पर अखण्ड पाण्डेय, प्रदीप मिश्रा, अजीत कौशल, अजय सिंह निर्मल, प्रदीप, अजीत सिंह यशवंत रावत, प्रदीप रावत, तारकेश्वर, अमरेंद्र सिंह प्रधान जिगनाही, देवी प्रसाद गोस्वामी, ऋतुराज पाण्डेय, पंकज सिंह, रामकृष्ण मौर्य, नकछेद मौर्य, आदर्श श्रीवास्तव आदि प्रधान गण मौजूद रहे।

# समागम समारोह के माध्यम से कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कियासमागम समारोह के माध्यम से कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया

● दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने आज साथी समागम समारोह के माध्यम से कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। शहर के एक होटल में आयोजित साथी समागम समारोह में आज बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद उदय प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर उन्हें नए साल की बधाई दी और आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अभी से तैयार हो जाने का आह्वान भी किया। श्री सिंह ने इस कार्यक्रम में सपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर लोगों को समाजवादी पार्टी की नीतियों और रीतियों से अवगत कराना होगा, इससे समाज का हर वर्ग समाजवादी पार्टी के साथ जुड़ सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकारें न सिर्फ समाज में जहर घोल रही हैं बल्कि लोगों के विकास को भी इन दोनों सरकारों ने रोक रखा है। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि समाजवादी पार्टी की जब प्रदेश में सरकार थी तो समाज के हर वर्ग में खुशहाली थी और हर वर्ग आगे बढ़ रहा था लेकिन भारतीय जनता पार्टी के केंद्र और प्रदेश सरकारों ने समाज के हर वर्ग को प्रताड़ित कर रखा है । उन्होंने कहा कि महंगाई चरम पर है और नौजवानों को काम नहीं मिल रहा है, किसान परेशान है तो महिलाओं के लिए भी ऐसी कोई योजना नहीं लाई जा रही है जिससे वे समाज में बराबरी का दर्जा पा सके श्री पांडे ने कहा कि विधानसभा चुनाव की तैयारी में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं क्योंकि 2027 के विधानसभा चुनाव में इस बार समाजवादी पार्टी की सरकार बनना तय है कार्यक्रम महानगर कमेटी और अयोध्या विधानसभा का संयुक्त रूप से रहा है कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव व संचालन महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया स्वागत के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी पूर्व एमएससी लीलावती कुशवाहा रही।

जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि नए वर्ष पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सदस्य उदय प्रताप सिंह पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने भविष्य की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाएं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सदस्य उदय प्रताप सिंह एवं पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कार्यकर्ताओं के साथ भोजन कर उन्हें उपहार भी दिया।




इस अवसर पर अयोध्या विधानसभा महासचिव गोपीनाथ वर्मा, महानगर उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, हलीम पप्पू जगन्नाथ यादव, शहबाज लकी, अपर्णा जयसवाल, शावेज़ जाफरी,औरौनी पासवान, विद्या भूषण पासी, विशाल पाल, औरंगजेब पार्षद,राम भवन यादव, राम अंजोर यादव, ऋतुराज सिंह,अनिल यादव, बाबूराम गौड़, बलराम मौर्या, निशा खान, फहमीदा, सुरेंद्र यादव, तरजीत गौड़, ऊदल यादव, जगदीश यादव, जगत नारायण यादव, कृष्ण गोपाल यादव,अमृत राजपाल, राशिद सलीम, अखिलेश तिवारी डब्बू, स्वामी नाथ वर्मा पूर्व प्रमुख, शिवांशु तिवारी,अभय द्विवेदी, प्रदीप यादव,फरीद कुरैशी, मो.सुहैल, इमरान खान, अजय यादव, अर्जुन यादव सोमू पार्षद, रवि यादव, इरशाद अहमद पार्षद, नूर बाबू, अक्षत श्रीवास्तव, प्रवीण राठौर, वीरेंद्र गौतम, मिर्जा सनी, अहमद जमीर सैफी, सीमा यादव, कमलेश सोलंकी, विजय कुमार यादव, राकेश कुमार, मनदीप सिंह, शिवदयाल, कृष्ण प्रताप सिंह, योगेंद्र प्रताप यादव योगी।

# अयोध्या आइडल का ग्रैंड फिनाले हुआ संपन्नः प्रतिभा का जश्न, विजेताओं को मिले पुरस्कार

स्वतंत्र प्रभात

**अयोध्या-** अयोध्या महोत्सव के अंतर्गत आयोजित अयोध्या आइडल के ग्रैंड फिनाले में उत्तराखंड के सेलिब्रिटी जज दीपक शाही ए के नेपो इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 4 फाइनलिस्ट और श्यामजीत ने जज की भूमिका निभाई। गायन जूनियर वर्ग में वासुश्री मिश्रा प्रथम, अस्मिता शुक्ला द्वितीय और अनीशा लाल वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। गायन सीनियर वर्ग में नंदिनी कसौधन प्रथम, शुभम मिश्रा द्वितीय और तृप्ति राय तृतीय स्थान पर रहीं। डांस जूनियर वर्ग में आकर्षिता पांडे प्रथम, विराट राना द्वितीय और विद्या राना तृतीय स्थान पर रहीं। डांस सीनियर वर्ग में अवनी शुक्ला प्रथम, वी गोल्डन पॉप द्वितीय और आयुष हिप हॉप तृतीय स्थान पर रहीं। डांस डुएट और ट्रायो वर्ग में एड्डी क्रू प्रथम, मोटू पतलू द्वितीय और विराट कुशाग्र डुओ तृतीय स्थान पर रहीं। ग्रुप डांस में स्वैग डांस अकादमी प्रथम, नटराज ग्रुप द्वितीय और




पॉपिंग गर्ल्स एड्डी क्रू तृतीय स्थान पर रहीं। न्यास अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव ने कहा, "अयोध्या आइडल का ग्रैंड फिनाले एक भव्य आयोजन था। हमारे जजों ने अपनी विशेषज्ञता के साथ प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। हमारे विजेताओं को हृदय से बधाई। यह आयोजन अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।"


अयोध्या आइडल की संयोजक नाहिद कैफ ने कहा, "हमें अयोध्या आइडल के ग्रांड फिनाले की सफलता पर गर्व है। यह आयोजन अयोध्या की प्रतिभाशाली युवाओं को एक मंच प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया था। हमारे जजों और प्रतिभागियों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के साथ इस आयोजन को सफल बनाया। हम अपने विजेताओं को हृदय से बधाई देते हैं और उन्हें उनके भविष्य के प्रयासों में शुभकामनाएं देते हैं।" कार्यक्रम का संयोजन नाहिद कैफ ने किया और संचालन आजाद सदक ने किया। कार्यक्रम में प्रबंधक आकाश अग्रवाल, महासचिव संगठन अरुण द्विवेदी, महासचिव ऋचा उपाध्याय, जनार्दन पांडे उर्फ बब्लू, निकिता,शिप्रा श्रीवास्तव, अनिकेत और तनु पांडे उपस्थित रहे।

# अलाव की लकड़ी की आंच में 'खेल'

● अलाव की लकड़ियों से उठ रहा घपले का धुआं

स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकरनगर।** पहाड़ों पर हुई बारिश और बर्फबारी का असर उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों, खासकर अंबेडकर नगर में भी दिखाई देने लगा है। पिछले तीन दिनों से मौसम में आए बदलाव के कारण शहर में ठंड तेजी से बढ़ी है। मौसम विभाग के अनुसार, अम्बेडकर नगर में लगातार बादल छाए रहने के कारण हवा में ठंडक बढ़ गई है। सुबह और शाम के समय तापमान में गिरावट आ रही है। ऐसे में लोग घरों से बाहर निकलने से बचने लगे हैं और शाम होते ही शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगता है। लोग ज्यादातर घरों में रहना ही पसंद कर रहे हैं। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में शुष्क मौसम की संभावना जताई है, साथ ही तापमान में और गिरावट आने की आशंका जताई है। रात के समय कोहरे का भी असर देखने को मिलेगा, जिससे सर्दी और बढ़ सकती है।सर्दी के मौसम में अलाव ही गरीबों का सहारा है, मगर गरीबों के लिए जलने वाले इस अलाव की लकड़ी में बड़ा %खेल% होने की आशंका पनपने लगी है। नगर पालिका के कर्मचारी हर वार्ड में लगभग 5 से 6 कुंतल लकड़ी उतरवा रहे हैं,एक निवासी ने मीडिया से बातचीत में नाम न छापने की शर्त पर बताया कि तीन दिन से बहुत ज्यादा सर्दी पड़ रही है। हम लोग लकड़ी लेकर आते हैं, लेकिन गीली होने की वजह से लकड़ी जल नहीं पाती है।नगर पालिका रोजाना अलाव के चिन्हित स्थान के हिसाब से पर्याप्त लकड़ी खरीद रहा है, लेकिन कई वार्ड मेंबर का आरोप है कि उनके इलाकों में लकड़ी गिराने वाली गाड़ी आ ही नहीं रही। जहां गाड़ी आ भी रही है, वहां कम लकड़ी गिराई जा रही है। जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ठंड के मद्देनजर सभी नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव जलाने के निर्देश दिए थे। वार्ड के लोगों का आरोप है कि कर्मचारी अपने निजी फायदे के लिए नगर पालिका की लकड़ी का दुरुपयोग कर रहे हैं। इनके द्वारा अपने चहेतो के यहां मुंह मांगी लकड़ी उपलब्ध करवाई




जाती है। नगर पालिका के एक कर्मचारी के मुताबिक, कई जगह रसूखदार और वीआईपी ज्यादा लकड़ियां गिरवा लेते है। इससे बाकी वार्डों के लिए पर्याप्त लकड़ी नहीं बचती। इसके अलावा कई अफसर अपने आवास पर भी लकड़ियां गिरवा रहे हैं।जिससे इनके अपने लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए ऐसा आम जनमानस में चर्चा का विषय बना हुआ है। यह मामला नगर में चर्चा का विषय बन गया है।नगरवासियों का कहना है कि ठंड के मौसम में नगर पालिका की ओर से अलाव के लिए नाम मात्र की व्यवस्था की गई, जिससे लोग शीतलहर से बचने के लिए परेशान हैं। नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं और स्थानीय लोग यह चाहते हैं कि इस मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए।

# संक्षिप्त ख़बरें

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**कछौना, हरदोई।** नेहरू युवा केंद्र हरदोई के तत्वावधान में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन गौसगंज मिनी स्टेडियम में किया गया।महिलाओं की कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बालामऊ ने प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान तेरवा ददीगावां ने प्राप्त किया। वालीबाल में गौरी खालसा ने प्रथम स्थान व गौसगंज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही दौड़ प्रतियोगिता में अली मुर्तजा ने प्रथम स्थान, जयश कुमार ने द्वितीय स्थान एवं सौरभ कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुश्ती में शाहनवाज मंसूरी प्रथम,आयुष द्वितीय एवं यासिर तृतीय रहे । बैडमिंटन में अनुष्का ने प्रथम, आरती देवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्लो साइकिलिंग रेस की प्रतियोगिता में अनुष्का पटेल ने प्रथम स्थान, शिवांगी सिंह ने द्वितीय स्थान, यासूब ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।सभी विजेता व उपविजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि आशीष पटेल, समाजसेवी द्वारा सर्टिफिकेट, मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। रेफरी के रूप में शेर सिंह कनौजिया व हर्षित सिंह ने सभी खेल संपन्न कराया। पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मृदुल अवस्थी द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर आभार व्यक्त किया गया।

## पुल टूट जाने से ग्रामीणों का निकलना हुआ मुश्किल



**टोडरपुर/हरदोई** विकासखंड टोडरपुर क्षेत्र के अंतर्गत कोठिला से सरैया जाने वाला मार्ग जर्जर हालत में तब्दील हो गया है जिस का बीच रास्ते में पुल टूट जाने से रास्ता बाधित हो गया है ग्रामीणों का कहना है कि लगभग 2 वर्ष से हम इस मुसीबत का सामना झेल रहे हैं यह रास्ते का मुख्य मार्ग है सरैया गांव के लिए आने - जाने का कोई रास्ता नहीं है कोठिला से सरैया जाने वाला रास्ता लगभग 2 किलोमीटर है इस रास्ते में बड़े गड्ढे होने के कारण होते रहते है हादसे इन गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीर नहीं लगा पाते अंदाजा हो जाता है हादसा बरसात के मौसम में पैदल तक निकालना हो जाता है मुश्किल जबकि सभी छोटे बड़े वाहनों तथा सवारी गाड़ियों का आवागमन दूर दराज से चक्कर लगाकर आना पड़ता है रोड खराब होने के कारण ग्रामीण कई मुसीबतों का सामना झेल रहे हैं आए दिन छोटी मोटी घटनाएं होती रहती हैं कई बार इस विषय पर आवाज़ उठाई गई लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है।

## अपराध में लिप्त पाए जाने पर होगी सख्त कार्यवाही-ब्रजेश मिश्रा

### हिस्ट्री शीटरों की कोतवाली में हुई परेड



**शाहाबाद/हरदोई** अपराध की रोकथाम और अपराधियों पर नजर रखने के लिए जनपद के पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के निर्देश पर रविवार को कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक द्वारा हिस्ट्री शीटर अपराधियों की परेड करवा कर अपराध से दूर रहने के लिए कड़े निर्देश दिए गए। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश मिश्रा ने अपराधियों से कहा खुद अपराध से दूरी बनाए और अपने परिजनों रिश्तेदारों को भी अपराध न करने के लिए हिदायत दें।अपने थाना क्षेत्र में ही नहीं अन्यत्र थाना क्षेत्रों में भी उपस्थित लोगों द्वारा अपराध कारित न किया जाए।अपराध न करने वालों का पुलिस हमेशा साथ देती है।इसलिए शांति व्यवस्था को बनाए रखते हुए निरपराध जीवन यापन करें।किसी भी हिस्ट्री शीटर अपराधी को अगर अपराध में शामिल पाया गया।तो पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी।इस दौरान कोतवाली क्षेत्र के 128 में 39 हिस्ट्री शीटर अपराधियों ने हाजिरी लगाकर अपराध से दूर रहने की शपथ ली।

# कड़ाके की ठंड से आवागमन से लेकर व्यापारियों,किसानों, पशुपालकों, मजदूरों पर भी पढ़ रहा असर

**● - रविवार को सुबह से छाया रहा कुहासा, लोगों ने लिया अलाव का सहारा।**



**स्वतंत्र प्रभात**

**बेनीगंज/हरदोई-** बढ़ती ठंड के कारण लोगों को घरों से निकलना दुश्वार हो गया है। लोग पछुआ हवा के कारण हाड़ कांप रहे है। लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए लोगों को सोचना पड़ रहा है। लोगों को कनकनी एवं हवा के कारण ऊनी कपड़े पहनने से भी राहत नहीं मिल पा रही है। रविवार की सुबह से ही कुहासे से घिरा रहा जिसके कारण लोगों का आवागमन भी कम दिखाई दे रहा था। ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे लोग। ठंड का प्रकोप इतना बढ़ गया है कि लोगों को घर से निकलना दुश्बार हो गया है। गांव के गली-नुक्कड़ पर खुद का इंतजाम से अलाव जलाकर लोग ठंड से राहत पा रहे हैं। वहीं कामगर मजदूर लोगों को रोजगार के लिए ठंड में घर से मजबूरन निकलना पड़ रहा है। दिनचर्या में ठंड से काम-काज भी काफी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण हलकों में किसानों के लिए मुश्किल भरा दिन निकल रहा है। कृषि कार्य कड़ाके की ठंड से ज्यादा प्रभावित हो रही है। किसनो की माने चना, मटर व गेहूं के लिए लाभदायक है। मौसम बढ़ती ठंड व कुहासे से रबी फसल के चना मसूर एवं गेहूं के फसल के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। वहीं रबी फसल के सरसों आलू, धनिया के लिए हानिकारक साबित होगा। पशुपालकों के ऊपर भी बढ़ती ठंड से मुसीबत का पहाड़ टूट रहा है। कई पशुपालकों का कहना है कि पशुपालन पर आश्रित रह कर जीविका चलाने वाले परिवारों के लिए ठंड की मार से स्थिति बेहाल है। वही दुकानों पर सन्नाटा पसरा है व्यापारियों का कहना है कि अधिक ठंड के कारण लोग घर से नहीं निकल रहे हैं जिसकी वजह से दुकानों पर सन्नाटा पसरा है। मौसम के अनुसार रविवार को न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तक रहा।

## जाति धर्म के भेदभाव के बगैर काम कर रही सरकार- विधायक प्रभाष कुमार

**स्वतंत्र प्रभात**



**हरदोई** सुरसा विकास खंड के छोलीबरिया मजरा सिंघुआमऊ में विधायक प्रभाष कुमार कंबल वितरण कार्यक्रम में पहुंचे।जहां पर उनके द्वारा ग्राम पंचायत के सैकड़ों जरूरत मंद लोगों को कंबल वितरण करते हुए। प्रदेश सरकार की नीतियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम के आयोजक रहे छोलीबरिया पूर्व प्रधान प्रतिनिधि लल्लन सिंह ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया। लल्लन सिंह ने बताया की ग्राम पंचायत के सिंघुआमऊ चमरहिया छोलीबरिया के करीब चार सौ जरूरत मंद लोगों को कंबल वितरण किए गए। इस दौरान दौरान लोगों को संबोधित करते हुए विधायक प्रभाष कुमार ने कहा की प्रदेश व केंद्र की भाजपा सरकार की कथनी व करनी में कोई अंतर नहीं है।सरकार का उद्देश्य है की समाज के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंचे। जाति धर्म के पक्षपात के बगैर सरकार सभी के लिए कार्य कर रही है।सबका साथ सबका विकास सरकार की प्राथमिकता में है।इस समय ठंड का प्रकोप है।ऐसे में जरुरत मंद लोगों को कंबल वितरण किए गए हैं।मंडल अध्यक्ष शिवाजी सिंह निवर्तमान अध्यक्ष अर्जुन सिंह व भिरिया खजुरहरा संजय सिंह आदि ने लोगों को संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन ने सत्यपाल सिंह ने किया इस मौके पर खजरहरा प्रधान प्रतिनिधि उदय प्रताप पाल अवधेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## सर्राफा की दुकान का चैनल व शटर तोड़कर लगभग 50 लाख की चोरी

**स्वतंत्र प्रभात**




**कछौना, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत कस्बा कछौना में बीती रात अज्ञात चोरों ने विशाल ज्वेलर्स का शटर को तोड़कर दो लाख रुपए की नकदी सहित लाखों रुपए के ज्वेलर्स की चोरी की घटना को अंजाम दिया। सर्राफा व्यवसायी की लिखित शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने बताया चोरी की घटना का स्थलीय जांच की गई। चोरी की घटना का खुलासा के लिए टीम गठित की गई। इस घटना की वारदात से व्यापारियों में असुरक्षा की भावना है, काफी संख्या में व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखें। कछौना कस्बा के स्टेशन मार्ग पर नहर कोठी के सामने सर्राफा व्यवसायी रामशंकर गुप्ता की विशाल ज्वेलर्स का प्रतिष्ठान स्थित है। यह नगर की प्रमुख ज्वेलर्स की दुकान है। जिसमें शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने दुकान का चैनल व शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा को क्षतिग्रस्त किया दिया, डीवीआर डिवाइस को अपने साथ ले-जाकर दूर खेतों में फेंक दिया।

चोरों ने दुकान में राखी 40 किलो चांदी के जेवरात आभूषण व 150 ग्राम सोने के आभूषण व डेढ़ लाख रुपए की नकदी सहित कुल 50 लाख रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जेवरात के खाली पैकेट को पीछे स्थित ईंट भट्ठा में फेंक गए। इस घटना में पुलिस प्रशासन की उदासीनता नजर आई, जबकि कुशीनाथ मंदिर के पास पुलिस पिकेट रहती है। इस घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी व क्षेत्राधिकारी बघौली व प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार व फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया, सभी बिंदुओं का बारीकी से निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने बताया सर्राफा व्यवसायी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। चोरी के खुलासा के लिए टीम गठित की गई है। इस घटना से व्यापारियों में असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है। इस घटना को लेकर काफी व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखें।

## मुंडेर गांव में चौपाल लगाकर थाना प्रभारी ने सुनी जनसमस्याएं

**स्वतंत्र प्रभात**



**पाली/हरदोई** प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय ने रविवार को मुंडेर गांव पहुंचकर चौपाल लगाकर बारी-बारी से लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि छोटी-छोटी बातों पर लड़ाई नहीं लड़नी चाहिए। अगर कोई भी विवाद उत्पन्न होता है तो गांव के चार जिम्मेदार लोगों को बैठाकर अपनी समस्याएं सुलझा ले। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का प्रयास करें, जिससे बच्चे पढ़ लिखकर गांव, जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि गांव को स्वच्छ रखें। साथ ही थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार राय ने ग्रामीणों को रामायण की चौपाई सुनाते हुए कहा कि उचित सोचें और उचित करें। जहां सुमति तंह संपत्ति नाना। जहां कुमति तंह विपत्ति निधाना।

थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार राय ने बताया कोई भी महिला या पुरुष थाने में झूठी सूचना देगा उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी कई थाना प्रभारी ने कहा कि सरकार द्वारा जो महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही है उसी का फायदा उठाकर महिलाएं थाने पर झूठी सूचनाएं देती है कई बार महिलाएं झूठी सूचनाएं दे चुकी है थाने पर जांच करने पर पता चला कि महिलाओं के द्वारा कई बार गलत तरीके सूचनाएं दी जाती है लेकिन अब ऐसा नहीं होने बाला है गलत सूचना देने वाले के ऊपर कार्यवाही होगी थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार राय ने बताया कि गांव में सब मिलकर रहे एक दूसरे का साथ दे बच्चों से भी थाना प्रभारी ने बात की पढ़ाई के बारे में बच्चों से जानकारी ली। थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार राय से प्रेरित होकर तारीफ की गांव वालों ने गांव में स्वच्छता अभियान चला कर सफाई की। उल्लेखनीय है कि नवागत इंस्पेक्टर ने चार्ज लेते ही स्वयं हाथ में फावड़ा लेकर पाली थाना परिसर में सफाई शुरू कर दी थी। मीटिंग खतम होने के बाद मुंडेर गांव में पैदल मार्च भी किया इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि पंकज शुक्ला, रामप्रताप सिंह कोटेदार, देवनारायण शुक्ला,जितेंद्र कुशवाहा, हरिहर शरण शुक्ला, दिवारी लाल मिश्रा, रामकिशोर शुक्ला, रामबिहारी शुक्ला, ओंकार मिश्रा, शंकरदियाल शुक्ला के साथ भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह की 93वी जयंती पर पुष्प अर्पित करते जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन

**स्वतंत्र प्रभात**

**हरदोई** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पद्मविभूषण स्व0 कल्याण सिंह ÷बाबू जी÷ की 93वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष एवं पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर बाबू जी के व्यक्तित्व एवं जीवन से जुड़े उनके संस्मरणों को याद कर श्रद्धांजलि दी। भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कल्याण सिंह के संघर्ष का परिणाम था, जो अयोध्या में राम मन्दिर का भारतवासियों का सपना पूरा हुआ। उन्होंने कहा बाबूजी के मुख्यमंत्री रहते हुए उत्तर प्रदेश में गुड गवर्नेंस को लेकर ऐसे सख्त निर्णय हुए कि कानून व्यवस्था से लेकर शिक्षा व्यवस्था का कायाकल्प हो गया। जनता के मन में उनकी ईमानदार और दृढ़ इच्छाशक्ति के नेता के रूप में पहचान बनी। उन्होंने कभी भी तुष्टीकरण की राजनीति नहीं करी और जब ऐसा मौका आया तो सत्ता कुर्बान करना मंजूर किया पर उसूलों से समझौता नहीं किया। राममंदिर निर्माण का स्वर्णिम अध्याय कल्याण सिंह का नाम लिए बिना कभी पूरा नहीं होगा।

वहीं जिला महामंत्री अनुराग मिश्र ने कहा कि स्व0कल्याण सिंह राममंदिर आंदोलन के सबसे बड़े चेहरे थे। उन्होंने कहा था कि वंचितों की साझीदारी बिना विकास संभव नहीं और 21वीं सदी हिंदुत्व की होगी और आज वह साकार हो रही है। उन्होंने यह भी कहा था कि राम मंदिर को हम किसी जाति, धर्म या राजनीति का नहीं मानते और न ही यह वोट बैंक का प्रश्न है। राम मंदिर राष्ट्रीय अस्मिता का प्रश्न है। जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक ने कहा कि निष्ठावान स्वयंसेवक, आदर्श कार्यकर्ता, कर्मठ नेता, समर्पित संगठनकर्ता, आदर्श मुख्यमंत्री और राज्यपाल के रूप में कल्याण सिंह ने जो



सोचा, वह कहा और उसे कर दिखाया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री, संजय सिंह, प्रीतेश दीक्षित, जिला महामंत्री अनुराग मिश्र, ओम वर्मा, सत्येंद्र राजपूत, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. गुप्ता, जिला मंत्री अविनाश पांडेय, नीतू चंद्रा, कार्यालय मंत्री अतुल सिंह, जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक, प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी, आजाद भदौरिया, सह मीडिया प्रभारी परेश लोहिया, नगर अध्यक्ष मुदित बाजपेई, पूर्व नगर अध्यक्ष अजीत उपाध्याय, मुकुल सिंह आशा, सुहाना जैन, निधि सिंह, सुमित त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# नगर निगम के कुबेर में जमा हुआ 21.92 लाख रुपये हाउस टैक्स

**स्वतंत्र प्रभात**




**लखनऊ, 5 जनवरी-** लखनऊ नगर निगम द्वारा रविवार को राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में गृहकर वसूली के लिए कैम्प का आयोजन किया गया। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस विशेष अभियान के तहत, जोन तीन में नगर निगम ने अकेले 21 लाख 92 हजार रुपये की वसूली की। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि नगर आयुक्त व लखनऊ जनकल्याण महासमिति के उपाध्यक्ष विवेक शर्मा के बीच हुई वार्ता के बाद सृष्टि अपार्टमेंट में एक विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में सृष्टि अपार्टमेंट के निवासियों ने अपने फ्लैटों का कर निर्धारण कराकर करीब 5 लाख रुपये नगर निगम के कोष में जमा कराए।इसके अलावा, जानकीपुरम विस्तार क्षेत्र में संयुक्त संघर्ष महासमिति द्वारा 138 भवनों और फ्लैटों से लगभग 15 लाख रुपये भवन कर के रूप में जमा किए गए। जोन तीन के जोनल अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत जोन तीन में तीन स्थानों पर कैम्प का आयोजन किया गया, जहां नागरिकों ने कुल 22 लाख रुपये भवन कर के रूप में नगर निगम के राजस्व में योगदान किया। इस अभियान से नगर निगम को वित्तीय स्थिति को मजबूती मिली है और नागरिकों की ओर से दी गई सकारात्मक प्रतिक्रिया से कर वसूली प्रक्रिया में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

# संगठन के द्वारा गरीबो को बांटे गए कंबल

**स्वतंत्र प्रभात**

**मिश्रिख (सीतापुर)** संत विनोबा भावे चंबल घाटी जनकल्याण संस्थान मिशन के तत्वाधान में कस्बा मिश्रिख के राष्ट्रीय कार्यालय परसौली चौराहा के परिसर मे आज दिनांक 5 जनवरी रविवार को बनगढ आश्रम के महंत संतोष दास खाकी व चौरासी कोसीय परिक्रमा पथ के संचालक बजरंगी विमल मिश्रा के तत्वाधान में आज संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र व्दारा गरीब असहांय , दिब्यांग लोगों को कम्बल देकर इस गलन भरी ठंड से राहत दिलाने का कार्य किया गया है। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनगढ आश्रम के और चौरासी कोसीय परिक्रमा मिश्रित नैमिषारण्य के महासचिव महंत संतोष दास खाकी एवं राष्ट्रीय महामंत्री खडदर्श विश्व अखाड़ा परिषद भारत ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित दिब्यांग, गरीब, असहांय सहित सभी को अपने आशीर्वचनों से अलंकृत कर अपने कर कमलों द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा व्दारा संकल्पित शुभ कार्य का संपादन संस्था के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय सुरेंद्र मिश्रा , राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट आशुतोष शुक्ला, संजय शुक्ला जिला सचिव, राष्ट्रीय जिला सचिव हरिहर मिश्र , संत राम सहारे दास, मंडल अध्यक्ष अंकुर त्रिपाठी,




प्रबंधक राहुल मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अवधेश शुक्ला उपाध्यक्ष, अरुण सिंह हरदोई जिला अध्यक्ष, राकेश मिश्रा जिला अध्यक्ष सीतापुर, प्रदेश अध्यक्ष साकेत बिहारी मिश्रा, संगठन के सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। पांच सैकड़ा तक गरीबों को कम्बल वितरण किया गया।

## शीत लहर के चलते सांसद द्वारा गरीब निर्धन बेसहारा लोगों को कंबल वितरण किए गए

**● - 200 जरूरतमंदों, बेसहारा, गरीब, निर्धनों को सांसद जयप्रकाश के द्वारा कंबल बांटे गए कम्बल**

**स्वतंत्र प्रभात**

**हरदोई** पिहानी नगर पालिका परिषद पिहानी में सांसद जयप्रकाश रावत, ब्लॉक प्रमुख कुशी बाजपेई, नगर पालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि शैफ खान,अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह ने गरीब, निर्धन, बेसहारा लोगों को कम्बल वितरित किया। कम्बल वितरण आयोजन में पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष आदर्श सिंह, अरुण गुप्ता, रामदास कटियार, विमलेश तिवारी, नीरज सिंह समेत कई लोगों ने सांसद से पिहानी को तहसील, रोडवेजबस स्टैंड बनाने की जोर शोर से की। सांसद जयप्रकाश रावत ने मांगो को गंभीरता से लेतेहुए शीघ्र ही तहसील, रोडवेज बस स्टैंड व पार्क बनवाने की आश्वासन दिया है। कम्बल वितरण में सांसद जयप्रकाश रावत ने कहा किने कहा कि किसी भी सभ्य समाज में अंतिम पायदान के व्यक्ति तक सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास होना चाहिए। सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से प्रयत्नशील है। सरकार का यह संकल्प है कि भीषण शीतलहर में कोई भी व्यक्ति खुले में सोने और ठंड से ठिठुरने को मजबूर न हो। इसके लिए आश्रय गृहों की व्यवस्था, कंबल वितरण सहित सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

कहा कि भीषण शीतलहर में आश्रयविहीन को आश्रय मिल जाए, यह सबसे बड़ा पुण्य है। ब्लॉक प्रमुख कुशी वाजपेई ने कहा कि प्रदेशभर में जरूरतमंद लोगों को भीषण ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरण पुण्य का काम है।इसमें धर्मार्थ संस्थाएं भी आगे आई हैं। यह सबकी जिम्मेदारी होती है कि हम हर जरूरतमंद व्यक्ति की विपत्ति में उसके साथ खड़े रहें। कुशी बाजपेई कहा कि कुछ दिनों तक शीतलहर का यह दौर जारी रह सकता है। ऐसे में हमें स्वस्थ जीवन के लिए सबको सावधानी और बचाव के उपायों के प्रति लोगों को प्रेरित करने की जरूरत है। कार्यक्रम में प्रदीप अवस्थी, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह, मनोज रस्तोगी, कैफी, सभासद चांद मियां, सभासद सानू सिंह सहित क्षेत्र के तमाम प्रधान व वार्डो के सभासद मौजूद रहे।

खुले में कोई न सोए, इसे नागरिक भी देखें-अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि शासन-प्रशासन ने आश्रय




गृह की व्यवस्था दी है। खुले में आसमान के नीचे, सड़क के किनारे फुटपाथ पर कोई खुले में न सोए, यह देखना जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की भी जिम्मेदारी है। यदि कोई बाहर से आया आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति, मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति या शहर में काम की तलाश में आए कामगार-मजदूर, रिक्शा वाले खुले में सोते मिले तो पूरी संवेदना से उसे आश्रय गृह पहुंचाने की पहल होनी चाहिये।

## खलिहान की जमीन पर खड़े यूकेलिप्टस पेड़ों को दबंग काट कर कर रहे

**● - हजम,राजस्व को लग रहा लाखों का चूना**

**स्वतंत्र प्रभात**

**अहिरोरी/हरदोई** कोतवाली क्षेत्र बेनीगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत बक्सापुर के मजरा जात गिरधारी पुरवा में प्राथमिक विद्यालय के समीप गाटा संख्या 206 पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ों को दबंगों ने दिनदहाड़े काटकर हजम कर रहे हैं। गिरधारी पुरवा निवासी विमलेश कुमार पाल पुत्र रामसेवक पाल ने फोन माध्यम से अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, राजस्व निरीक्षक व क्षेत्रीय लेखपाल एवं 112 पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उक्त जमीन खलिहान की है। जिसका गाटा संख्या 206 है, जिस पर गांव के ही दबंगों ने गांव के ही दबंग लोगों के साथ लाखों का सौदाकर यूकेलिप्टस के पेड़ों को काटा जा रहा है। जब कि ग्राम प्रधान भी चुप्पी साधे हुए हैं।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल विनय वाजपेई ने मामले को चलता कर दिया। इस संबंध में जब उनसे फ़ोन के माध्यम से बातचीत की गई तो उन्होंने उक्त खलिहान के गाटा संख्या के समीप काश्तकार की जमीन को बताते हुए सही बताया और उक्त गाटा की मेढ से सटे पेड़ों को काटने से मना कर दिया गया है।वही मौके पर पहुंची पीआरबी 112 एवं स्थानीय



पुलिस ने राजस्व के मामले को कहते हुए चलता कर दिया। शिकायतकर्ता का कहना है कि उक्त यूकेलिप्टस के पेड़ राजस्व के हैं, जो की दबंग की चपेट से राजस्व में जमा कर दिया जाए। जिससे कि लाखों का चूना लगने से बचाया जा सके।

## डिवाइडर से बाइक टकराने में दो की मौत एक घायल

**स्वतंत्र प्रभात**

**शाहाबाद/हरदोई** कस्बे के एलआईसी ऑफिस और कोतवाली के बीच रविवार की सुबह 3:00 बजे एक तेज रफ्तार बाइक के कोहरे के कारण डिवाइडर से टकराने से मामी और भांजे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मामा को घायल अवस्था में सीएचसी लाया गया जो खतरे से बाहर है। जनपद उन्नाव के आवास विकास कालोनी का रहने वाला सुमित 30 वर्ष अपनी पत्नी संगीता कुमारी 26 वर्ष के साथ रामपुर में अपने भांजे विराट के जन्मदिन में शामिल होने गया था। सुमित के अनुसार जन्मदिन पार्टी के दौरान आपस में कुछ बातचीत हो गई जिससे नाराज होकर वह बाइक से अपनी पत्नी संगीता कुमारी और दूसरे भांजे लकी 19 वर्ष पुत्र राकेश दरियाई खेड़ा उन्नाव के साथ बाइक से अपने घर के लिए निकल लिया। रविवार की सुबह तकरीबन 3:00 बजे वह जैसे ही एलआईसी और कोतवाली के बीच में पहुंचा। तभी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे उसके भांजे लकी और पत्नी संगीता कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने 108 एंबुलेंस से सभी को सीएचसी भिजवाया।जहां डॉक्टरों ने लकी और संगीता को मृत घोषित कर दिया। सुमित



के मामूली चोटें आई। सूचना पाकर उन्नाव से सुमित के परिजन भी आ गए हैं। अस्पताल की पीआई सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# अधेड़ महिला लापता आरोपी पर रिपोर्ट

**स्वतंत्र प्रभात**

**हरदोई** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम हुठेला मजरा दानियलगंज निवासी अधेड़ महिला हरदोई कस्बे के सिनेमा चौराहा के निकट से लापता हो गई।महिला के पुत्र की लिखित सूचना पर कोतवाली शहर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।अमर पाल पुत्र रामनरेश के अनुसार उसकी 58 वर्षीय माता रामरानी का मानसिक संतुलन कुछ ठीक नहीं है।वह अक्सर हरदोई कस्बे के सिनेमा चौराहा के निकट शांति मंदिर चली जाया करती थी। बीस दिन पूर्व भी वह घर से चली गई लेकिन तब से वह वापस नहीं लौट कर आई हैं।उसने अपनी माता को काफी ढूंढा तो पता चला हरियांवा निवासी रामासरे पुत्र कैलाश उसकी माता को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है।कोतवाली शहर पुलिस ने लिखित सूचना के आधार पर




आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## शुक्ल बाजार पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**"नशा मुक्त अमेठी अभियान÷ के अन्तर्गत थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा कुल 20 ग्राम स्मैक के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार"**




**शुकुल बाजार अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व "नशा मुक्त अमेठी अभियान" के तहत उपनिरीक्षक विष्णुपाल वर्मा थाना बाजार शुक्ल मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त राकेश कुमार पुत्र स्व0 रामसजीवन निवासी ग्राम बदलू पाण्डेय का पुरवा मजरे ऊंचगांव थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 45 वर्ष को ग्राम ऊंचगांव के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 20 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## गड़दरवा गांव में युवक की गुमशुदगी, संदिग्ध परिस्थितियां

**दुद्धी, सोनभद्र।** मनबसा थाना क्षेत्र के हाथी नाला गांव निवासी दिनेश कुमार 26 दिसंबर से लापता हैं। उनके पिता शिव कुमार ने थाने में दी गई तहरीर में बताया है कि उनका बेटा गड़दरवा गांव में एक लड़की के घर अक्सर जाता था और उन्हें संदेह है कि लड़की के माता-पिता या आसपास के कुछ लड़कों ने उनके बेटे को गायब किया हो।शिव कुमार ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में थानाध्यक्ष को सूचित किया है। बेटे के लापता होने के दस दिन बीत चुके हैं और अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। परिवार वाले लगातार थाने के चक्कर लगा रहे हैं और खुद भी बेटे की तलाश में जुटे हुए हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन से उन्हें कोई खास मदद नहीं मिल रही है।यह मामला स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## ओबरा के भूतेश्वर दरबार में अध्यक्ष पद के लिए चर्चा तेज




**सोनभद्र** जिले के ओबरा स्थित बाबा भूतेश्वर दरबार महारुद्र सेवा समिति के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। छह साल बाद होने जा रहे इस चुनाव को लेकर क्षेत्र में काफी उत्सुकता देखी जा रही है।पिछले 20 वर्षों से इस संस्था में अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का चयन मनोनयन के माध्यम से होता रहा है। लेकिन इस बार फरवरी के अंत में चुनाव कराने की घोषणा की गई है। चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ ही अध्यक्ष पद के दावेदारों की भी चर्चा शुरू हो गई है।संस्था के सदस्यों का कहना है कि जो भी व्यक्ति इस पद पर आता है उसे बाबा भूतेश्वर दरबार की परंपराओं का पालन करना चाहिए। मंदिर की साफ-सफाई, गुफाओं की देखरेख और मंदिर में आने वाले साधु-संतों की सेवा करना इस संस्था का प्रमुख कार्य है।

## चोपन में माँ काली सेवा समिति के अध्यक्ष पद पर एडवोकेट दिनेश पांडेय निर्वाचित

### माँ काली सेवा समिति की बैठक, नई कार्यकारिणी का गठन


जय माँ काली सेवा समिति के बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष बने एड0 दिनेश पाण्डेय, महामंत्री अभिषेक दूबे।

**चोपन, सोनभद्र।** जय माँ काली सेवा समिति की एक बैठक मां काली के प्रांगण में आयोजित की गई। इस बैठक में समिति के पिछले दो वर्षों के कार्यों की समीक्षा के बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से एडवोकेट दिनेश पांडेय को समिति का अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर प्रदीप अग्रवाल, ध्यान सिंह और सत्येंद्र गुड्डू मिश्रा को चुना गया। महामंत्री की जिम्मेदारी अभिषेक दुबे को सौंपी गई। कोषाध्यक्ष संजय जैन और उपकोषाध्यक्ष विवेक तिवारी को भी चुना गया।नए अध्यक्ष दिनेश पांडेय ने कहा कि वह मंदिर के विकास और रखरखाव के लिए पूरी मेहनत करेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की।

# बिना नंबर प्लेट के फर्राटा भर रहे डंपर, जिम्मेदार बने बेपरवाह

**● बिना किसी खौफ के मुख्य चौराहे से प्रतिदिन बिना नंबर के गुजरते है डंफर**

स्वतंत्र प्रभात



**डलमऊ रायबरेली–** महाकुंभ की राह में बिना नंबर प्लेट के सड़कों पर फर्राटा भर रहे डंपर दुर्घटना का सबब बन सकते हैं।इन डंपरों में नंबर प्लेट नहीं है दुर्घटना के बाद चालक डंपर लेकर फरार हो जाते हैं। पुलिस कई घटनाओं के बाद भी इन डंपरों से अनजान बनी हुई है।प्रतिदिन डंपर मुख्य चौराहे से नंबर प्लेट को छुपा कर फर्राटा भर रहे हैं।मिट्टी खनन में लगे हुए यह डंपर प्रशासन को प्रतिदिन ठेंगा दिखा रहे हैं ।डलमऊ तहसील क्षेत्र के विभिन्न सड़कों पर ओवरलोड डंपर प्रतिदिन मिट्टी की ढुलाई करते देखे जा सकते हैं।इन डंपरों से पिछले दिनों कई बड़ी दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है जिससे लोगों को जान भी गंवानी पड़ी है।लेकिन बावजूद इसके इन डंपरों पर लगाम लगाने की कोई जहमत नहीं उठा पा रहा है। 13 जनवरी को महाकुंभ पूर्णिमा का शाही स्नान है डलमऊ ऊंचाहार हाईवे से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकुंभ के लिए जाएंगे लेकिन आए दिन इन डंपरों की वजह से लगने वाले जाम से उन्हें जरूर जूझना पड़ेगा।बेलगाम फर्राटा भर रहे यह डंपर कुंभ स्नानार्थियों के लिए दुर्घटना का सबब भी बन सकते हैं।नगर क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र से प्रतिदिन गुजर रहे सैकड़ो डंपर ग्रामीणों के लिए लगातार मुसीबत बनते जा रहे हैं कई बार इन डंफरों के विरोध में लोगों ने आवाज उठाई लेकिन कार्यवाही नहीं हुई।सड़कों पर फर्राटा भर रहे इन डंपरों की वजह से व्यापारी व आम जनमानस भी पूरी तरह से त्रस्त है।बेलगाम फर्राटा भर रहे इन डंपरों की रफ्तार से सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनके ऊपर किसी का खौफ नहीं है।

# शुकुल बाजार पुलिस द्वारा लगातार अपराध और अपराधियों पर की जा रही कार्यवाही

**● एक वांछित, वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** अपराध और अपराधियों पर अमेठी जनपद की शुक्ल बाजार पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। जब से अमेठी की बागडोर नवागत एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने संभाली तब से पुलिस और भी सक्रिय हो गई है वहीं जिले के समस्त थानों में एसपी के निर्देशों का अनुपालन हो रहा है। चाहे वो महिला सुरक्षा व्यवस्था हो या फिर अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने में हो, वहीं पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के क्रम में शुकुल बाजार पुलिस को लगातार बड़ी कामयाबी हासिल हो रही है। इसी क्रम में बेहद न्यायप्रिय , ईमानदार थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्र शुकुल बाजार के कुशल नेतृत्व में वंचित वारंटी अभियुक्त सुमेरे उर्फ राम सुमेर पुत्र सुकरू उम्र लगभग 49 वर्ष निवासी ग्राम




पुरे दुनिया मजरे पाली को गिरफ्तार करते हुए विधिक कार्रवाई की गई।

# डीएम के निर्देशन में शीत लहर व ठंड से बचाव हेतु अधिकारी भ्रमणशील रहकर करा रहे है व्यवस्थाएं सुनिश्चित

**● अधिकारी भ्रमणशील रहकर की गई व्यवस्थाओं का ले रहे है जायजा**

स्वतंत्र प्रभात

**रायबरेली,** 05 जनवरी 2025 जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में उपजिलाधिकारी लालगंज नवदीप शुक्ला के मार्गदर्शन में शीत लहर व ठंड से बचाव हेतु तहसीलदार लालगंज शंभूशरण पाण्डेय ने तहसील लालगंज स्थित रैन बसेरों (नगर पंचायत लालगंज व गेंगासों) व ग्राम सेमरपहा स्थित अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित को ठण्ड से बचाव के लिए अलाव व रैन बसेरा में साफ-सफाई एवं स्वच्छ बिस्तरों की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। रैन बसेरा में निरीक्षण के दौरान रैन बसेरों में समस्त व्यवस्थाएं सुचारू रखे जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। सेमरपहा अस्थाई गौशाला निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित को गौवंशों को ठण्ड से बचाव के लिए तिरपाल व अधिक स्थानों पर अलाव जलाने हेतु निर्देशित किया गया। शासन द्वारा चिन्हित अलाव प्वाइन्ट का निरीक्षण किया गया, जिसमें बेहटा चौराहा, तहसील परिसर, दोसडका चौराहा, गेंगासों कासिंग व गेंगासों मु0 का निरीक्षण किया गया। मौके पर अलाव जलता हुआ पाया गया। गरीब, असहाय, बीमार व्यक्तियों को कम्बल भी वितरण किया गया।

# ओबरा में पत्रकार मुकेश चंद्राकर को श्रद्धांजलि, छात्रों ने उठाया सुरक्षा का मुद्दा

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र** बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्रकार की निर्मम हत्या के विरोध में ओबरा नगर के सुभाष चौराहे पर छात्र नेता अभिषेक अग्रहरी के नेतृत्व में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।इस दौरान सभी ने दो मिनट का मौन रखकर मुकेश चंद्रकर को श्रद्धांजलि दी।सभा को संबोधित करते हुए छात्र नेता अभिषेक अग्रहरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में एक सच्चे और निष्पक्ष पत्रकार की हत्या होना लोकतंत्र के लिए एक बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि भारत में ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन करने वाले लोगों को कोई सुरक्षा प्रदान नहीं है। यह पहली घटना



नहीं है जब सच्चाई बोलने वालों को जान से खतरा हो। उन्होंने मांग की कि देश में सभी पत्रकारों की सुरक्षा के लिए एक सख्त कानून बनाया जाना चाहिए।अभिषेक अग्रहरी ने कहा कि वर्तमान में भारत 180 देशों की सूची में पत्रकारिता की स्वतंत्रता के मामले में 161वें स्थान पर है। यह स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। अगर इसी तरह ईमानदार पत्रकारों को जान से खतरा रहता रहा तो देश में पत्रकारिता का स्तर और गिर जाएगा।इस अवसर पर पूर्व सभासद अखिलेश अग्रहरी, साहिल कुमार, आनंद कुमार, आकाश जायसवाल और कम्युनिस्ट पार्टी के नगर अध्यक्ष लाल चंद आदि लोग उपस्थित रहे।

# ओबरा में आयुष्मान भारत योजना का सफल क्रियान्वयन, जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र।** तहसील ओबरा में जिलाधिकारी बद्री नाथ सिंह ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के सफल संचालन हेतु लगाए गए कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएचओ निशा सिंह ने बताया कि जिले के ग्रामीण और शहरी गरीब लोगों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिलाने के लिए लगातार कैंप लगाए जा रहे हैं। विशेष रूप से 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।आपको बता दें कि आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2018 को की थी। इस



योजना के तहत लाभार्थियों को सालाना पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलता है। लाभार्थी सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में कैशलेस इलाज करा सकते हैं। इसके अलावा, लोग 14555 पर कॉल करके या आयुष्मान भारत ऐप डाउनलोड करके भी अपनी पात्रता की जांच कर सकते हैं।

जिलाधिकारी ने कैंप का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना गरीब लोगों के लिए एक वरदान है और इसे सफल बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

# भरत जैसे भाई का चरित्र,लक्ष्मण जैसी सेवा और हनुमान जैसी भक्ति अतुलनीय

**● राजतिलक के साथ हुआ राम कथा का विश्राम**

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज,जौनपुर।** क्षेत्र के सवंसा हनुमान मंदिर में श्री राम कथा का समापन राजतिलक के साथ बड़े ही धूमधाम से हुआ कथा के अंतिम दिन काशी की धरती से पधारे कथा व्यास स्वामी नीरजानन्द शास्त्री ने कहा कि मन सुख और दुख के बंधन से मुक्त है और मन को वश में करने वाला व्यक्ति महामानव कहा जाता है।भरत जैसे भाई का चरित्र, लक्ष्मण जैसी सेवा और हनुमान जी जैसी भक्ति अतुलनीय है।यही सभी को अपने चरित्र में उतारना चाहिए।मन और मन को बस में करने वाला मनुष्य महामानव कहा जाता है।मन के वश में रहने वाला मनुष्य आध्यात्मिक मार्ग से भटक जाता है।मन के जीते जीत है।मन के हारे हार।ऐसे में हमें चतुराई से मन को बस में करना पड़ता है। भगवान या भगवान के संत के सहारे अपने बुरे संकल्पों विकल्पों को मिटाकर हम अपने मन को ईश्वर की आराधना में लगाते हैं। जिन्होंने मन को वश में किया वह महामानव कहलाया है।ऐसे में हनुमान जैसी भक्ति और लक्ष्मण जैसी सेवा का अनुपम उदाहरण है।हनुमान जी एक जागृत देव है। उनके जैसा भक्त इस धरती पर आज तक कोई दूसरा नहीं हुआ है।इसी प्रकार अपने मन को संपूर्ण रुप से वश में करके लक्ष्मण जी ने भगवान राम और माता सीता की 14 साल तक नींद से मुक्त होकर ब्रह्मचर्य जीवन के साथ भगवान राम की सेवा किया था।वह अनुपम है।हम सभी को अपने मन को वश में करते हुए स्वास्थ्य एवं सुख दुख की कल्पना से परे होकर स्वयं को समाज के कल्याण और ईश्वर की आराधना में लगाना है।तभी हम महामानव कहे जाएंगे।कथा समापन पर व्यास ने भरत चरित्र अयोध्या कांड



का मार्मिक वर्णन किया।साथ ही राजतिलक के साथ कथा का विश्राम हुआ।इस दौरान आयोजक समिति के भाजपा युवा नेता यादवेंद्र प्रताप लवकुश सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया।साथ ही पुजारी श्याम शंकर उपाध्याय सूरज सिंह द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया।इस मौके पर थानाध्यक्ष महराजगंज ओम प्रकाश पाण्डेय, रामप्रताप सिंह, सुनील गुप्ता, हेमंत गुप्ता, संजय तिवारी, अधीक्षक डॉ राजेन्द्र प्रसाद, सूरज सिंह, मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, अतुल तिवारी, चंद्रभूषण सिंह चंदू जौनपुर, ओमकार सिंह, लाल जी उपाध्याय, सीपी सिंह सहित श्रद्धालु रहे।

# आधा दर्जन माइनरों की सिल्ट सफाई के नाम पर खानापूर्ति

**● शासन की गाइड लाइन को दरकिनार कर अब भुगतान की तैयारी**

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज रायबरेली।** सहायक अभियंता और ठेकेदार की मनमानी के कारण तहसील क्षेत्र से होकर शारदा सहायक से निकली साढ़े नौ किलोमीटर लंबी कुंदनगंज रजबहा और उससे निकली आधा दर्जन माइनरों की सिल्ट सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई है, जिम्मेदार अधिकारियों ने कमीशन खोरी के चक्कर में किसानों की समास्या हल करने के बजाय और समास्या उत्पन्न कर दी गई है, जिससे किसानों में रोष व्याप्त है, इलाकाई किसान पीर अली दिलीप कुमार रमेश यादव जगजीवन प्रसाद सहित अन्य ने सिल्ट सफाई के नाम की गई खानापूर्ति की जांच कराए जाने की मांग कर रहे हैं।

बता दें कि तहसील क्षेत्र से होकर निकली कुंदन गंज रजबहा और उससे निकलीं ढाई किलो मीटर लंबी खैरहनी, माइनर, ढाई किलो मीटर लंबी अटरा माइनर, करीब तीन किलोमीटर लंबी बहादुरपुर माइनर, ढाई किलोमीटर के करीब लंबी भैरमपुर माइनर, के आलावा गनेशपुर, दूलमपुर, माइनरों की सिल्ट सफाई के नाम सिर्फ खानापूर्ति की गई है, ग्रामीणों ने बताया कि इसमें सहायक अभियंता नमन मिश्रा की उदासीनता के चलते ठेकेदारों द्वारा सिर्फ मनमानी की गई है, वहीं सूत्रों की मानें तो रजबहा और उससे निकली माइनरों में सिल्ट सफाई के नाम पर जो धांधली हुई है अब जिम्मेदार उससे बड़ा भ्रष्टाचार करने की मूड में हैं, जानकारों के मुताबिक शासन से निर्धारित गाइड लाइन को दरकिनार कर अब भुगतान करने की तैयारी की जा रही है। मुख्य अभियंता प्रभाकर प्रसाद ने बताया कि जांच कराई जाएगी धांधली मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रामीणों,राहगीरों को ठण्ड से बचाने के लिए गूढ़ा में युवाओं ने जलवाया अलाव

स्वतंत्र प्रभात



**शिवगढ़, रायबरेली।** पड़ रही हांड़ कपाती ठण्ड में भी जब तहसील प्रशासन ने ग्रामीण अंचल में अलाव जलवाना मुनासिब नहीं समझा तो ग्रामीणों एवं राहगीरों को ठण्ड से बचाने के लिए आगे आए ग्राम पंचायत गूढ़ा के 2 युवाओं ने गांव में अपने पास से एक नहीं आधा दर्जन से अधिक जगहों अलाव जलवाकर जो मिसाल पेश की है ग्रामीण उसकी जमकर सराहना कर रहे हैं। गौरतलब हो कि सर्द हवाओं एवं शीतलहर के चलते पिछले कई दिनों से सूर्य देवता के दर्शन नहीं हुए हैं जिससे गलन बढ़ गई है। कपकपाती ठण्ड के चलते कामकाजी लोगों को छोड़कर बूढ़े बच्चे दिन भर घरों के अन्दर दुबके रहते हैं। वहीं जरूरी काम से घरों से बाहर निकलने वाले लोगों के साथ ही राहगीर एवं व्यापारी ठण्ड से कपकपाते रहते हैं ठण्ड से बचने के लिए जिनकी निगाहें अलाव ढूढ़ती रहती हैं। ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों की मांग के बावजूद जब तहसील प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत गूढ़ा में अलाव नहीं जलवाया गया तो आगे आए आरवी ट्रेडर्स के मालिक मनोज कुमार रावत व अयांश इण्टरप्राइजेज के मालिक पंकज वर्मा ने गूढ़ा में हनुमान मन्दिर चौराहा, डाकघर के सामने, पुरानी बैंक के पास, अयांश इंटरप्राइजेज के सामने, बरसाती मिल मोड़ के पास, राजकुमार वर्मा के घर के सामने, लग्गू वीर बाबा मोड़ के पास, आरवी ट्रेडर्स के सामने, गांधी चौराहा, इम्तियाज अहमद के घर के सामने, जीतू की दुकान के सामने सहित आधा दर्जन से अधिक जगहों पर अलाव जलवाकर जो मिसाल पेश की है उसकी सभी सरासना रहे हैं। मनोज रावत, पंकज रावत ने बताया कि ठण्ड के चलते अलाव के पास ग्रामीण, राहगीर तथा व्यापारी दिनभर हाथ सेकते रहते हैं आलव से राहगीरों को काफी राहत मिल रही है, जिनका कहना है कि जब तक शीतलहर चलेगी तब तक यूं ही अलाव जलता रहेगा। वहीं ग्रामीण अलाव जलवाने वाले मनोज रावत, पंकज वर्मा को खूब दुवाएं दे रहे हैं। अलाव जलवाने में निहाल खेड़ा मजरे भौसी के रहने वाले युवा समाजसेवी रोहित गौतम, खजुरों के रहने वाले मोहित विक्रम,गूढ़ा की रहने वाले सोनू वेल्डिंग, जंग बहादुर वर्मा का भी महत्वपूर्ण योगदान है।

आलाब के सम्बंध में जब महराजगंज उप जिलाधिकारी सचिन यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तहसील क्षेत्र में नगर पंचायतों, गौशालाओं को मिलाकर कुल 16 लोकेशन पर अलाव जलवाए गए हैं।

# धानापुर नें देवरिया को चार एक से किया पराजित

**● खेलकूद स्वास्थ्य मानव जीवन का आधार है- चेयरमैन ज्योति कृष्णा जायसवाल**

स्वतंत्र प्रभात




**केराकत, जौनपुर।** नार्मल स्कूल के मैदान पर केराकत स्पोर्ट्स डेवलपमेन्ट एकेडमी स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह स्मारक राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पंचायत केराकत की चेयरमैन ज्योति कृष्णा जायसवाल एवं उनके पति प्रतिनिधि कृष्णा जायसवाल उर्फ गोलू नें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में फीता काट कर किया। तथा फुटबॉल को फेंक कर व खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर मैंच का शुभारंभ किया गया। इस दौरान चेयरमैन ज्योति कृष्णा जायसवाल और उनके पति प्रतिनिधि यूवा नेता कृष्णा जायसवाल उर्फ गोलू को नार्मल स्कूल के खेल मैदान में पहुंचते ही पहले से मौजूद भारी संख्या में भीड़ ने जोर जोर से चेयरमैन ज्योति कृष्णा जायसवाल और गोलू भैया जिन्दाबाद जिन्दाबाद के नारे लगाते रहे। उद्घाटन मैच में धानापुर चंदौली की टीम ने पेनाल्टी कार्नर के जरिए 4-1 से देवरिया की टीम को हराकर मैच जीत लिया। फुटबॉल मैच देखने वाले खेलप्रेमियों की भीड़ से नार्मल स्कूल का मैदान खचाखच भरी हुई थी। मैंच समाप्ति के दौरान मुख्य अतिथि चेयरमैन ज्योति कृष्णा जायसवाल ने सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं सर्वप्रथम नये वर्ष 2025 की आप सभी लोगों को दिली मुबारकबाद देती हूँ। इसके बाद उन्होंने कहा कि खेलकूद ही स्वस्थ्य मानव जीवन का आधार है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि चेयरमैन पति प्रतिनिधि कृष्णा जायसवाल उर्फ गोलू ने कहा कि खेलकूद न केवल सामाजिक दूरी को समाप्त करता है बल्कि मन की दूरियों को भी मिटाने का काम करता है। उन्होंने कहा कि तमाम शारीरिक और मानसिक बीमारियों की सबसे बड़ी वजह नौजवानों का खेल से दूरी बनाना है।

इस मौके पर सभासद फिरोज खान, रविन्द्र यादव, संजय बाबा, नगर पंचायत कार्यालय लिपिक अजय कुमार निषाद, कम्प्यूटर आपरेटर अमित कुमार साहनी, कमेन्टेटर वीरेंद्र यादव बीरू रहे। एवं संस्थापक दूधनाथ यादव, सुशील कुमार सोनकर, विपिन सोनकर, दयाराम गुप्ता, स्वतन्त्र यादव, राजेश यादव, आदि लोगों ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया।

# ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंद लोगों को दिया गया स्वेटर एवं कंबल

**● जरूरतमंद लोगों की सेवा सबसे पुनीत कार्य -विनय**

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज,जौनपुर।** क्षेत्र के गौरी शंकर अभईपुर मंदिर के प्रांगण में श्री ब्रह्माबाबा मानव कल्याण ट्रस्ट तियरा बदलापुर द्वारा निर्वासित एवं निराश्रित जन हेतु पुनरुत्थान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गरीब असहाय जरूरतमंद बच्चों एवं महिला पुरुषों को स्वेटर कंबल का वितरण किया गया ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष कुमार उपाध्याय ने बताया कि हमारे ट्रस्ट एवं पदाधिकारीयों द्वारा जरूरतमंद लोगों को वस्त्र भोजन एवं यथासंभव व्यवस्था समय-समय पर कराई जा रही है। मुंबई से चलकर क्षेत्र में कई स्थानों पर अभी तक हमारे द्वारा कंबल वितरण किया गया वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे प्रमुख पति भाजपा नेता विनय कुमार सिंह ने कहा जरूरतमंद लोगों की सेवा सबसे पुनीत कार्य वही ट्रस्ट के लोगों द्वारा प्रमुख पति को सम्मानित भी किया गया यह पुनीत कार्यक्रम व्यास विजयानंद महराज के सानिध्य में हुआ वही कार्यक्रम के दौरान प्रमुख पति की सराहना करते हुए मंदिर के लिए किए गए कार्यों को गिनाया। अंत में वरिष्ठ अतिथि तहसील के पूर्व सरकारी अधिवक्ता श्री प्रकाश पाण्डेय द्वारा इस पुनीत कार्य के लिए विजयानंद महराज एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष कुमार उपाध्याय को आभार व्यक्त करते हुए कहां की इस तरह का पुनीत कार्य क्षेत्र के सम्मानित जनों को अवश्य करना चाहिए इस भीषण ठंड में जरूरतमंद को वस्त्र एवं कंबल बांटना चाहिए वहीं पत्रकार अमित पाण्डेय पत्रकार अखिलेश यादव को अंग वस्त्र देकर व्यास द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष संतोष कुमार उपाध्याय, सचिव डॉ. ब्रह्म प्रकाश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष विकास कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष शेषमणि मिश्रा, राम उजागिर उपाध्याय, बृजेश तिवारी, सूरज उपाध्याय, सोमेश जायसवाल, एसपी उपाध्याय सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# शांति भंग में सात का चालान पुरानी रंजिश में तीन बार हो चुकी है मारपीट

**खेतासराय(जौनपुर)।** क्षेत्र के शाहापुर शेखवलियाँ गांव में जमीनी रंजिश को लेकर तीसरी बार हुई मारपीट में पुलिस ने रविवार को सख्त कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने आरोपितों के घर दबिश देकर उन्हें हिरासत में लिया। देर रात तक चली पूछताछ और कड़ी हिदायत के बाद पुलिस ने सात लोगों का शांति भंग में पाबंद करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तो में सन्तोष यादव पुत्र कामता प्रसाद यादव, सर्वेश यादव पुत्र राजबहादूर यादव, शैलेश यादव पुत्र राजबहादूर यादव, सचिन यादव पुत्र राजबहादूर यादव, मुकेश यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव, माता प्रसाद पुत्र उदयराज, हरि प्रसाद पुत्र उदयराज निवासीगण शाहापुर शेखवलिया थाना खेतासराय शामिल हैं। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि क्षेत्र में अमन चैन स्थापित करने के लिए पुलिस हमेशा तत्पर है। किसी भी इलाके में कोई भी शरारती तत्व मिलेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की




जाएगी। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष, रामाश्रय राय, उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल त्रिगुण कुमार, शिवगोबिन्द अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# एक अनूठा प्रयास! कानपुर में "मेडिकल बैंक" का शुभारंभ

**● - लोगों के सहयोग से पुराने मेडिकल उपकरण इकट्ठे कर जरुरतमंदों को निःशुल्क उपलब्ध को उपलब्ध करवाएगा मेडिकल बैंक**

स्वतंत्र प्रभात





**कानपुर।** समाजिक संस्था शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के सानिध्य में कानपुर में एक ऐसे मेडिकल बैंक का शुभारंभ हुआ है जो गरीबों और जरुरतमंदों को उन उपकरणों को फ्री में देगा जिनको इलाज के दौरान उसकी आवश्यकता है और महंगे होने के कारण वह इन्हें बाजार से खरीदने में असमर्थ हैं। काकादेव स्थित हरि गर्ल्स हॉस्टल में इस मेडीकल बैंक का उद्घाटन शहर की वरिष्ठ डाक्टर आरती लाल चंदानी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहर और देश में गरीबों के लिए अन्य रोटी बैंक, कपड़ा बैंक आदि तरह अच्छे कार्य पहले से हो रहे थे लेकिन यह मेडिकल बैंक एक अनूठी पहल है जिससे गरीब लोगों को बहुत फायदा मिलेगा। इसके लिए उन्होंने संस्था की संचालिका डा. बिंदू को शुभकामनाएं दीं और कहा कि वह भी इसमें पूरी तरह से योगदान करेंगी।

कुलवंती अस्पताल के वरिष्ठ डाक्टर समाजसेवी डॉ. राजन गांधी ने कहा कि वह इस तरह के प्रयास से काफी प्रसन्न हैं। चूंकि डाक्टर राजन गांधी डाक्टर होने के साथ साथ समाजसेवी कार्यों में भी अपना योगदान शहर और देश के लिए देते रहते हैं। उन्होंने इसके लिए हर संभव मदद देने के लिए कहा। डॉ. बिंदू ने बताया कि लोगों के घरों में बहुत से मेडीकल उपकरण पड़े रहते हैं जो उन्होंने परिवार में बीमारी के समय में खरीदे होते हैं और उनके ठीक होने पर वो उसको फेंक देते हैं। वो फेंके नहीं हमें दें और हम इस मेडिकल बैंक के माध्यम से उन जरुरतमंदों तक पहुंचाएंगे जिनको उसकी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए उन्हें शहर के अनेक डाक्टरों, समाजसेवियों और मेडिकल कंपनियों का भी सहयोग मिल रहा है।

कानपुर शहर में इसकी पांच ब्रांच खोलने की योजना है और प्रदेश के अन्य जनपदों में भी इसके खोले जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर डा. आरती लाल चंदानी, कुलवंती अस्पताल के डाक्टर राजन गांधी, संघ प्रचारक एवं कानपुर बुंदेलखंड के संघ के प्रमुख भवानी जी, प्रकाशा नंद जी महाराज समेत शहर के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत की गई कार्रवाई

**● - पुलिस कर रही लोगों को जागरूक! चालान भी किये**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** (जितेन्द्र सिंह) पुलिस कमिश्नरेट द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत शहर के प्रमुख स्थानों पर चेक पॉइंट्स स्थापित किए गए, जहां ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से जांच की गई। अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की गई। नागरिकों से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें और जिम्मेदारीपूर्वक वाहन चलाएं। ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत कुल 14 वाहनों पर वैधानिक कार्यवाही की गयी। टीएसआई अशोक कुमार द्वारा शताब्दी द्वार पर बिना हेलमेट, सीटबेल्ट एवं गलत दिशा में चलने वाले वाहन चालकों को जागरूक व वैधानिक कार्यवाही की गयी। उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार कानपुर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा दिनांक 4.01.2025 को यातायात नियमों का पालन न करने वालो पर की गई कार्यवाही। रॉन्ग साइड के 330, ट्रिपल सवारी टू व्हीलर के 106, एचआरसीपी के 14, अन्य 724 तथा कुल 1174 चालान किए गए।

# संक्षिप्त ख़बरें

## ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन के द्वारा एएसपीएल सीजन 8 आयोजित



**कानपुर।** ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन द्वारा आयोजित एएसपीएल सीजन 8 - 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट का जिला फतेहपुर के अमौली ब्लाक के नराखा बाबा मैदान में आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रियासत अली यूपीसीए डायरेक्टर कपिल देव पांडेय कुलदीप यादव भारतीय टीम के खिलाडी के कोच ने मैच का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में जिला क्रीड़ा अधिकारी फतेहपुर सुशील कुमार भारती एवं फतेहपुर मेडिकल कालेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ नरेश कुमार शामिल हुए। अनुभव सचान कक्षा 11 ने कुलदीप यादव का एक खूबसूरत चित्र कपिल जी को भेंट किया। जिन्हें स्वयं उन्होंने ही अपने हाथों से बनाया था। जिसकी सभी लोगों ने प्रशंसा की। भारती जी ने अनुभव सचान को जिला मुख्यालय फतेहपुर आमंत्रित किया जिससे कि इनकी प्रतिभा को जिलाधिकारी के द्वारा भी सराहा जा सके। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को आगे बढ़ाते हुए जयदेवी राजाराम चैरिटी फाउंडेशन ने शहीदों की याद में छायादार फूलदार बरगद पीपल एवं गुलमोहर के ट्री गार्ड सहित 8 पेड़ अतिथि गणों एवं शहीद परिवारों के द्वारा लगवाए।

## सचेण्डी में ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर युवक की मौत

**कानपुर।** कमिश्नरेट के थाना सचेण्डी में आज समय करीब दिन में 11.30 पर बलराम पुत्र देव सिंह निवासी ग्राम रंजीतपुर थाना डेरापुर कानपुर देहात उम्र करीब 22 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल पल्सर से कानपुर से अपने घर की तरफ जा रहे थे तभी फूड कोर्ट के सामने भौंती प्रतापपुर में ट्रक संख्या एचआर 38 एजी 8145 के ड्राइवर द्वारा लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए पीछे से बाइक में टक्कर मार दी जिससे बलराम उपरोक्त की मौके पर ही मृत्यु हो गई है।मृतक के शव को पंचायतनामा की कार्रवाई हेतु अस्पताल भिजवाया जा रहा है। एक्सीडेंट के कारण हाइवे पर जाम लग गया है। जिसको खुलवाया जा रहा है, शीघ्र ही यातायात सुचारू रूप से चलने लगेगा। लॉ एण्ड ऑर्डर को समस्या नहीं है थाना फोर्स मौके पर मौजूद है।

## जन संदेश यात्रा में पदाधिकारियों ने नगर आगमन पर किया भव्य स्वागत

**पदाधिकारियों ने प्रदेश उपाध्यक्ष आनन्द सिंह एवं प्रदेश सचिव मनोज गुप्ता को 51 किलो की माला पहनाकर किया स्वागत**



**कानपुर।** जिलाध्यक्ष विपिन यादव की अध्यक्षता में वरिष्ठ पदाधिकारियों हाजी अबरार अहमद पंकज कुमार शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में नवनियुक्त पदाधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद सिंह एवं प्रदेश सचिव मनोज गुप्ता के स्वागत सम्मान हेतु जन संदेश यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोजपा रामविलास कानपुर उत्तर प्रदेश के हजारों कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सह भारत सरकार के कैबिनेट खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान के निर्देशानुसार पार्टी के विचारों एवं सिद्धांतों के प्रति आस्था रखते हुए जन संदेश यात्रा में बढ़-चढ़कर उपस्थिति दर्ज करायी। लखनऊ से अपने गृह जनपद कानपुर आ रहे नवनियुक्त पदाधिकारियों के प्रथम नगर आगमन पर युवाओं के चहेते नेता कानपुर जिलाध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं सहित जाजमऊ गंगा पुल पर प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद सिंह एवं प्रदेश सचिव मनोज गुप्ता का भव्य स्वागत किया गया। लोजपा रामविलास-उत्तर प्रदेश मध्य के वरिष्ठ नेता हाजी अबरार अहमद एवं वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज कुमार शर्मा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देकर कार्यकर्ताओं में जोश भरने का कार्य किया। गंगा पुल से प्रारम्भ जन संदेश यात्रा रामादेवी चौराहा तक पहुंचते पहुंचते एक बड़े हुजूम में परिवर्तित हो गयी मौजूद पदाधिकारियों ने प्रदेश उपाध्यक्ष आनन्द सिंह एवं प्रदेश सचिव मनोज गुप्ता को 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया।

## शहीद जवान पवन के लिए गांव में गम की लहर, जम्मू से कानपुर पहुंचेगा शव

**● - अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ो लोगों का गांव पहुंचना जारी, सपा विधायक ने दी श्रद्धांजलि**

स्वतंत्र प्रभात




**कानपुर।** ट्रक के खाई में गिरने से जम्मू में शहीद होने वाले जवानों में कानपुर के शिवराजपुर स्थित दुर्गापुर गांव में रहने वाले सेना के जवान पवन यादव (35) का भी नाम शामिल है। शाहिद पवन यादव का शव जम्मू कश्मीर से आज सोमवार को कानपुर पहुंचने की संभावना बताई गई है। वहीं आज रविवार दोपहर को समाजवादी पार्टी के विधायक अमिताभ बाजपेई, सपा नेता मुनींद्र शुक्ला सपाइयों के एक दल के साथ सेना के जवान के घर पहुंचे। चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि देते हुए परिवार के लोगों को ढांढस बंधाया। सेना के जवान पवन की मौत की खबर मिलने के बाद परिवार ही नहीं गांव के कई घरों में चूल्हा तक नहीं जला। यहां पूरी रात पार्थिव शरीर के इंतजार में सैकड़ों लोग और महिलाएं घर के बाहर आग जलाकर बैठे रहे। घर पर रिश्तेदार और नजदीकियों के आने का सिलसिला जारी है। इस बीच पुलिस और जिला प्रशासन की भी एक टीम पहुंच गई और वहां पर इंतजाम करने पर लगी है। जवान पवन के शहीद होने की खबर से उसके परिवार का भी बहुत बुरा हाल है उनकी पत्नी बार-बार बच्चों से लिपटकर रोती रही और अचेत हो जा रही हैं। मां, पिता और भाभी व बच्चों के आंसू अपने साथ गांव वालों को भी रुला रहे हैं। कुल मिलाकर पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। हर कोई सैन्य कर्मी पवन के अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि देने के लिए घर पहुंच रहा है। इस बीच परिवार वालों की ओर से जो जानकारी मिली है। उसके मुताबिक जम्मू से दिल्ली और फिर दिल्ली से कानपुर एयरपोर्ट पर रविवार रात या फिर सोमवार सुबह को पवन का पार्थिव शरीर उसके गांव पहुंचेगा। याद रहे कि जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में बीते शनिवार दोपहर सेना के ट्रक के खाई में गिरने से 4 जवानों की मौत हो गई थी, जबकि छह घायल हो गए थे। इनमें से कई की हालत नाजुक बताई जा रही है। इसी हादसे में कानपुर शिवराजपुर थाना क्षेत्र के दुर्गापुर गांव में रहने वाले जवान पवन यादव भी शहीद हो गए।

# आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं ने सीखी आत्मरक्षा

**● - बच्चों को गुड टच और बेड टच के बारे में बताना भी बेहद जरूरी- डायरेक्टर सौरभ शुक्ला**

स्वतंत्र प्रभात





**कानपुर।** डिफेन्स फिजिकल एकेडमी के द्वारा आत्मरक्षा शिविर का आयोजन नौबस्ता स्थित एकेडमी परिसर में किया गया। शिविर के दौरान ट्रेनर ने अभ्यर्थियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। इस दौरान प्रशिक्षक ने छात्राओं को गुड टच-बेड टच की भी जानकारी दी। डायरेक्टर सौरभ शुक्ला ने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण न केवल शारीरिक सुरक्षा के बारे में सिखाता है बल्कि परिस्थितिजन्य जागरूकता पर भी जोर देता है। बच्चों को सिखाया जाता है कि खतरों को कैसे पहचानें और संघर्षों को कैसे कम करें और खतरे को भांपते ही तुरंत निर्णय कैसे लें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर से बालिकाओं में आत्मरक्षा के गुणों के विकास होता है। आत्मिक क्षमता भी बढ़ती है। जिससे भारतीय संस्कृति की रक्षा संभव है। डायरेक्टर सौरभ शुक्ला ने कहा कि जब शस्त्र बल होता है तभी शास्त्रों की रक्षा हो पाती है। तथा एकेडमी और स्वयं उनका उद्देश्य संस्कृति रक्षा, शक्ति संचय तथा सेवा करना है।

शिविर में भाग ले रही अभ्यर्थी अंकिता ने कहा कि अब वह दुपट्टा व चाबी को भी हथियार बना सकती है, यह आत्मरक्षा प्रशिक्षण से उन्होंने काफी सीखा है। अब जोरदार पंच और किक से किसी को भी वह धराशायी कर सकती हैं। पुलिस की तैयारी कर एकेडमी अभ्यर्थी सुमन ने कहा कि आत्मरक्षा के आसान तरीकों की जानकारी मिली है। आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए आगे भी प्रशिक्षण लूंगी। इस तरह के कार्यक्रम समय की मांग हैं। डायरेक्टर सौरभ शुक्ला ने कहा कि कानपुर डिफेन्स फिजिकल एकेडमी उत्तर प्रदेश की सबसे अधिक छात्र छात्राओं को सरकारी नौकरियों में स्थान दिला चुकी है। श्री शुक्ला ने कहा कि कठिन परिश्रम के बाद ही आप चमकदार बन सकते है और एकेडमी आपको निखारने का कार्य कर छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य बनाने का कार्य कर रही हैं। डायरेक्टर सौरभ शुक्ला ने बच्चियों को गुड टच और बेड टच के बारे में भी बताया उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों के प्रति बढ़ते यौन शोषण और अपराध का मुख्य कारण बच्चों में जागरूकता की कमी है। माता-पिता अपना कर्तव्य केवल बच्चों को अच्छी शिक्षा, खाना-पीना, कपड़े पहनना, बड़ों का सम्मान करना और अच्छे संस्कार देने तक सीमित समझते हैं लेकिन वर्तमान समय में बच्चों को यौन शिक्षा देने के साथ ही गुड टच और बेड टच के बारे में बताना भी बहुत जरूरी है। इस दौरान मुख्य रूप से आदित्य शुक्ला शालू सर विपिन यादव समेत काफी संख्या में छात्राएं मौजूद रही।

# सामूहिक वैवाहिक परिचय सम्मेलन में अभिभावकों ने वर वधुओं से साझा किए अनुभव

**● - युवा पीढ़ी को सनातन धर्म एवं ग्रंथों के बारे में अवगत कराना होगा - वीरेन्द्र चौहान**

स्वतंत्र प्रभात





**कानपुर।** किदवई नगर हनुमंत गुरुकुल आश्रम में वीरेंद्र चौहान वैवाहिक मंच के द्वारा 8 वा वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया इस मौके पर पहुंचे समाजसेवी एवं मंच के आयोजक वीरेंद्र सिंह चौहान का स्वागत स्मृति चिन्ह देकर किया गया। कार्यक्रम में आए अभिभावकों ने वर एवं वधुओं के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए अपने अनुभव साझा किया आयोजक वीरेंद्र चौहान ने बताया कि विगत कई वर्षो से उनके द्वारा निर्धन निर्बल असहाय समाज के उत्थान की दिशा में कार्य किया जा रहा है कार्यक्रम के दौरान पहुंचे अभिभावकों वर वधुओं ने सामूहिक रूप से एक दूसरे से अपने अनुभव साझा किया।

अपने संबोधन में बताते हुए श्री चौहान ने बताया कि आधुनिकता के इस दौर में युवा पीढ़ी को अपने सनातन धर्म एवं ग्रथों के बारे में अवगत कराना होगा ताकि आने वाली पीढ़ी ईश्वर एवं अपने सनातन धर्म को भुला ना सके। कानपुर नगर के घाटमपुर से बेटी का सम्बंध कराने आई सुशीला देवी ने वैवाहिक परिचय सम्मेलन की तारीफ करते हुए कहा की ऐसे आयोजन नित्य प्रति होने चाहिए ताकि विवाह में होने वाले खर्चो में कटौती हो सके और निर्धन परिवार भी अपनी बिटिया के हाथ हर्षोल्लास के साथ पीले कर सके। परिचय सम्मेलन के दौरान अभिभावकों एवं वर वधुओं ने एक दूसरे के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए अपने अनुभव साझा किया इस दौरान भगवान श्री राम के जोरदार नारे लगाए गए कार्यक्रम में मुख्य रूप से आयोजक वीरेंद्र चौहान आचार्य पंडित विमल शास्त्री नीरज दीक्षित सोमनाथ तिवारी राम बहादुर सिंह धीरज यादव अमित सिंह राठौड़ जितेंद्र सिंह चंदेल संजय मल्होत्रा सरिता शुक्ला पप्पू तिवारी दीपेंद्र सिंह संजय सिंह डॉक्टर देवेंद्र सिंह आशीष मिश्रा नरेंद्र राजपूत विशाल राजपूत अमित मिश्रा योगेंद्र राणा उमेश सिंह अमरनाथ सिंह प्रदीप सिंह सेगर अरुण सिंह सेंगर समेत काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राकेश सचान ने किया पशु आरोग्य मेले का उद्घाटन

**● - पशुपालकों, किसानों की आय दुगुनी करने पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने दिया जोर**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** मण्डल स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला (गोष्ठी) का आयोजन रमेश नगर विकासखंड कल्याणपुर कानपुर नगर में किया गया। पशु आरोग्य मेले में 8263 पशुओं (बड़े तथा छोटे भेड़, बकरियों, शवानो, घोंडो) की चिकित्सा 08 शवानो में तथा 16 बड़े पशुओं में एम0पी0डी0 सूक्ष्म सर्जरी की गई। पशु आरोग्य मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि मंत्री उ0प्र0 सरकार राकेश सचान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधायक अभिजीत सिंह सांगा, लखनऊ से आए मेला नोडल अधिकारी डॉ0 संजय श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग डॉ0 डी0एस0 यादव, प्रभारी अपर निदेशक पशुपालन विभाग तथा अपर निदेशक डॉ0 अनिल सिंह गहलोत कानपुर मण्डल, मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, जिला विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

मंत्री राकेश सचान ने इस मेले के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसानों, पशुपालकों कि आय दोगुनी होने पर बल दिया। विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने पशुपालन विकास हेतु सरकार की नीतियों एवं कार्यान्वयन हेतु पशुपालन विभाग के कार्यों की सराहना की। मेले को चिड़ियाघर के प्रभारी डॉ0 अनुराग सिंह तथा नगर निगम के सी0वी0ओ0 डॉ0 आर0के0 निरंजन ने भी संबोधित किया।मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आई0डी0एन0 चतुर्वेदी ने मेले के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मंत्री, विधायक, मुख्य विकास अधिकारी तथा समस्त पशुपालक भाइयों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## ब्लॉक प्रमुख ने जरूरतमंदों में बांटे कंबल




**नेवढ़िया, जौनपुर।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए ब्लॉक प्रमुख रामपुर राहुल सिंह क्षेत्र भ्रमण पर निकले जिसमें ठंड से सिकुड़ते हुए असहाय वनवासी को देखकर द्रवित हो उठे और सभी जरूरतमंद बनवासी को तुरंत ऊनी वस्त्र कंबल वितरण किये। ब्लॉक प्रमुख प्रतिदिन अपने सहयोगियों के साथ क्षेत्र भ्रमण कर गरीब असहाय में कंबल वितरण करते रहते हैं। प्रमुख के क्षेत्र भ्रमण से वनवासी को काफी राहत हैं। हथेरा ग्राम पंचायत भवन के पास कंबल वितरण समारोह में ग्राम प्रधान पति रवि पटेल, समाजसेवी विपुल सिंह, चिंटू सिंह, रोहित सिंह, सनी सिंह, संतोष सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# मनरेगा मजदूरों को 200 दिन रोजगार की गारंटी और 500 रुपये मानदेय मिले - डॉ. अमित

**● - समाजवादी मजदूर सभा द्वारा आयोजित प्रथम फावड़ा प्रमुख/मनरेगा प्रमुख सम्मेलन संपन्न**

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर।** समाजवादी मजदूर सभा की तरफ से मनरेगा मजदूरों और भवन निर्माण मजदूरों की समस्याओं का ध्यान रखते हुए लाला बाजार, जौनपुर में प्रथम फावड़ा/मनरेगा प्रमुख सम्मेलन आयोजित किया गया। समाजवादी मजदूर सभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मनरेगा व भवन निर्माण मजदूरों की समस्याओं पर अपनी चिंता जाहिर की।

इस मौके पर मुख्य अतिथि समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव डा. अमित यादव ने अपने विचार ब्यक्त करते हुए मनरेगा मजदूरों को 200 दिनों के रोजगार की गारंटी और 500 रुपये मानदेय की मांग रखी और कहा कि यूपीए सरकार के दौरान श्रद्धेय नेता जी मुलायम सिंह यादव जी की सहमति से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) लाया गया। जो ग्रामीण परिवार को साल में 100 दिन तक का रोजगार मुहैया कराने का वादा करती है। यह योजना लोगों को रोजगार का अधिकार देती है। लेकिन जब केंद्र सरकार में बीजेपी सरकार आती हैं तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद में मनरेगा का उपहास उड़ते हुए कहा था वो इसे यूपीए सरकार की नाकामियों के पुलिंदा के रूप में स्मारक बना के रखेंगे और उन्होंने यही किया भी। प्रधानमंत्री के इस बयान से अधिकारियों ने मनरेगा के प्रति उदासीन रवैया बनाए रखा जिस कारण आज मनरेगा के मजदूर बदहाल हैं। भाजपा मनरेगा का विनाश करने की कोशिश कर रही है। लिबटैक इंडिया नाम के एक गैर-सरकारी संगठन ने यह अनुमान लगाया है कि आधार लिंक के अभाव के चलते 6 करोड़ 70 लाख मजदूर, मनरेगा के लिए अपात्र हो गए हैं।

वर्ष में 365 दिन होते हैं और आज के इस महंगाई के दौर में सिर्फ 100 दिनों का रोजगार नाकाफी है इसलिए हमारी माँग हैं कम से कम 200 दिनों का रोजगार मिलनी चाहिए। एक मजदूर अपने परिवार के पालन पोषण में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं और वर्तमान में जो मानदेय हैं उससे वो अपने परिवार का सही पोषण नहीं कर सकते अतः उनका मानदेय 500 रुपए करना चाहिए। मनरेगा और भवन निर्माण मजदूरों के अधिकारों के प्रति चिंतित समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इन मजदूरों को समाजवादी मजदूर सभा से जोड़ कर इनसे संवाद स्थापित करके इनके समस्याओं के निराकरण और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करने का निर्देश दिया हैं।

समाजवादी मजदूर सभा के प्रमुख महासचिव उत्तर प्रदेश प्रमोद पटेल ने सभी श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया और कहा कि फावड़ा प्रमुखों का सम्मेलन निरंतर जारी रहेगा। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा ने किया। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय सचिव श्रीमती सीमा खान और डॉ संजय कन्नौजिया जिला अध्यक्ष गाजीपुर उपस्थित रहें। संचालन जिला महासचिव मंजय कन्नौजिया ने किया। वीरेंद्र यादव विधानसभा अध्यक्ष और विशाल कनौजिया विधानसभा महासचिव ने सभी का शानदार स्वागत किया। आयोजक अजय यादव जिला उपाध्यक्ष को हृदय की गहराई से बधाई एवं धन्यवाद। इस मौके पर संतोष गौंड, संजय यादव, अनिल दीप चौधरी, विनय, विजय, डॉ धीरज, सिद्धार्थ, अवधेश इत्यादि मौजूद रहें।

# राज्यमंत्री ने गरीब असहाय जरूरतमंद लोगों को वितरित किया कम्बल

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर।** बढ़ते शीतलहर के दृष्टिगत तहसील सदर, राजस्व ग्राम मियांपुर के मंगलम लॉन में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव एवं जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र द्वारा समाज के वंचित, गरीब, असहाय, वृद्ध एवं पात्र व्यक्तियों को कम्बल वितरित किया गया। इस दौरान लगभग 650 कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए मा0 राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि इस कड़ाके की ठंडक में गरीब व निर्बल, असहाय लोगो को कंबल बांटना सबसे पुनीत कार्य है, इस पुनीत कार्य में सक्षम लोगों को भी आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पर्यटन के दृष्टिगत शाही पुल पर घाट के सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया है, इसी प्रकार जनपद के विकास हेतु और भी कई कार्य कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि शासन प्रतिबद्ध है कि जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी गरीब, वंचित और पात्र व्यक्तियों को मिले। शासन द्वारा संचालित ऐसी कई योजनाएं हैं जिनका उद्देश्य है समाज के गरीब तबके के लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान करना और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार करना जिससे वे सामाजिक और आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सके। ये योजनाएं स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, कृषि, रोजगार और बुनियादी ढांचे के विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। केंद्र और राज्य सरकार की जो भी योजनाएं चल रही हैं इसका लाभ समाज के पिछड़े और वंचित लोगों को मिल भी रहा है, पक्का मकान, शौचालय, गैस सिलेंडर सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का लाभ लोगों को प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्तियों को पेंशन, आवास, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान मा0 राज्यमंत्री जी के द्वारा विस्तार से विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई और आम जनमानस से लाभ लेने के लिए अपील की गई। जिलाधिकारी डा दिनेश चन्द्र ने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस पुनीत कार्य में अन्य जो भी व्यक्ति सक्षम है आगे आये और गरीब और असहायों को कम्बल वितरित करें। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों से किसान रजिस्ट्री कराने की अपील भी की। इस अवसर पर जन प्रतिनिधिगण, पार्टी के पदाधिकारीगण, उप जिलाधिकारी मौजूद रहे।

# विद्यालयों के प्रबंधकों को बीएसए चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने कक्षा एक से लेकर 8 तक के समस्त विद्यालयों के प्रबंधकों को चेतावनी दिया कि यदि आदेश के बाद भी 14 जनवरी तक स्कूल खोला गया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। बीएसए ने साफ कहा कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के नियन्त्रणाधीन संचालित परिषदीय विद्यालय , मान्यता प्राप्त विद्यालय में दिनांक 31.12.2024 से 14.01.2025 तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है। दूरभाष पर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित विद्यालय से इतर सी0 बी0 एस0 ई0 बोर्ड, आई0 सी0 एस0ई0 बोर्ड, मान्यता प्राप्त,अशासकीय सहायता प्राप्त, मदरसा बोर्ड, हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के कक्षा 01 से 08 तक के विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है।

जिलाधिकारी के अनुमोदन दिनांक 04.01.2025 के क्रम में उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के नियन्त्रणाधीन संचालित परिषदीय विद्यालय के साथ सी0 बी0 एस0 ई0 बोर्ड,आई0 सी0 एस0 ई0 बोर्ड, मान्यता प्राप्त,अशासकीय सहायता प्राप्त, मदरसा बोर्ड हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के कक्षा 01 से 08 तक के विद्यालयों में दिनांक 14.01.2025 तक अत्यधिक ठंड के कारण शीतकालीन अवकाश रहेगा। यदि किसी प्रबन्धक, प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालयों का संचालन किया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

# संक्षिप्त ख़बरें

## अनियंत्रित बाइक पेड से टकराई एक की मौत दूसरा निजी अस्पताल में भर्ती मृतक के घर मचा कोहराम



**बरेली/क्योलडिया/**थाना क्षेत्र के गांव क्योलडिया के मजरा केलाडांडी के मुकेश कुमार पुत्र कन्हैयालाल 28 वर्ष अपने दोस्त नरेंद्र के साथ क्योलडिया से बरखेड़ा के लिए जा रहे थे तभी तेज गति से बाइक होने पर बाइक अनियंत्रित हो गई जिससे बाइक पेड़ से टकरा गई जिसमें मुकेश कुमार पुत्र कन्हैयालाल की मौत हो गई साथ ही उसका साथी नरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है मृतक मुकेश कुमार के परिजनों ने बगैर पीएम कराए उसका अंतिम संस्कार कर दिया मृतक की माता रामकली भाई रविंदर और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जयंती पर याद किए गए पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह



**कलान-शाहजहांपुर/** राम मंदिर आंदोलन के जननायक राजस्थान के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व.कल्याण सिंह की जयंती ब्लॉक प्रमुख कार्यालय पर मनाई गयी एवं उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम मे ब्लॉक प्रमुख पति राहुल वर्मा, एवं भाजपा मण्डल महामंत्री राघवेन्द्र मिश्रा, पूर्व प्रधान जयपाल वर्मा, मण्डल महामंत्री कि0मो0 भाजपा डा0राजेश कुमार राजपूत, सथरी, नानकपुर के प्रधान जगबीर राजपूत, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजू सिंह, लक्ष्मी गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी एवं ब्लाक प्रमुख शमसाबाद प्रतिनिधि रंजीत लोधी राजपूत समेत तमाम पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत भउवापुर में इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में व्यापक स्तर पर धांधली किए जाने के आरोप



**धौरहरा खीरी** विकासखंड धौरहरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भउवापुर में इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में व्यापक स्तर पर धांधली किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम पंचायत भउवापुर में इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में धांधली के आरोपपर गौर करे जिसमें पीला ईट और बालू का प्रयोग किया जा रहा है। ग्राम पंचायत भउवापुर में इंटरलॉकिंग निर्माण में प्रधान और सचिव सरकार की योजनाओं को पलीता लगाते हुए नजर आते दिखाई दे रहे हैं। और हैंडपंप सालों से बंद पड़े हैं शोक फिट निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ था। मनरेगा में महाघोटाले हों रहे हैं सड़क पटाई में केवल दिखावा करते हैं प्रधान और सचिव भ्रष्टाचार करने से बाज नहीं आ रहे हैं और बहुत से कार्य हुए हैं जिसमें जमकर भ्रष्टाचार हुआ है उक्त आरोप लगाते हुये ग्रामीण नेमामले की जांच कराये जाने की मांग कीहै। अब आगे देखना है कि खंड विकास अधिकारी क्या कार्रवाई करते हैं।

## प्रेस क्लब ने जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सौपा




**लखीमपुर खीरी (खीरी)** मोहम्मद अब्बास नकवी व महामंत्री आकाश सैनी ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार को दिया। ज्ञापन में ओवर हाइट, ओवरलोड वाहनों पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग सहित अजवापुर चीनी मील व कुंभी चीनी मील के माध्यम से सड़क पर दौड़ रहे भारी वाहनों में रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने की मांग की। इसके साथ- ही महिला अस्पताल में ट्रामा सेंटर खोलने की भी मांग की गयी। इस मौके पर कोषाध्यक्ष देव रंजन मिश्रा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष इरफान अहमद,सदीप गुप्ता, शावेज खां, मीडिया प्रभारी साहिल खान, मंत्री इंतजार खां,सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कृषक समाज इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव मे दिखा देश-भक्ति का रंग




**स्वतंत्र प्रभात**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला का रंगारंग वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समारोह में असम,राजस्थान, पंजाब प्रदेश के लोकगीत पर अभिनय के साथ देश के वर्तमान हालातो और संस्कृति पर आधारित एकांकी का मंचन कर दो सौ विद्यार्थी कलाकारों ने अतिथियों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कॉलेज के प्रबंधक एवं पूर्व संसद सदस्य रवि प्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में हुए वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक खीरी डॉ महेंद्र प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथि मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी लखनऊ मंडल डॉ दिनेश कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने पुष्प गुच्छ भेंट करके किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सरस्वती वंदना, स्वागत गीत ,असमिया लोकनृत्य, सियाराम की करुण कहानी, राजस्थानी लोक नृत्य मेरे ढोलना , शिक्षा का महत्व, थारू नृत्य, स्वच्छता पर नृत्य नाटक, अरुणिमा सिन्हा एकांकी, कृष्ण राधा नृत्य ,साइबर क्राइम पर जागरूकता नुक्कड़ नाटक, धरती कहे पुकार के नाटक, बाल विवाह एकांकी सहित नृत्य संगीत के धुन पर अभिनय कर दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्रबंधक ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चों में विभिन्न प्रतिभाएं समाहित होती हैं। जिन्हें उनके शिक्षक निखार कर सफल नागरिक बनाते हैं विद्यालय में पठन-पाठन के साथ-साथ प्रतियोगिताएं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी उनके मन से पढ़ाई के प्रति भय को समाप्त कर पढ़ने में रुचि बढाती है। सांस्कृतिक मंच से प्रधानाचार्य और प्रबंधक के साथ मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने विद्यालय में हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2024 टॉप करने वाली शिफा कुरैशी तथा इंटर बोर्ड परीक्षा 2024 के टॉपर फैज अहमद को प्रशस्ति पत्र चांदी का मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया इसके साथ-साथ सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले शिक्षक सुंदरलाल और लिपिक अनूप कुमार वर्मा को इक्यावन इक्यावन सौ रूपए नकद प्रशस्ति पत्र तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

अंत में मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि को प्रबंधक ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा मुख्य अतिथि को प्रधानाचार्य ने और विशिष्ट अतिथि को नारायण लाल वर्मा, विनोदचंद्र मिश्रा उप प्रधानाचार्य श्याममूर्ति शुक्ला ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके साथ-साथ विशेष आमंत्रित पुरातन छात्र डॉ रमेश वर्मा डॉ आशीष कुमार , आशीष वर्मा, वसीम अहमद प्रशस्ति पत्र देकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रदर्शन के साथ साथ कार्यक्रम संचालन कर रहे देवेंद्र सिंह के अंदाज की मंच से प्रशंसा की तथा विद्यालय के उन्नयन में प्रबंधक और प्रधानाचार्य की सकारात्मक पहल की सराहना की। विशिष्ट अतिथि ने विद्यालय की व्यवस्थाओं को देखकर लखनऊ मण्डल के सभी विद्यालयों के लिए अनुकरणीय बताया।समारोह के सफल आयोजन में लखपति भारती, डॉ अनिल कुमार, ओम प्रकाश यादव, सुरविंद कुमार, अरविन्द यादव, आदर्श कुमार,आरती गुप्ता, सत्यवती गौतम, सरोज कुमार वर्मा, कौशल वर्मा,संजय कुमार, वीरेन्द्र भारद्वाज, कमलेश कुमार सहित समस्त स्टाफ का सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य शिक्षकों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित अभिभावकों ने उपस्थिति प्रदान कर समारोह को भव्यता प्रदान की।

# एपीओ मनरेगा द्वारा बीडीओ को बदनाम करने की साज़िश

**● एपीओ मनरेगा की कार्यशैली सवालों के घेरे में एरिया ऐप निरीक्षण में वसूली के कारण मानव श्रम दिवसों में आई गिरावट**




**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर विकास खंड में एपीओ मनरेगा द्वारा एरिया ऐप निरीक्षण के नाम पर वसूली के कारण प्रधानों में आक्रोश फैल गया है मालूम हो कि अधिकारियों को समय समय पर एरिया ऐप निरीक्षण करना होता है जिसमें एपीओ द्वार ग्राम पंचायतों में जाकर वसूली की जाती है, जिस कारण ग्राम रोजगार सेवकों द्वारा मजदूरों की डिमांड लगाने में भय का वातावरण बना रहता है जिस कारण लक्ष्य के अनुसार मजदूरों को रोजगार नहीं मिल रहा है।

लखीमपुर विकास खंड के कई प्रधानों रोजगार सेवकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि एपीओ मनरेगा में मनमानी कर रहे है आए दिन फंसाने की धमकी देते रहते हैं। जिस कारण प्रधानों में आक्रोश है। रोजगार दिवस का नहीं होता है मासिक आयोजन एपीओ लखीमपुर की लापरवाही के कारण लखीमपुर विकास खंड की अधिकांश ग्राम पंचायतों में मासिक रोजगार दिवस का आयोजन नहीं होता है जिस कारण मानव दिवस का सृजन नहीं बढ़ रहा है क्योंकि एपीओ मनरेगा कार्यक्रम को बेहतर बनाने के बजाय वसूली के जुगाड में लगे रहते हैं ।एपीओ द्वारा साफ सुथरी छवि के बीडीओ की बदनामी कराने की साजिश कर रहे हैं।

# बाघ ने हमला कर उतारा एक मासूम बालक को मौत के घाट जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल




**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** जनपद के पढुआ थाना क्षेत्र के डुमेडा गांव निवासी परसराम उम्र करीब चौदह वर्षीय पुत्र कमलेश को बाघ ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया जिससे मृतक किशोर के घर में कोहराम मच गया। जानकारी अनुसार बता दें उत्तर निघासन रेंज बेलरायां व जनपद बहराइच के कतर्नियाघाट रेंज के सीमा से सटे लखीमपुर खीरी जनपद के उत्तर निघासन रेंज बेलरायां दुमेडा गांव में शनिवार की शाम को बाघ ने एक बालक को मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान परशुराम पुत्र कमलेश के रूप में हुई है जो जंगल से सटे गन्ने के खेत के पास मवेशियों को चरा रहा था तभी जंगल से निकले बाघ ने उसपर हमला कर उसे जंगल में खींच ले गया।

गांव के लोगों ने बालक का क्षतविक्षत शव जंगल के किनारे से बरामद किया है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया लोग सहमे हुए हैं। इस घटना की सूचना वन विभाग को दी गई मौके पर पहुंचे वन विभाग की टीम ने मौका मुआयना किया। सूचना पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे पढुआ थाना प्रभारी निराला तिवारी ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय लखीमपुर खीरी भेज दिया है। इस बाघ के हमले से मासूम किशोर को मौत के घाट उतारने से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वही मृतक मासूम किशोर के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

# नजूल की जमीनों पर अवैध निर्माण कार्य जारी

**● बगैर जमीन फ्री होल्ड और नक्शा पास कराये बगैर कराया जा रहा अवैध निर्माण पर नोटिस जारी**

**न ध्वस्तीकरण आदेश और ना ही मलवा निस्तारण आदेश फिर भी कराया जा रहा अवैध तरीके से निर्माण**

**अन्ना पैथोलॉजी के मालिक कफील द्वारा निर्माण कराए जाने के लग रहे आरोप**

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** भले ही योगी आदित्यनाथ नजूल भूमि कानून लागू कर रहे हो और इसके लिए गाइडलाइन जारी किए गए हो ।पर इसका असर जनपद खीरी में पड़ता नजर नहीं आ रहा है। जिम्मेदारों के रहमों करम पर जिला प्रशासन की नाक के नीचे स्थानीय शहर में कई जगहों पर बेखौफ नजूल की जमीनों पर अवैध तरीके से निर्माण कार्य कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मोहल्ला थरवनगंज में प्रथम पैलेस के पास और गुड मंडी में कोतवाली परिसर के पीछे सुंदर साड़ी स्टोर के स्वामी त्रिलोकी वर्मा द्वारा नजूल की जमीन पर बगैर फ्री होल्ड और नक्शा पास कराये निर्माण कराए जाने का मामला शहर में चर्चा का विषय बना है।

वहीं तीसरा अवैध निर्माण कामनाथ अस्पताल परिसर में स्थित अना पैथोलॉजी के स्वामी कफील द्वारा कराए जाने की जानकारी सूत्रों द्वारा दी गई है ।सूत्र बताते हैं कि उक्त निर्माण जमीन को बगैर फ्री होल्ड कराये और बगैर ध्स्तीकरण व मलवा निस्तारण आदेश लिए बिना ही इमारत को तुड़वाकर नवीन निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उक्त का नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र द्वारा नक्शा भी पास न कराए जाने की जानकारी सूत्रों द्वारा दी गई है ।यही हाल कमोवेस नई बस्ती में कराए जा रहे अवैध तरीके से निर्माण का भी है। लेकिन यह सब कार्य क्षेत्रीय लेखपाल और नगर पालिका परिषद लखीमपुर के




अधिशासी अधिकारी साहब को भी नजर नहीं आ रहे हैं। जिम्मेदारों की इसी लापरवाही युक्त कार्य प्रणाली से जहां नजूल की जमीनों पर कब्जा किए जाने के मामले प्रशासन को चुनौती पेश कर रहे हैं ।वही शासन के आदेश और कानून हकीकत की जमीन पर दम तोड़ते नजर आ रहे हैं ।उक्त के संबंध में अवर अभियंता नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र ने बताया संबंधित लोगों को नोटिस जारी की गई है। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल का कहना है उक्त जमीन नगर पालिका परिषद के अंतर्गत आती हैं नगर पालिका कार्यवाही करने को अधिकृत है मैंने अपनी रिपोर्ट तैयार कर नगर पालिका और नियत प्राधिकारी विनिमय क्षेत्र कार्यालय कोसौप दी है।

# आवारा पशुओं से किसान परेशान खेतों पर गुजार रहा सर्द रातें - अवधेश कुमार वर्मा

**● सपा की कटिया कम्मू में मासिक बैठक संपन्न**



**स्वतंत्र प्रभात**

**रोजा-** शाहजहांपुर/जनपद में रविवार को समाजवादी पार्टी ददरोल विधानसभा क्षेत्र की मासिक बैठक का आयोजन भावलखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के कटिया कम्मू गांव में किया गया जहां बैठक का संचालन विधानसभा महामंत्री मौलाना इरफान खां ने किया सपा कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक को विधानसभा प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह यादव, एवं ददरोल विधानसभा प्रत्याशी रहे पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने संबोधित किया पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आवारा पशुओं को लेकर किसान बहुत परेशान है और कड़ाके की ठंड मे अपनी फसलें बचाने के लिए खेतों पर सर्द रातें गुजार रहा है और वर्तमान सरकार आवारा पशुओं से निजात दिलाने को लेकर आश्वासन पर आश्वासन दे रही है और किसानों की हालत बद से बदतर होती जा रही है जनता आवारा पशुओं से बेहद परेशान है आए दिन रोड पर सांडों द्वारा जनहानि हो रही है और सरकार मौन है समाजवादी पार्टी के ददरौल विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 70त्न किसानों मजदूरों की आबादी के बावजूद किसानों को लाभकारी मूल्य गेहूं धान व गन्ने की फसल पर बढ़ोतरी न कर सरकार किसानों को गुमराह करने का काम कर रही है किसानों की आवारा पशुओं से जनहानि, फसलों की हानि, एवं महिलाओं की सुरक्षा पर भी सरकार फैल हो चुकी है ऐसी सरकार को बदलने का काम प्रदेश की जनता करेगी, बैठक को पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी पति डॉक्टर सोहेल खां उर्फ छोटे मुन्ना ने भी संबोधित किया और बैठक में पीडीए पर चर्चा की और कहा अल्पसंख्यकों का अगर कोई सच्चा हमदर्द है तो वह समाजवादी पार्टी है नजाकत खा के आवास पर हुई मासिक बैठक में लइक अहमद शाह, राममूर्ति वर्मा, सर्वेश कुमार वर्मा, मौलाना इरफान, कमलेश वर्मा, विश्वनाथ वर्मा, राजेश वर्मा, शादाब खान, जुल्फिकार खां, पूर्व प्रधान खलील, रामनिवास मौर्या, राजेंद्र कश्यप, राजीव गौतम, रिंकू सिंह, रामकिशोर मौर्य,बादशाह भोजवाल, कमलेश भोजवाल आदि उपस्थित रहे।

# एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडे ने 26 वे दिन समाप्त कराया धरना प्रदर्शन

**● वित्तीय स्वीकृति के साथ पुल बनवाए जाने का आश्वासन**




**स्वतंत्र प्रभात**

**शाहजहांपुर/कलांन** ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले बेहटा जंगल के मजरा रहीमा दासपुर में पुल सड़क और स्कूल की मांग को लेकर 26 दिन से चल रहे धरना प्रदर्शन और भूख हड़ताल को एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडे के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने 26 वें दिन समाप्त कर दिया प्रशासन ने निर्माण हेतु धन स्वीकृत के बाद कार्य कराए जाने का आश्वासन दिया है ग्रामीण गांव में विकास कार्यों में मुख्य रूप से स्कूल रोड और पुल की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे जिन्होंने पोलियो अभियान के दौरान पोलियो ड्राप पिलाने से भी इंकार कर दिया था कई नेता और अधिकारी भी मौके पर पहुंचे लेकिन ग्रामीणों का लगातार धरना प्रदर्शन जारी रहा लेकिन एडीएम प्रशासन संजय कुमार ग्रामीणों को समझने में कामयाब रहे और उनके कहने पर ग्रामीणों ने 26 वे दिन प्रदर्शन और भूख हड़ताल समाप्त कर दी एडीएम प्रशासन के साथ एसडीएम चित्रा निर्वाल, तहसीलदार अजहर अंसारी, नायब तहसीलदार पंकज कुमार, क्षेत्राधिकार जलालाबाद अमित चौरसिया, और सेतु निगम के अधिकारी भी ग्रामीणों को समझने में लगे रहे बताया जा रहा है वित्तीय स्वीकृत के बाद प्रशासन ने कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया है प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे रामकुमार राठौर ने बताया अगर अधिकारी अपनी बात पर खड़े नहीं उतरे तो जुलाई माह में फिर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# बड़ी तादाद में संविदा कर्मियो ने मेमोरियल मैदान में मध्यांचल विद्युत वितरण खंड के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** विद्युत विभाग लखीमपुर के संविदा कर्मियों ने भारी तादाद में बिलोव मेमोरियल मैदान में एकत्रित होकर मध्यांचल विद्युत वितरण खंड के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया ।सीतापुर जोन में नई कंपनी का ठेका कंपनी की नई शर्तों के खिलाफ धरना प्रदर्शन जोर शोर पर है लखीमपुर शहर के मेमोरियल मैदानमें लखीमपुर खीरी जिले के सभी डिवीजन के संविदा कर्मी ने इस धरना प्रदर्शन में हुए शामिल लखीमपुर डिवीजन गोला डिवीजन मोहम्मदी डिविजन मितौली डिविजन पलिया डिविजन निघासन डिविजन सभी डिवीजन के संविदा कर्मियों ने कंपनी के खिलाफ हल्ला बोल वहीं दूसरी तरफ विद्युत विभाग के आला अधिकारियों के खिलाफ भी मुर्दाबाद के नारे लगाए बिजली संविदाकर्मी लगा रहे हैं।विलोबी हाल पहुचे, संविदा कर्मचारी संविदा खत्म होने के विरोध में कर रहे प्रदर्शन इस कंपनी का ठेका है कंपनी की शर्त यह है कि एक पावर हाउस पर 18 संविदा कर्मी ही रहेंगे जिसमें से तीन गैंग बनाई जाएगी एक गैग में पांच आदमियों का स्टाफ होगा शेष बचे तीन आदमी वह पावर हाउस पर कंप्लेंट लिखने का कार्य करेंगे जिसमें से दिन में दो गैंग रहेंगे रात में एक गैग रहेगा।

# विरोधियों को फंसाने के लिए अपने ही पुत्र के अपहरण की रची कहानी पुलिस ने खोली पोल, गिरफ्तार




**स्वतंत्र प्रभात**

**कानपुर।** थाना बिधनू क्षेत्र के अंतर्गत एक पिता ने अपने विरोधियों को फंसाने के लिये अपने ही पुत्र के अपहरण की झूठी रचना रची और विरोधियों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कर दिया। जब पुलिस ने जांच की तो सही तथ्य सामने आए। प्रभारी निरीक्षक द्वारा हत्या सम्बन्धित अपराधों की रोकथाम व वांछित अपराधियों तथा वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु गठित टीम के क्रम में दिनांक 25.12.2024 को थाने पर वादी रामशंकर द्वारा धारा 191 (2)/190/140 /140(2)/351(3) /352 बीएनएस बनाम सोनू यादव आदि 11 के विरूद्ध अपने पुत्र छोटू उर्फ विक्रम के अपहरण होने के बारे में पंजीकृत कराया था। जिसके जांच के क्रम मे अपहृत छोटू उर्फ विक्रम की सकुशल बरामदगी के उपरान्त छोटू उर्फ विक्रम से गहनता से पूछताछ की गयी । छोटू उर्फ विक्रम ने अपने बयानो में बताया कि मेरा अपनी पत्नी से विवाद होने पर मैं दिनांक 24/12/2024 को अपने घर से मोटर साइकिल से चलने के बाद मोटरसाइकिल को घाटुखेडा मोड़ पर खड़ी करके चला गया था । मैं घर से अपनी मर्जी से गया था। नामित विपक्षियों की मेरे घर से चले जाने में कोई भूमिका नही है। वादी मुकदमा रामशंकर का विपक्षियों से जमीनी विवाद के चलते वादी ने फंसाने के लिये झूठा मुकदमा पंजीकृत कराया था एवं वादी ने अपने पुत्र छोटू उर्फ विक्रम के अपने घर से जाने लाभ उठाते हुए झूठे साक्ष्य गढकर विपक्षियों से जमीनी विवाद के चलते साजिशन झूठा फंसाने के लिये अपने पुत्र के अपहरण की साजिश गढ़ी थी। वादी रामशंकर द्वारा अपने परिवार के साथ मिलकर विपक्षी का मकान कब्जाने के उद्देश्य से साजिश रचकर झूठे साक्ष्य गढ़ने व धमकी देने के साक्ष्य प्रकाश में आये है। वादी रामशंकर व उसके पुत्र अंकुश व अन्य परिवारीजनो द्वारा साजिशन झूठे साक्ष्य गढ़ने व धमकी देने के कारण मुकदमा उपरोक्त में धारा 229/231/61(2) / 351 (3) भारतीय न्याय संहिता की बढ़ोत्तरी की गयी तथा वादी रामशंकर व उसके पुत्र अंकुश तथा अन्य परिवारीजनो का मुकदमा उपरोक्त में साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्त बनाया गया। आज अभियुक्त रामशंकर पुत्र स्व. बली उर्फ रामबली निवासी घाटूखेडा थाना बिधनू को दबिश देकर गिरफ्तार किया गया।

# कमिश्नरेट पुलिस ने अपने कर्तव्यनिष्ठ उपनिरीक्षक को दी श्रद्धांजलि

**● ड्यूटी के दौरान ब्रेन हेमरेज के कारण हुआ निधन**

**स्वतंत्र प्रभात**

**कानपुर।** कमिश्नरेट के नजीराबाद थाने में तैनात उपनिरीक्षक अनिल कुमार दुबे का ड्यूटी के दौरान ब्रेन हेमरेज के कारण निधन हो गया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने आज उनको सम्मान कंधा देकर बिदाई दी। सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार दुबे को ब्रेन हेमरेज हुआ था उनको तुरंत ही हैलेट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आज 5 जनवरी को हैलेट हॉस्पिटल कानपुर में ब्रेन-हेमरेज के कारण मृत्यु हो गई। अपने एक कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी की मृत्यु पर पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। वे मूल रूप से जनपद अम्बेडकर नगर के ग्राम दुबाने का पूरा के निवासी थे और अपने कर्तव्यों के प्रति उनकी निष्ठा और ईमानदारी को हमेशा याद किया जाएगा।

कानपुर पुलिस परिवार इस दुखद घटना से गमगीन है आज पुलिस लाइन में विपिन कुमार मिश्रा (संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध/मुख्यालय), पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी और अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल राजेश कुमार श्रीवास्तव, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारियों ने स्व. अनिल कुमार दुबे को कंधे देकर श्रद्धांजलि दी। कमिश्नरेट पुलिस ने कहा कि कानपुर पुलिस उनके योगदान को हमेशा याद रखेगा और इस कठिन समय में उनके परिवार के साथ अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता है।



# संक्षिप्त ख़बरें

## नगर पंचायत अध्यक्ष सुरियावा द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को निशुल्क कंबल का वितरण



भदोही/ सुरियावा रविवार दिनांक 5 जनवरी 2025 को भारी सर्दी एवं ठंड से सिकुड़ रहे गरीब को मदद पहुंचने के उद्देश्य से नगर पंचायत अध्यक्ष सुरियावा विनय चौरसिया द्वारा सुरियावा नगर के वार्ड नंबर चार शास्त्री नगर बनवासी बस्ती में गरीब असहाय



लोगों को गरमकंबल बाटे उन्होंने बताया कि आर्थिक दुर्बलता के कारण लोगों को गर्म कंबल का अभाव रहता है सर्दियों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ऐसे लोगों के साथ खड़ा होना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है सर्दी से जहां आम आदमी परेशान हैं वहीं इन गरीब तबके केलोगो को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है यदि हम अपनी समर्थ के अनुसार इन लोगों के बीच पहुंचकर गर्म कंबल का वितरण कर पाए तो यह अच्छी बात होगी इस मौके पर हल्का लेखपाल रजनीश बघेल पप्पू वर्मापंजाबी मोदनवाल अशोक जालन मेखर मौर्या सहितकाफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## दुकान में भीषण आग 5 लाख से अधिक का नुकसान



**सुरियावां** नगर के वार्ड नंबर 9 चौक में अमित कुमार मोदनवाल की दुकान की रोज की भाती रात में ताला वाला बंद करके बगल के आवास में सो गए इसके बाद प्रातः 8:45 बजे जब दुकान में धुवां उठा तो आसपास के लोग दुकानदार लोग चिल्लाए तो फिर जो है आस पास के दुकानदार नागरिकों एवं नगर पंचायत अध्यक्ष विनय चौरसिया ने फायर सिलेंडर से समर्सेबल से आग पर काबू पाया उनके दुकान का पूरा सामान नष्ट हो गया जिससे 5 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है चौक मोहल्ले बाजार के लोगों ने मांग किया है कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी हर थाना पर की जाए जिससे तत्काल कम दूरी पर शीघ्रता से पहुंचकर आग पर काबू पा लिया जाए किंतु यहां जब भी सूचना दी जाती है मुख्यालय ज्ञानपुर में आते-आते आग बुझी रहती है और वापस जाना पड़ता है ऐसे में जिला प्रशासन ध्यान दें

## डीएम ने मा.मुख्यमंत्री जी से मुलाकात कर मा.मुख्यमंत्री के चित्र कालीन को किया सप्रेम भेंट



**भदोही** 05 जनवरी 2025/ जिलाधिकारी विशाल सिंह ने मां. मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी से शिष्टाचार मुलाकात लखनऊ में किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कालीन निर्माता इम्तियाज़ अहमद की टेक्सटिको कंपनी के बुनकर रोहित कुमार द्वारा बनाई गई मां.मुख्यमंत्री जी के चित्र कालीन को सप्रेम भेंट किया,जिसकी मा. मुख्यमंत्री जी ने सराहना किया। जिलाधिकारी ने जनपद की उपलब्धियों को बताते हुए जनपद के समग्र विकास हेतु मा. मुख्यमंत्री जी से संवाद किया। डीएम ने मा.मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया कि जिला कारागार के बुनकर बंदियों द्वारा महाकुंभ प्रयागराज 2025 का ÷लोगो÷ प्रतीक चिन्ह सहित अन्य धार्मिक कालीन जैसे श्री राम, महादेव, गणेश ,राधा कृष्ण, मछली आदि के चित्र कालीन बनाई गई है जिसको महाकुंभ प्रयागराज के ओडीओपी स्टाल पर प्रदर्शनी व विक्रय हेतु लगेगी और देश-विदेश के लोग भदोही की मखमली कालीन की छटा से रूबरू होंगे।

## एक वारंटी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

**ड्रमंडगंज।** थाना क्षेत्र के भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव से रविवार को को पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। किसी मुकदमे में न्यायालय द्वारा बार - बार नोटिस दिए जाने के बाद भी न्यायालय में हाजिर नही होने पर उपनिरीक्षक काशी सिंह हेड कांस्टेबल इन्द्रजीत यादव ने भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव निवासी वारंटी राम बाबू कोल को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# दवा से दूरी का आसान तरीका है सुबह का व्यायाम- अताउल अंसारी

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही** साइकिलिंग क्लब के तत्वाधान में गोपीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से एक पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा निकाली गयी। क्लब के अध्यक्ष अताउल अंसारी ने कहा कि आज के आधुनिक युग में युवा इतने व्यस्त हैं कि अपने शरीर के लिए कोई योग व्यायाम नहीं कर रहे हैं और ज्यादातर लोग बीमार रहते हैं। दवा से दूरी और निरोगी काया के लिए सुबह का उठना, योग व्यायाम करना बहुत जरूरी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर आर.के. बिंद ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया और कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए 24 घंटे में एक घंटा अपने शरीर के लिए भी निकाले और योग व्यायाम, कोई खेल कूद अवश्य करे।

साइकिल यात्रा आरंभ होकर पड़ाव, चक पड़ौना, कौलापुर, धनापुर दक्षिणी, सुजातपुर, बिहरोजपुर के आस पास का भ्रमण करते हुए *वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे भदोही को स्वस्थ बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम* का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए बिहरोजपुर सीताराम मंदिर पर इसका समापन हुआ । साइकिल यात्रा में अजय बिंद, अबरार हाशमी, अमन गुप्ता, इम्तियाज अहमद, समीर शेख, राजीव जायसवाल, प्रमोद मौर्य, महेंद्र यादव, अनिल बिंद, प्रेम गुप्ता, फैज आलम, अबू हुरैरा अंसारी, अबू दर्दा अंसारी, कैलाश नाथ पांडेय, सूर्यमणि यादव समेत आदि रहे।

# भदोही में समाजसेवी और भाजपा नेता राकेश तिवारी ने गरीबों को बांटा कम्बल

● - भदोही के औराई रोड पर स्थित प्रजापतिपुर में हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही।** जनपद में शीतलहर और ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों के तरफ से कमजोर, गरीब और असहायों को कम्बल का वितरण का किया जाता है, जिससे लोगों को बेशक़ इसका लाभ मिलता है, सच में इस तरह के आयोजन से लोगो में जागरूकता भी होती है। जो सच में एक अच्छी पहल है। एक ऐसा ही भव्य आयोजन भदोही क्षेत्र के प्रजापतिपुर में समाजसेवी और भाजपा नेता राकेश तिवारी उर्फ़ पप्पू तिवारी के आवास पर रविवार को पांच हजार से अधिक भदोही नगर और आसपास के दर्जनों गांव के गरीबों,असहाय और दिव्यांग जनों को कम्बल का वितरण किया गया। कम्बल पाने के बाद लोगों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। लोग समाजसेवी और भाजपा नेता राकेश तिवारी उर्फ़ पप्पू तिवारी के इस कार्य क़ी खूब सराहना करते दिखें। कम्बल वितरण के दौरान समाजसेवी राकेश तिवारी उर्फ़ पप्पू तिवारी ने कहा कि जरूरतमंद लोगों का सेवा और सहयोग करना पुनीत कार्य है, कहा क़ि मै यथा शक्ति लोगों का आशीर्वाद लेने का छोटा सा प्रयास करता हूं, सभी को चाहिए कि लोग गरीब और असहायों के सहयोग में आगे आये।



कम्बल वितरण के दौरान उपस्थित पत्रकारों और अन्य समाजसेवी लोगों ने भी अपने हाथों से गरीबों को कम्बल वितरित किया। मालूम हो कि समाजसेवी और भाजपा नेता बीते कई वर्षो से ठंडी के मौसम में गरीबों को कम्बल वितरण करते है। राकेश तिवारी पप्पू ने केवल अपने घर बल्कि आते जाते भी गरीब और असहायों के मदद में हमेशा आगे रहते है। कोरोना काल में समाजसेवी राकेश उर्फ़ पप्पू तिवारी ने अपने सामाजिक कार्यों से एक अलग पहचान बनाई थी। जिस तरह समाजसेवी पप्पू तिवारी गरीबों और असहायों के सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहते है, वह एक मिशाल है। इस मौके पर राकेश तिवारी उर्फ़ पप्पू तिवारी, आशीष सिंह बघेल, हरीश सिंह, उपेंद्र सिंह, रविंद्र त्रिपाठी, स्नेहलता श्रीवास्तव, आरती सिंह, अजय दूबे, शिव शंकर यादव,धनंजय दूबे, शुरेश पासी, प्रिय कुमार श्रीवास्तव, अजय दूबे, सूर्य प्रसाद द्विवेदी, अश्वनी मौर्या समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# "आत्म निर्भर भारत अभियान" के तहत, वोकल फ़ॉर लोकल की थीम पर जनपद स्तरीय खादी तथा ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी उत्सव 2025 के अवसर पर आयोजित "आत्म निर्भर भारत अभियान" के तहत, वोकल फ़ॉर लोकल की थीम पर जनपद स्तरीय खादी तथा ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। विशाल प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ 6 जनवरी 2025 को मुख्य अतिथि जिला अधिकारी महोदय जनपद भदोही द्वारा स्थान- विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज ग्राउंड,(पुलिस लाइन के सामने) ज्ञानपुर, जनपद - भदोही। में उद्घाटन दोपहर को 2:00 बजे किया जाएगा* प्रदर्शनी की अवधि- 6 जनवरी 2025 से 12 जनवरी 2025 तक।



**प्रदर्शनी की मुख्य विशेषताएं-** खादी उत्पाद- सूती खादी, ऊनी खादी, रेशम खादी, पॉली खादी, रेडीमेड वस्त्र, साड़ियां, सूट, मोजा, जैकेट, और खादी कंबल।

**ग्रामोद्योग उत्पाद-** जैसे, अगरबत्ती, शहद, साबुन, हर्बल उत्पाद, अचार, मुरब्बा, आयुर्वेदिक उत्पाद, चूर्ण, नमकीन, कश्मीरी ड्राई फ्रूट्स, और रेडीमेड वस्त्र, जैकेट एवं खादी कंबल आदि विभाग द्वारा वित्तपोषित इकाइयों के द्वारा किया जाएगा।

# ओपेन जिला वालीबाल चैंपियनशिप का ऐतिहासिक समापन

● - विजेता बरहा खुर्द और उपविजेता कपासौर हुई

स्वतंत्र प्रभात







**मीरजापुर।** जिला वालीबाल संघ एवं खेल एवं जन चेतना समिति के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय ओपेन जिला वालीबॉल चैंपियनशिप का आज समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह जी के हाथों विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को कर किया गया । इस समारोह के विशिष्ट अतिथि के के सिंह (सदस्य जिला पंचायत सीखड़ )रहे ।इस मौके पर खंड विकास अधिकारी रामपाल जी, गुलाब सिंह जी(प्रबंधक एवं समाजसेवी)जय सिंह, प्रेम बहादुर सिंह ,लक्ष्मी नारायण मौर्य केअलावा भारी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे । इस प्रतियोगिता में जनपद की पुरुष वर्ग में 19 टीमों ने भाग लिया ।आज चार क्वार्टर फाइनल एवम् दो सेमीफाइनल के मुकाबले हुए ।कांटे की संघर्ष में कपसौर ने शिव शक्ति क्लब को पराजित कर, सेमीफाइनल में मुराजपुर को 25 /12, 25 /10 अंकों से पराजित कर फाइनल में जगह बनाया। इसी तरह आर बी डी पब्लिक स्कूल बरहा खुर्द ने अपने क्वार्टर फाइनल में गौरा वॉरियर्स को एवम् सेमीफाइनल में जीआईसी सुमतिया को 25/16, 25 /14 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दोनों सेमीफाइनल मैच कपसौर और आर. बी .डी.पब्लिक स्कूल बरहा खुर्द ने कड़े संघर्ष के बाद जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

यह प्रतियोगिता जिला ओलंपिक संघ एवं जिला वालीबाल संघ के महासचिव एस.पी .त्रिपाठी के कुशल निर्देशन एवं खेल एवं जन चेतना समिति के आयोजन सचिव रविंद्र प्रताप सिंह उपाध्यक्ष विजय सिंह एवं महेंद्र बिंद ,संयुक्त सचिव दिलीप सिंह , कोषाध्यक्ष विक्रम सिंह एवं आसाराम कनौजिया जी के कुशल तालमेल से संपन्न हुआ मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र देकर आयोजकों ने स्वागत किया । मुख्य अतिथि विनीत सिंह जी ने इस मौके पर जिला ओलंपिक संघ एवं जिला वालीबाल संघ के महासचिव एस.पी. त्रिपाठी एवं खेल समिति के सदस्यों की भूरि- भूरि प्रशंसा की ।उन्होंने कहा कि इतनी ठंड में इतनी दूर दराज से टीमों एवं खिलाड़ियों का आकर भाग लेना यह बहुत ही शुभ संकेत है। इसमें मुख्य निर्णायक राकेश त्रिपाठी (राष्ट्रीय निर्णायक) ,विनय प्रकाश द्विवेदी, बलराज सिंह ,ओम प्रकाश, बृजेश भूषण सिंह और स्कोरर विजय सिंह इत्यादि रहे।

# सर्वेश्वरी समूह कुशहा द्वारा वृद्ध गरीब असहायों दिव्यांगों में कंबल का किया गया वितरण

स्वतंत्र प्रभात

**सीखड़, मीरजापुर।** क्षेत्र के अदलपुरा आराजी लाइन चितेश्वरनाथ घाट स्थित अघोरेश्वर भगवान राम साधना स्थली पर अवधूत भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम पड़ाव वाराणसी एवं सर्वेश्वरी समूह अदलपुरा, कुशहा आराजी लाइन के तत्वाधान में रविवार को आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य, अशोक पांडेय, डॉ.बृजभूषण सिंह, डॉ.शिवपूजन सिंह, डॉ.बामदेव पांडेय द्वारा भगवान अवधूत राम के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर के किया गया है।इस दौरान भारी संख्या पहुंचे असहाय दिव्यांग वृद्ध महिला एवं पुरुषों में 1100 कंबल और खिचड़ी वितरण किया गया।इस कड़ाके की ठंड में गरीब मजदूर असहायो वृद्ध महिलाओं एवं पुरुषों को कंबल देना पुनीत कार्य है।कंबल पाने वाले वृद्ध महिलाओ ने आयोजक को धन्यवाद दिया और कहा कि ऐसे पुनीत कार्य के लिए आगे आना सराहनीय बताया। इस अवसर डॉ. ब्रज भूषण सिंह, अशोक पांडेय, डॉ. बामदेव पांडेय, सुनील, मिलिंद, गोपाल पांडेय, गोविंद पांडेय,संजय मिश्रा,गणेश सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं हजारों गरीब असहाय जनता उपस्थिति रही।







# एटीसी फाउंडेशन के तत्वावधान में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** छानबे क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बलुआ में एटीसी फाउंडेशन के तत्वाधान में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2024 के मुख्य अतिथि उपनिदेशक समाज कल्याण विभाग के द्वारा आर के सिंह के द्वारा संपन्न कराई गई, तीन कटेगरी प्रिमरी, जूनियर, सीनियर, में तीन प्रथम पुरस्कार सायकिल, तीन टेबल कुर्शी, तीन रेंजर सायकिल, 150 बैग सांत्वना पुरस्कार के तौर पर प्रतिभागियों को दिया गया, संस्था के फाउंडर आशीष, भुवाल, विकाश विक्रम, ओम, निहाल, रोहित, विमल, टोनी, लव, श्याम, मयंक, कपिल, के द्वारा सम्पन्न कराया है।



# गरीब जन कल्याण सेवा समिति ने जरूरतमंदों में वितरण किया कंबल

स्वतंत्र प्रभात

**चुनार, मीरजापुर।** श्रीमती सावित्रीबाई फुले के जन्म दिवस के उपलक्ष में गरीब जन कल्याण सेवा समिति सरैया सिकंदरपुर द्वारा रविवार को श्री हीरालाल वर्मा इंटर कॉलेज उस्मानपुर में 330 जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर छाया कुशवाहा सदस्य मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड मिर्जापुर व अध्यक्षता कर रहे द्वारा रामदुलार सिंह पराया प्रबंधक श्री दुखई सिंह इंटर कॉलेज उदित नगर के द्वारा सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। इस अवसर पर वक्ता के रूप में विद्यालय के प्रबंधक अवधेश कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य सौरभ कुमार श्रीवास्तव,अशोक सिंह प्रियदर्शी ने सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों के बारे में बताया। कवि राजकुमार राजन ने अपनी काव्य रचना से उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। इस अवसर पर शिक्षको को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान समिति के उपाध्यक्ष प्रीत कुमार सिंह,मंत्री श्रीमती कश्मीरा वर्मा, पार्वती सिंह, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह कुशवाहा, आदित्य गुप्ता पदयात्री, जयप्रकाश जय, शालिनी कुशवाहा, शरद कुशवाहा, अखिलेश सिंह प्रधान मीरपुर, अध्यापक राजेंद्र सोनकर व रविंद्र कुमार मौर्य कवि के रूप में बी प्रसाद,माखनलाल झटपट ,शीतला गौरव, सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिका गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व बुद्ध वंदना नयन कुमार वर्मा अध्यक्ष गरीब जन कल्याण सेवा समिति चुनार द्वारा किया गया।



# पालिका बोर्ड की बैठक में हंगामा धरने पर बैठे सभासद

● - दो से छ बजे तक चला धरना प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात



**चुनार, मीरजापुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा शनिवार को आयोजित कि गयी बोर्ड कि बैठक के दौरान कुछ सभासदों ने जन समस्याओं से संबंधित मांगों को लेकर धरने पर बैठ कर हंगामा करने लगे, जिसके चलते बैठक की कार्यवाही पूरी नही हो सकी। हंगामा कर रहे सभासदों को अधिशासी अधिकारी राजपति बैस ने समझाने की कोशिश की लेकिन वह नही माने। इसके बाद देर शाम तहसीलदार योगेंद्र शरण शाह मौके पर पहुच कर धरना पर बैठे सभासदों को समझाया और कहा कि रविवार से ही और अधिक संख्या में नगर क्षेत्र में पालिका द्वारा अलाव जलवाएं जाने का आश्वासन दिया गया और उच्चाधिकारी से बात कर अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए मंगलवार तक का समय लिया तब जाकर सभासद धरने से उठे। धरना पर बैठे सभासदों की मांग रही कि छह माह का आय व्यय का उन्हें ब्यौरा दिया जाएं।मनमानी तरीके से गृहकर जलकर न लगाया जाएं। प्रकाश की अच्छी व्यवस्था के साथ ही अलाव की पर्याप्त व्यवस्था कराई जाएं। धरना प्रदर्शन में सभासद किशन मोदनवाल, गौतम बाबू जायसवाल, अवनीश राय, विकास कश्यप, मदन लाल, विक्रम यादव आदि रहे।

# जंगल में चरने गई दो पशुपालकों की सात भैंस गायब, पशुपालकों ने दी तहरीर

स्वतंत्र प्रभात







**ड्रमंडगंज।** थाना क्षेत्र के बबुरा रघुनाथ सिंह गांव में दो पशुपालकों की जंगल में चरने गई सात भैंसों के गायब होने पर रविवार को गांव निवासी एक व्यक्ति पर भैंसों के गायब करने का आरोप लगाते हुए दोनों पशुपालकों ने तहरीर दी है।दी गई तहरीर में बबुरा रघुनाथ सिंह गांव के किरका मोहल्ला निवासी पशुपालक कलुई देवी पत्नी स्वर्गीय बहुरंगी कोल ने बताया कि अपनी दो भैंस को चराने जंगल में गई थी कि दोपहर में पेड़ नीचे खाना खाने लगी उसी दौरान भैंस गायब हो गई। गांव के सगहा मोहल्ला निवासी शिवकुमार पाल ने बताया कि बीते 31 दिसम्बर को पांच भैंस चराने के लिए जंगल में गया था दोपहर खाना खाने लगा खाना खाने के बाद भैंसों के पास गया तो भैंस जंगल से गायब थी।गांव का एक युवक बिना किसी काम के जंगल में घूम रहा था मुझे संदेह है कि उसी ने भैंसों को गायब कर दिया है। पुलिस ने दोनों पशुपालकों की तहरीर पर घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि पशुपालकों की तहरीर पर घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# ठंड को देखते हुए नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने अलाव व्यवस्था की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** इस भीषण ठंडी को देखते हुए नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने पालिका के जलकल कार्यालय पर विभागीय अधिकारियों के साथ अलाव जलवाने की व्यवस्था को लेकर समीक्षा की।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों बस स्टैंड,रैन बसेरा,सार्वजनिक चौराहे सहित विंध्यधाम में पर्याप्त लकड़ी समय से गिरवाई जाए।बस स्टैंड और विंध्यधाम में अनेकों यात्री और श्रद्धालु आते है, इसलिए इन स्थानों पर विशेष स्थानों पर ध्यान देने की जरूरत है।जिससे आने वाली यात्रियों और श्रद्धालुओं को इस ठंड से राहत मिल सके।इसके साथ ही उन्होंने सभी वार्डो में सभासदों के सहयोग से लकड़ी गिरवा के अलाव जलवाने के लिए निर्देशित किया।नपाध्यक्ष ने बताया कि अभी 85 सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाया जा रहा है,इसके साथ ही नगर के सभी वार्डो में सभासदों के सहयोग से अलाव जलवा कर आम लोगों को ठंड से राहत पहुंचाई जा रही है।

# नाबालिग किशोर की बर्बरता पूर्वक पिटाई के आरोप में प्रधान समेत छह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया, मीरजापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के बरडिहा कला के सरहरा गांव में चोरी का आरोप लगाकर नाबालिग किशोर को बिजली के खंभे में बांधकर डंडे से मारपीट कर घायल करने के आरोप में पुलिस ने ग्राम प्रधान सहित छह लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा है। एक आरोपित का नाम विवेचना के दौरान प्रकाश में लाते हुए सात आरोपितों को रविवार को सोंठिया चौराहा पुलिया के पास से प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह मय हमराह उपनिरीक्षक अच्छे लाल यादव व पुलिसकर्मियों के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय चालान भेजा गया। हलिया थाना क्षेत्र के बरडिहा कला के सरहरा निवासी सरोज पत्नी जगजीवन लाल ने शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि बीते 31 दिसम्बर की सुबह लगभग 5 बजे से तीन बजे शाम के बीच विपक्षीगण ग्राम प्रधान बरडीहा कला पन्ना लाल, व ग्राम प्रधान का पुत्र बबलू द्वारा अपने ट्रैक्टर के पार्ट की चोरी हो जाने की बात को लेकर मेरे 14 वर्षीय पुत्र अशोक कुमार को अपने कोटा वाले घर के पास ले जाकर गाली गलौज देते हुए खम्भा में बांधकर मारे पीटे तथा उसके गुप्तांग में मिर्च डाल दिए । इसके बाद मेरे लड़के को श्मशान घाट व सोठिया गांव में ले जाकर अपने साथीगण सोठिया कला गांव निवासी धीरज पटेल, रामभरोस, मनोज, आत्मा राम द्वारा चमार साले की भद्दी भद्दी गाली धमकी देते हुए मारे पीटे। जिससे मेरे लड़के अशोक को काफी चोटे आई हैं। उल्लेखनीय है कि मारपीट का वीडियो वायरल होने पर हलिया पुलिस तत्परता दिखाते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।




# 04 दिवसीय कंतित मेला को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश

स्वतंत्र प्रभात







**मीरजापुर।** रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व अपर जिलाधिकारी मीरजापुर द्वारा विन्ध्याचल क्षेत्रान्तर्गत लगने वाले 04 दिवसीय कंतित शरीफ उर्स मेला विन्ध्याचल-2025 को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बीच सकुशल एवं निर्बाध रूप से सम्पन्न करायें जाने हेतु मेला ड्यूटी में लगे पुलिस, प्रशासनिक सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण की डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल मीरजापुर में ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तत्पश्चात् अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन द्वारा क्षेत्राधिकारी सदर, थानाध्यक्ष विन्ध्याचल सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ मेला क्षेत्र का भ्रमण/निरीक्षण किया गया।

मेला क्षेत्र में भ्रमण/निरीक्षण के क्रम में भारी संख्या में कंतित मेला में आने वाले जायरीन की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर विभिन्न ड्यूटी प्वाइंटों व वाहन स्टैण्ड/पार्किंग स्थल का भ्रमण/निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन द्वारा कंतित मेला कमेटी अध्यक्ष सहित अन्य से वार्ता कर उनकी समस्याओं/सुझावों को भी सुना गया एवं सम्बन्धित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### उत्तर भारत कड़ाके की ठंड के चपेट में है

**रोज हो रही है सैकड़ों मौतें।**

**प्रयागराज।** शीतलहर चल रही है। 2025 यानि नए साल की शुरुआत से पड़ रही कड़ाके की ठंड ने लोगों की सेहत बिगाड़ दी है। अस्पतालों में सर्दी, खांसी, बुखार, निमोनिया और सांस संबंधी बीमारियों के मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। मधुमेह, अस्थमा, उच्च रक्तचाप और दिल की बीमारी इसमें कोढ़ में खाज सिद्ध हो रही है। अस्पतालों में ठंड से होने वाली इन बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या में 45 फीसदी तक इजाफा हुआ है। नाक और मुंह के जरिए शरीर में प्रवेश कर रही ठंडी हवा साइनस और टॉन्सिल की समस्या भी बढ़ा रही है। हालात यह हैं कि शुगर और हृदय रोगियों को खास तौर पर सावधान रहने की सलाह दी जा रही है। डॉक्टरी की भाषा में इसे हाइपोथर्मिया कहा जाता है।

### जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री योजनान्तर्गत सी0एस0सी0 जनसेवा केन्द्र-थुलगुला दारानगर का निरीक्षण कर लिया जायजा



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा फार्मर रजिस्ट्री योजनान्तर्गत सी0एस0सी0 जनसेवा केन्द्र-थुलगुला दारानगर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री जनहित व शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिन्दुओं में से एक हैं, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्हांने जनसेवा केन्द्र संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्री ऑनलाइन के कार्यों को पूरी जिम्मेदारीपूर्वक किया जाय। फार्मर रजिस्ट्री योजना किसानों से सम्बन्धित समस्त लाभ दिये जानें के लिए महत्वपूर्ण योजना है, किसान भाई फार्मर रजिस्ट्री के अन्तर्गत अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करवायें।

### नगर पालिका अध्यक्ष ठण्ड को देखते हुए सभी की सहायता के लिए हैं प्रतिबद्ध



**कौशाम्बी।** जनपद की नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी द्वारा बढ़ती हुई ठण्ड को देखते हुए आज नगर पालिका परिषद मंझनपुर में जरूरतमन्द और निराश्रित व राहगीरों को ठण्ड से बचाने के लिए सुविधायुक्त आश्रय स्थल (रैन बसेरा) एवं विभिन्न वार्डों के चौराहों व गली मोहल्ले में जगह-जगह पर लगे अलाव का निरीक्षण किया। नगर पालिका परिषद मंझनपुर प्रत्येक नागरिक की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर लेखा लिपिक संजय कुमार गुप्ता, विजय तिवारी उपस्थित रहे।

### जाट सेवा संघ ने मनाई बाबूजी कल्याण सिंह की जयंती



स्व. कल्याण सिंह के चत्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते जाट सेवा संघ

**अलीगढ़।** अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के जिला कार्यालय स्थित अलीगढ़ गोंडा रोड पींजरी पैंठ पर मनाई। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल रहे बाबूजी कल्याण सिंह की जयंती मौजूद सभी ने नमन कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वही समिति के जिलाध्यक्ष व भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मंडल प्रवक्ता चौधरी सत्यवीर सिंह सत्तो ने कहा अधिकांश लोग इतिहास का हिस्सा होते हैं तो कुछ सहयोगी की भूमिका निभाते हैं। उनमें से अत्यल्प ही इतिहास का निर्माण करते हैं। कल्याण सिंह इतिहास बनाने वालों में से थे। निष्ठावान स्वयंसेवक, आदर्श कार्यकर्ता, कर्मठ नेता, समर्पित संगठनकर्ता, आदर्श मुख्यमंत्री और राज्यपाल के रूप में कल्याण सिंह ने जो सोचा, वह कहा और उसे कर दिखाया। एक इंटर कॉलेज के शिक्षक से लेकर सूबे के मुख्यमंत्री व राज्यपाल तक के संघर्षों भरे सफर की डगर बेहद कांटों भरी रही। जिसके दम पर वे हिंदू हृदय सम्राट तक कहलाए गए। इस मौके पर सोनपाल सिंह, भूरी सिंह, बाल किशन सिंह , डॉक्टर राजेंद्र शर्मा, भूरा सिंह, धर्मपाल सिंह, स्वामी सुरजीत सिंह, अर्जुन सिंह फौजी, रूपेंद्र जैन, कौशल चौधरी, अरुण चौधरी, नरेंद्र सिंह, भीष्म पाल सिंह सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# अतुल सुभाष मौत मामला- पत्नी निकिता समेत सभी आरोपियों को मिली जमानत

स्वतंत्र प्रभात

**बेंगलुरु-** एआई इंजीनियर और टेकी अतुल सुभाष की मौत मामले में गिरफ्तार पत्नी निकिता सिंघानिया, उनकी सास निशा सिंघानिया और साले अनुराग सिंघानिया को जमानत मिल गई है। बेंगलुरु के सिटी सिविल कोर्ट ने शनिवार को सभी आरोपियों को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। अतुल सुभाष ने आत्महत्या से पहले रिकॉर्ड किए गए वीडियो और एक नोट में पत्नी और अपने ससुराल वालों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था।

सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया, उनकी मां निशा सिंघानिया और भाई अनुराग सिंघानिया ने मामले में जमानत के लिए बेंगलुरु की सेशन कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाई कोर्ट ने सेशन कोर्ट को आज ही याचिका का निपटारा करने का निर्देश दिया था। निकिता के वकील ने जमानत के लिए दलील देते हुए कहा कि अतुल के बेटे की देखभाल के लिए निकिता को जमानत मिलनी चाहिए, क्योंकि बच्चा अभी छोटा है।

सिटी सिविल कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद तीनों आरोपियों को सशर्त जमानत दे दी।हालांकि, रविवार को छुट्टी होने के कारण आरोपियों को सोमवार को बेंगलुरु की परप्पना अग्रहारा जेल से रिहा किया जाएगा।

अदालत ने अतुल की पत्नी निकिता सिंघानिया, सास निशा सिंघानिया और निकिता के भाई अनुराग सिंघानिया द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई की, जिन्हें बेंगलुरु पुलिस ने गिरफ्तार किया था। सरकारी वकील ने आरोपियों की जमानत याचिका का विरोध करते हुए जवाबी आवेदन दाखिल किया और दलील दी कि आरोपियों को जमानत नहीं दी जानी चाहिए। अतुल सुभाष ने 9 दिसंबर को बेंगलुरु के मराठहल्ली पुलिस थाना की सीमा के अंतर्गत अपने फ्लैट में आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने एक लंबा नोट लिखकर




आरोप लगाया था कि उनकी पत्नी और ससुराल के लोग उन्हें परेशान कर रहे हैं. यह मामला पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया था, जब मौत से पहले बनाया गया उनका एक वीडियो सामने आया। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 108 के तहत मामला दर्ज किया और 20 दिसंबर को हरियाणा के गुरुग्राम में निकिता और उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के एक होटल में उसकी मां और भाई को गिरफ्तार कर लिया था।

# जिले के इंटर कॉलेज में 6 जनवरी से 20 जनवरी तक लगेगा शिविर

**● - सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाइजर का होगी भर्ती।**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** जिला विद्यालय निरीक्षक पी0 एन0 सिंह ने बताया है कि जनपद के निम्न इंटर कॉलेज में एसआईएस इंडिया लि0 जौनपुर के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु तिथिवार शिविर का आयोजन किया जायेगा। डिप्टी कमांडेंट रजनीश राय ने बताया कि एसआईएस इंडिया लि0 भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है, जो सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत व विदेशो में कर रही है। इस शिविर में सुरक्षा सैनिक, सुपरवाइजर व आफिसर ग्रेड की नियुक्ति की जायेगी।प्रत्येक इंटर कॉलेज में तिथिवार आयोजित शिविर के पूर्ण विवरण अनुसार तिथियां इंटर कॉलेज स्तर पर निर्धारित की गई है। जिसमें इंटर कॉलेज 1. श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज धरवारा प्रयागराज में 6 जनवरी को, 2. के0वी0एम0 इंटर कॉलेज कमला नगर प्रयागराज में 7 व 8 जनवरी को, 3. लाला जांगीलाल इंटर कॉलेज कोहडार मेजा प्रयागराज में 9 व 10 जनवरी को, 4. रामानुज इंटर कॉलेज कोहडार मेजा प्रयागराज में 11 व 12 जनवरी को, 5 . आर0 पी0 रस्तोगी इंटर कॉलेज मलाक हरहर सहसों प्रयागराज में 13 व 16 जनवरी को, 6. सरस्वती देवी परमानंद सिन्हा इंटर कॉलेज सरस्वती पुरम कौड़ीहार प्रयागराज में 17 व 18 जनवरी को, 7. मेवालाल अयोध्या प्रसाद इंटर कॉलेज सोरांव प्रयागराज में 19 व 20 जनवरी को, शिविर का आयोजन किया जाएगा। जौनपुर ट्रेनिंग सेंटर के इंचार्ज डिप्टी कमांडेंट रजनीश राय बताया कि सुरक्षा सैनिक एवं सुपरवाइजर और ऑफिसर पद के लिए शारीरिक माप दण्ड जिसमें लम्बाई 168 सेंमी, सीना 80-85 सेंमी तथा उम्र 19 से 40 के बीच, वजन 56 से ज्यादा 90 से कम, योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए। वही सुपरवाइजर और अधिकारी के लिए इंटर और बीए पास होना चाहिए और लंबाई 170 सेंटी मीटर और उम्र 19 से 40 वर्ष जो देखने में होनहार हो। ऐसे इच्छुक बेरोजगार युवको को उक्त निर्धारित तिथिया अपनी सुविधानुसार संबंधित इंटर कॉलेज में निर्धारित शिविर में भर्ती हेतु प्रतिभाग कर



सकते है जिसमें चयनित अभ्यर्थियो का पंजीकरण करने के लिए 350रू0 ऑनलाइन जमा करना होगा। पंजीकृत चयनियत अभ्यर्थियो को प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिए जौनपुर भेजा जायेगा, जहाँ प्रत्येक चयनित एवं इच्छुक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के दौरान एक माह प्रशिक्षण के उपरान्त उन्हें सरकारी और गैर सरकारी जगहों के तैनाती स्थलो पर सुरक्षा के कार्य में स्थाई तैनाती दिया जाय।

## महाकुंभ में आयुष जायसवाल ने नासर पठान के नाम से बम विस्फोट की दी धमकी, गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार प्रयागराज में लगने जा रहे महाकुंभ को लेकर जोर-शोर से तैयारी में जुटी हुई है लेकिन इस बीच 11वीं के एक छात्र ने महाकुंभ के मेले में लोगों को बम से उड़ाने की धमकी दी। मामले के सामने आने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और आरोपी को बिहार के पूर्णिया जिले के भवानीपुर से गिरफ्तार कर लिया। आयुष ने यह धमकी अपने दोस्त को फंसाने के लिए की थी । इससे उसकी लड़ाई हुई थी । उसने नासर पठान का नाम एक फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट तैयार किया. पोस्ट लिखकर कुंभ मेले में लोगों को उड़ाने की धमकी दी। 13जनवरी25 से महाकुंभ के मेले का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन को स्वच्छ, भव्य और दिव्य बनाने के लिए योगी सरकार और प्रयागराज ने नगर निगम ने 30 हज़ार करोड़ के अनुमानित खर्च से बड़े पैमाने पर तैयारी की है।धमकी की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज की और आरोपी की खोजबीन शुरू की और उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रयागराज पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। आरोपी का नाम आयुष कुमार जायसवाल पुत्र जय किशन जायसवाल है। आयुष ने यह धमकी इसलिए दी क्योंकि वह अपने एक दोस्त को फंसाना चाहता था जिससे उसकी लड़ाई हुई थी। इसलिए उसने नासर पठान के नाम से एक फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया और पोस्ट लिखकर कुंभ मेले में लोगों को उड़ाने की धमकी दी। इसमें उसने कहा था कि धमाके में कम से कम 1000 लोगों की मौत होगी।

धमकी दिए जाने का पता चलने पर महाकुंभ मेला कोतवाली थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। मामले की जांच के लिए तीन टीमों का गठन किया गया और आईपी एड्रेस ट्रेस किया गया। इससे पुलिस उस नंबर तक पहुंची जिससे इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया गया था। यह नंबर बिहार के पूर्णिया जिले के भवानीपुर शहीदगंज में रजिस्टर्ड था। पुलिस ने वहां पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। धमकी भरी पोस्ट लिखने के बाद आयुष नेपाल चला गया था। प्रयागराज पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आयुष नेपाल में कहां और क्यों गया और वहां किस-किस से मिला। आयुष कुमार जायसवाल को पुलिस अपने साथ ले गई है। प्रयागराज पुलिस और एटीएस उससे पूछताछ कर रही है।

# जरूरतमंदों की सहायता करना पुण्य का काम। राजेश सिंह

स्वतंत्र प्रभात

**कोरांव प्रयागराज।** लगातार बढ़ रही ठंड और गलन के बीच आज समाजसेवी एवं जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह पटेल द्वारा लगभग पांच सौ गरीब जरूरतमंद लोगों के बीच जाकर कंबल प्रदान किया गया और उन्हें ठंड से बचने के लिए बतलाया गया। वार्ता के दौरान समाजसेवी एवं जिला पंचायत सदस्य ने बतलाया कि किसी भी असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्ति को ठंड में ठिठुरने नहीं दिया जाएगा उनकी और उनके समस्त टीम की पूरी कोशिश है कि इस भीषण ठंड में किसी को कंबल आदि चीजों की कमी महसूस ना हो। इसीलिए सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर पूर्व सूचना के माध्यम से जरूरतमंदों एवं असहायों के बीच कंबल एवं वस्त्र का वितरण किया जा रहा है। जरूरतमंदों की सहायता करना बहुत ही बड़ा पुण्य का काम है। उक्त पुनीत कार्य में समाजसेवियो एवं संस्थाओं को भी आगे आना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके। आगे बतलाया कि जल्द ही मुख्य चौराहा एवं भीड़ भाड़ वाले इलाकों में अलाव की भी व्यवस्था कराई जाएगी। उक्त मौके पर मुख्य रूप से अमर बहादुर पटेल, विनोद सिंह, नीरेंद्र निषाद, संचित पटेल, खेमराज सिंह, मंगला



प्रसाद, अभयराज पटेल, अजीत प्रधान, बृजेश प्रताप सिंह, प्रीति निषाद, विजय सिंह, रामबहादुर, राजबली कोल, दुर्गेश पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का किया गया सफल आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है जनपद में 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आज दिनांक 05/01/2025 को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपर/उप मुख्य चिकित्साधिकारी कौशाम्बी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आरोग्य स्वास्थ्य मेरे के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गई दी गयी जिसमें डॉक्टर संजय कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उदहिन खुर्द,प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सेलरहा पश्चिम शमसाबाद एवम् शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर मंझनपुर का निरीक्षण किया उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पी एन यादव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहजादपुर का निरीक्षण किया तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टिकरा का निरीक्षण किया



तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एच पी मणि ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कसेन्दा का निरीक्षण किया डॉक्टर एच पी?मणि ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है अन्य उप मुख्य चिकित्साधिकारी,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों ने भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 44 चिकित्सा अधिकारी व 115 पैरामेडिकल कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगों से ग्रसित कुल 1454 मरीजों का




चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया एवं 16 मरीजों को जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर कौशाम्बी सन्दर्भित किया गया साथ ही स्वास्थ्य मेले में कुल 46 गोल्डन कार्ड भी बनाये गये।

# जनपद में क्या सिस्टम मर गया या मर गया जमीर! कुत्ते नोच कर खा रहे मरे हुये गौवंश, वीडियो वायरल

स्वतंत्र प्रभात



**कड़ा कौशाम्बी।** जनपद में सरकार के लाख जतन के बाद गौवंशो की हालत सुधारने का नाम नहीं ले रहा है। जनप्रतिनिधि वा सरकारी कर्मी इतने बेशर्म हो गए हैं कि उनको बेजुबान जानवरों की तकलीफें न सुनाई नहीं देती न ही दिखाई देती हैं। उनको कुछ दिखता है तो वो केवल पैसा वह पैसे के लिए उनका जमीर गिरने के चलते आए दिन कहीं न कहीं भूख प्यास व इलाज के अभाव में गौवंशो की मौत हो रही हैं। ताजा मामले में गौशाला के एक गौवंश का वीडियो फिर वायरल हो रहा है जिसमें मरे हुए गौवंश को कुत्ते नोच नोचकर खा रहे हैं। मालूम हो कड़ा विकास खण्ड के उचरावाँ ग्रामसभा के अस्थाई गौशाला का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें जिम्मेदारों ने गौवंश को मारने के बाद भी उचित सम्मान नहीं दे सके हैं। जिस गौवंश के लिए शास्त्रों में उचित सम्मान के साथ उन्हें पूजनीय बनाया जिस गौवंश की दुर्दशा न हो सके सरकार ने कई तरह की योजनाओं से आच्छादित किया है उनके लिए गौशालाएं बनवाई है उसमें खाने पीने से लेकर उनकी देखभाल तक के लिए कर्मियों को रखा गया है अब वहीं कर्मी जनप्रतिनिधि पैसे के लालच में उनका राशन पानी खुद डकार कर उन्हें मौत के मुंह में धकेल दे रहे हैं इतना ही नहीं मौत के बाद उनके लाश को कुत्ते का आहार बना डाला है।

**क्या बोले अधिकारी**

कड़ा कौशाम्बी। वायरल वीडियो के बावत जब तहसीलदार सिराथू अन्नत राम अग्रवाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उचरावा की गौशाला में ठंड के चलते मौत हो गई थी उचित देखभाल न हो पाने के कारण बाहर से जानवर गौशाला में घुस आते हैं ग्राम प्रधान से बात कर उचित देखभाल के निर्देश दिए गए हैं। वायरल वीडियो के आधार पर जांच कर जो भी दोषी होगा उस पर कड़ी कारवाई की जायेगी।

# कड़कड़ाती ठण्ड में नेटवर्क के चक्कर में ऑपरेटर रजिस्ट्रेशन के लिए रातों दिन परेशान

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में कड़कड़ाती ठण्ड 3 डिग्री टेंपरेचर में रात के 10-35 बज रहे हैं इस समय ठण्ड अपने चरम पर है, गांव में लाउडस्पीकर से मुनादी हो रही है कि ब्लॉक से सिगरेटी व अन्य कर्मचारी आए हुए हैं किसानों की चक्बुद्ध व रजिस्ट्रेशन करने के लिए रात में इसलिए आए हैं क्योंकि दिन में साइट नहीं खुलती। सिस्टम सुधारने के बजाय रात में बेचारे कर्मचारियों से इतनी ठण्डी में काम करवा रहे हैं। इन कर्मचारियों के परिवार व बच्चों पर क्या गुजरती होगी ये बिना परिवार और बेऔलाद क्या जाने। सरकारी कर्मचारी भी इंसान ही होता है साहब ! रजिस्ट्रेशन की डेट बढ़ाकर आगे भी किया जा सकता है। जिनको रजिस्ट्रेशन कराना है वो रजाई से निकलकर प्रधान के घर तक नहीं जा रहे हैं, दूसरे जिले, गांव का व्यक्ति हमारे गांव में इतनी ठण्डी में घूम रहा है




, क्योंकि वह सरकारी कर्मचारी है। उक्त बातें कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू मिश्रा ने कहा है कि आज इस सिस्टम से अधिकारी भी परेशान है और गांव की जनता भी अगर रात में अधिकारियों को कुछ हो जाता है तो क्या सरकार उनके या उनके परिवार के लिए कोई अलग योजनाएं देती हैं अगर नहीं देती है तो इस प्रकार इनका समय बढ़ा दिया जाए ना की इस कड़ाके की ठण्ड में गांव की गलियों में रात के 11-00 बजे के वाईसी की जाए कोई मतलब है इस मौके पर कांग्रेस के महासचिव कौशलेश द्विवेदी शशि त्रिपाठी हेमंत रावत युगल किशोर त्रिपाठी डॉक्टर आरके मिश्रा नसीमुद्दीन भीमपाल सीताराम गोपाल पाल रामकृष्ण त्रिपाठी गोलू त्रिपाठी सचिन तिवारी आज लोगों ने मांग की है इसकी समय अवधि बढ़ा दी जाए नहीं कभी भी कोई भी अधिकारी कर्मचारी या गांव की जनता के साथ एक बहुत बड़ा हादसा भी हो सकता है।

# पुलिस उपमहानिरीक्षक निरीक्षक ने कुम्भ मेले में सुरक्षाके मध्ये नजर दुर्गाभाभी सभागार में की बैठक

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** पुलिस उपमहानिरीक्षक यातायात निदेशालय लखनऊ सुनील कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गाभाभी सभागार में आयोजित बैठक में महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत जनपद कौशाम्बी में होल्डिंग/पार्किंग एवं यातायात व्यवस्थाओं की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें उनके द्वारा महाकुम्?भ के दौरान जनपद कौशाम्बी से होकर गुजरने वाले श्रद्धालुओं के लिये विश्राम करने एवं रात्रि में ठहरने हेतु बनाये गए होल्डिंग एरिया में मूलभूत सुविधाओं (पेयजल, शौचालय, अलाव एवं प्रकाश आदि) की समुचित एवं गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था किए जाने हेतु बताया गया।




पुलिस बल द्वारा श्रद्धालुओं के साथ विनम्र व्यवहार रखते हुए उनकी सहायता के लिए तत्पर रहने हेतु जोर दिया गया। साथ ही विशेष पर्वो एवं अन्य अवसरों पर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अतिक्रमण आदि हटाए जाने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात जनेश्वर प्रसाद पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह एवं सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## कड़ाके की ठंड में हर जरूरतमंदों तक कंबल पहुंचाना हमारा लक्ष्य- वाचस्पति

**● - जारी पेट्रोल पंप पर विधायक बारा ने जरूरतमंदों को दिया कंबल**

स्वतंत्र प्रभात

**बारा प्रयागराज।** रविवार को विधायक डॉ वाचस्पति ने जारी स्थित पेट्रोल पंप पर 150 जरूरतमंदों और असहाय महिलाओं में कंबल का वितरण किया। मुख्य अतिथि विधायक बारा डॉ वाचस्पति ने कहा कि गरीबों और असहायों की मदद करना एक पुनीत कार्य है। हर जरूरतमंद महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों आदि के लिए ठंड से राहत के लिए कम्बल वितरित किए जा रहे हैं। आगे कहा कि हमारा सपना है कि गरीबों को उनका हक मिले। बाबा भैया की तरह क्षेत्र का हर समाजसेवी इस पुनीत कार्य में आगे आए। कार्यक्रम में मौजूद ब्लॉक प्रमुख जसरा अजीत सिंह ने बताया कि जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाना ही हमारी प्राथमिकता है। इस कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को कम्बल दिए जा रहे हैं। विधायक मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी ने बताया कि विधायक जी के द्वारा 150 कंबल का वितरण किया गया यह कार्यक्रम आगे भी होना है, हर जरूरतमंदो तक कंबल पहुंचाने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु वाचस्पति, अपना दल एस के नेता फूलचंद



पटेल, पेट्रोल पंप संचालक बाबा भैया, ग्राम प्रधान जारी बिहारी लाल जायसवाल, श्यामाकांत मिश्रा, राजकुमार पटेल, संदीप पटेल, मुराद अहमद, मुकेश सिंह सहित क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

# पंचायती अखाड़ा निरंजनी की पेशवाई कुंभ में प्रवेश की

**● - पुलिस अधिकारियों ने किया स्वागत।**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** पंचायती अखाड़ा निरंजनी की पेशवाई बाघम्बरी गद्दी से प्रारम्भ होकर मेवालाल पाल की चाय की दुकान से बाएं मुड़कर रामलीला पार्क से लेबर चौराहा, मटियारा रोड होते हुए बजरंगदास चौराहा, अलोपी देवी मंदि र से पहले राकेश प्रोविजन स्टोर व रघुनाथ प्रोविजन स्टोर से बाएं मुड़कर ओल्ड जीटी दारागंज मार्ग से गंगामूर्ति तिराहा से दाहिने मुडकर रिवरफ्रन्ट (किलाघाट) मार्ग होकर शास्त्री बिज् के नीचे से होते हुए त्रिवेणी मार्ग पर बांये मुड़कर त्रिवेणी उत्तरी पान्टून पुल पारकर अखाडा शिविर में सकुशल प्रवेश किया इस अखाड़े में संपूर्ण यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था, रुट एवं मार्ग व्यवस्था प्रभारी अधिकारी- अ0पु0अ नितिन कुमार सिंह, आईसीसीसी एवं उनकी पुलिस बल टीम के द्वारा संभाली गयी।

यात्रा में शामिल संतों का स्वागत एडीजी प्रयागराज जोन भानु भास्कर, पुलिस आयुक्त तरुण गाबा, आईजी रेंज प्रयागराज प्रेम गौतम, प्रभारी अपर पुलिस आयुक्त डॉ0 अजय पाल शर्मा, एसएसपी कुंभ श्री राजेश द्विवेदी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर किया गया। पुलिस व्यवस्था से



प्रसन्न साधू संतों द्वारा भी पुलिस अधिकारियों को माला पहनाकर आभार प्रकट किया गया एवं महंत राधे गिरी जी महाराज द्वारा पुलिस प्रबंध की सराहना भी की गयी।

# धोखाधड़ी और जालसाजी में फंसे पति-पत्नी


स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** थाना गोंडा के गांव पीपली खुर्द निवासी एक व्यक्ति ने गांव निवासी एक फौजी और उसकी पत्नी पर जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि पति-पत्नी ने दानपत्र की गई जमीन जालसाजी से उसे बेच दी है। पीपली खुर्द गांव निवासी ज्ञान सिंह के अनुसार फौजी रोहिताश से छह बीघा जमीन का बैनामा 18 अगस्त 2021 को कराया था। तभी से वह खेतों को जोत-बो रहा है। बाद में पता चला कि जिस जमीन का बैनामा उन्होंने कराया है उसे रोहिताश अपनी पत्नी के नाम 11 फरवरी 2020 को दानपत्र कर चुका है। फौजी के पास उनका डेबिट कार्ड है, इससे फौजी ढाई लाख रुपये निकाल चुका है। उन्होंने पति-पत्नी पर षड़यंत्र कर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया।




कहा कि तीन नवंबर को वह अपने खेत में बुवाई करने पहुंचे तो आरोपी ने दंपती ने गाली-गलौज करते हुए पीटा।

# मोदीजी के नेतृत्व में भारत- गरीबी से समृद्धि तक की यात्रा



एसबीआई रिसर्च की ताज़ा रिपोर्ट भारत के गरीबी उन्मूलन के अभियान की एक सुनहरी गाथा को प्रस्तुत करती है। यह मात्र आंकड़ों का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि उन अनगिनत सपनों की तस्वीर है, जिन्हें गरीबी के अंधकार से बाहर निकालकर उम्मीद की रोशनी से रोशन किया गया है। 2024 में गरीबी दर का 5त्र से नीचे आना यह प्रमाणित करता है कि भारत ने न केवल गरीबी के चक्रव्यूह को तोड़ा है, बल्कि अपने सामाजिक और आर्थिक ताने-बाने को मजबूती और संवेदनशीलता के साथ पुनर्सयोजित किया है। यह उपलब्धि भारत को उन अग्रणी देशों की पंक्ति में खड़ा करती है, जिन्होंने न केवल आर्थिक नीतियों को क्रियान्वित किया, बल्कि समाज के हर तबके को इस विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा बनाया। यह रिपोर्ट एक नए भारत की उस तस्वीर को पेश करती है, जहां आत्मनिर्भरता, समानता और समृद्धि का नाद गूंज रहा है।

ग्रामीण भारत, जिसे सही मायनों में देश की आत्मा कहा जाता है, ने इस ऐतिहासिक बदलाव में अपनी प्रमुख भूमिका निभाई है। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, 2012 में जहां ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी दर 25.7त्र थी, वह 2024 में घटकर मात्र 4.86त्र रह गई। यह बदलाव न केवल अद्वितीय है, बल्कि यह ग्रामीण विकास के प्रति सरकार की ठोस प्रतिबद्धता और दूरदर्शी नीतियों का सजीव उदाहरण भी है। इस सफलता के केंद्र में वे योजनाएँ हैं, जो न केवल कागज़ों पर बनीं, बल्कि गांव-गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई गईं। मनरेगा ने ग्रामीण इलाकों में रोजगार का एक स्थायी स्रोत प्रदान किया, जिससे मजदूरों को रोज़गार की गारंटी मिली। प्रधानमंत्री आवास योजना ने उन लाखों परिवारों को छत मुहैया कराई, जो पहले कच्चे और असुरक्षित घरों में रहने को मजबूर थे। उज्ज्वला योजना ने ग्रामीण महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन देकर न केवल धुएं से मुक्ति दिलाई, बल्कि उनके स्वास्थ्य, समय और ऊर्जा में भी सुधार किया।

शहरी भारत, जो आधुनिकता और प्रगति का प्रतीक है, ने भी गरीबी उन्मूलन के इस ऐतिहासिक सफर में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 2024 में शहरी गरीबी दर घटकर 4.09त्र पर आ गई, जबकि 2012 में यह 13.7त्र थी। यह गिरावट केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस प्रभावशाली बदलाव की कहानी है, जो शहरी गरीबों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए उठाए गए ठोस कदमों का परिणाम है। स्मार्ट सिटी मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), और रोजगार सृजन पर केंद्रित नीतियों ने शहरी गरीबों को एक नई आशा और दिशा दी। स्मार्ट सिटी मिशन ने शहरों के आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाते हुए, शहरी गरीबों के लिए जीवन को आसान और सुविधाजनक बनाया। प्रधानमंत्री आवास योजना ने लाखों शहरी गरीबों के सिर पर छत प्रदान की। रोजगार सृजन योजनाओं ने शहरी युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के अवसर दिए, जिससे उनके जीवन में स्थायित्व आया।

गरीबी उन्मूलन के इस अद्भुत परिदृश्य में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) ने एक क्रांतिकारी बदलाव का सूत्रपात किया है। डीबीटी ने सरकारी योजनाओं और लाभों को सीधे लाभार्थियों के खाते तक पहुंचाकर पारदर्शिता को बढ़ावा दिया और भ्रष्टाचार और बिचौलियों के कुचक्र को समाप्त कर दिया। जनधन योजना, जिसे देश के गरीबों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने के उद्देश्य से शुरू किया गया था, ने वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक अध्याय लिखा। इस योजना ने लाखों गरीब परिवारों को न केवल बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ा, बल्कि उन्हें बचत, क्रेडिट और बीमा जैसी सेवाओं का लाभ उठाने का भी अवसर दिया। डीबीटी और जनधन योजना के समन्वय ने गरीबों को सीधे नकद हस्तांतरण के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया। इससे उनकी आजीविका बेहतर हुई और उनकी आर्थिक सुरक्षा भी सुनिश्चित हुई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसे एक समग्र दृष्टिकोण के तहत परिभाषित किया गया। स्वच्छ भारत अभियान इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसने न केवल भारत के परिदृश्य को बदला, बल्कि लाखों गरीब परिवारों के जीवन में स्वच्छता और स्वास्थ्य का एक नया अध्याय जोड़ा। खुले में शौच की समस्या, जो वर्षों से ग्रामीण और शहरी गरीबों के जीवन की एक गंभीर चुनौती थी, को समाप्त करने के लिए व्यापक स्तर पर शौचालय निर्माण का अभियान चलाया गया। इस प्रयास ने करोड़ों परिवारों को गरिमा और स्वास्थ्य का अधिकार प्रदान किया और स्वच्छता को हर नागरिक के जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाया।

रिपोर्ट इस बात का सजीव प्रमाण प्रस्तुत करती है कि भारत के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में गरीबों का जीवनस्तर उल्लेखनीय रूप से उन्नत हुआ है। 2023-24 में, ग्रामीण क्षेत्रों की 69.7त्र और शहरी क्षेत्रों की 71.2त्र जनसंख्या गरीबी रेखा से ऊपर उठ चुकी है। ये आंकड़े न केवल देश की प्रगति की अद्वितीय गाथा सुनाते हैं, बल्कि विकास की सही दिशा और तीव्र गति को भी दर्शाते हैं। इस उपलब्धि का श्रेय प्रभावी सरकारी नीतियों के साथ-साथ उन जागरूक नागरिकों को भी जाता है, जिन्होंने इन नीतियों का समझदारी से लाभ उठाते हुए अपने जीवन को संवारने का साहस और संकल्प दिखाया। इस उपलब्धि के सामाजिक और सांस्कृतिक आयामों को अनदेखा करना असंभव है। महिलाओं का सशक्तिकरण इस प्रेरणादायी यात्रा में एक केंद्रीय भूमिका में रहा है। उज्ज्वला योजना ने जहां रसोईघर के धुएं से मुक्ति दिलाई, वहीं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान ने बेटियों को शिक्षा और सुरक्षा का अधिकार प्रदान किया। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की नई उड़ान दी। इन योजनाओं ने महिलाओं को केवल आर्थिक सशक्तता ही नहीं दी, बल्कि उन्हें समाज में गरिमा और नई पहचान का प्रतीक भी बना दिया।

भारत की गरीबी दर में इस ऐतिहासिक गिरावट का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं है; यह उस नए भारत की नींव है, जो हर व्यक्ति को समान अवसर और गरिमा प्रदान करता है। यह उपलब्धि उस परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का प्रमाण है, जो सही नीतियों और मजबूत नेतृत्व के मेल से समाज में गहरी और स्थायी क्रांति ला सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हासिल यह सफलता न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व के लिए एक प्रेरणास्रोत बन गई है। अब यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि इस सफलता को दीर्घकालिक स्थायित्व प्रदान किया जाए। गरीबी उन्मूलन के इस अभियान को और ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार जैसे मूलभूत क्षेत्रों में और अधिक निवेश एवं ध्यान देना होगा। यह केवल एक शुरुआत है, लेकिन इसने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत की विकास यात्रा में हर वर्ग, हर समुदाय, और हर व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। भारत ने यह सिद्ध कर दिया है कि उसकी उन्नति केवल आर्थिक आंकड़ों तक सीमित नहीं, बल्कि समावेशी विकास का प्रतीक है। यह कहानी उस उभरते भारत की है, जिसने गरीबी की पीड़ा से ऊपर उठकर विश्व मंच पर अपनी शक्ति और संकल्प का परचम लहराया है। यह उस भारत की छवि है, जो समृद्धि, समानता, और सशक्तिकरण के मार्ग पर आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत ने यह सिद्ध कर दिया है कि ÷सबका साथ, सबका विकास÷ मात्र एक नारा नहीं, बल्कि हर नागरिक के लिए एक जीवंत और साकार होता स्वप्न है। यह स्वप्न वह आधारशिला है, जिस पर नए भारत का निर्माण हो रहा है–एक ऐसा भारत जो आत्मनिर्भर, सशक्त और दुनिया के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत',**

## संपादकीय

# भरोसा तोड़ रही है बुढ़ापे की लाठी एक साहित्यकार की लावारिस मौत!



क्या आज के अर्थप्रधान प्रतिस्पर्धा और आपाधापी भरे माहौल में खून के रिश्ते भी बेमानी हो गए हैं? क्या पारिवारिक जीवन और रिश्तों की कद्र के लिए दुनिया में मिसाल बतौर पेश किए जाने वाले देश भारत में संतान इतना स्वार्थी और असंवेदनशील हो रहीं हैं कि वह एक बुज़ुर्ग पिता की करोड़ों की संपत्ति हड़प कर पिता को बीमार हालत में घर से बाहर निकाल कर लावारिस हालत में जीने मरने के लिए छोड़ सकती है। हाल ही में वाराणसी में एक वयोवृद्ध लेखक की कुछ ऐसे ही हालात में मौत और परिवारजन के नहीं आने पर सोशल वर्कर द्वारा अंतिम संस्कार खून के रिश्तों के बदलाव को बयान कर रही है आपको बता दें कि कभी अपनी लेखनी से साहित्य जगत में खासे चर्चित रहे वाराणसी के साहित्यकार श्रीनाथ खंडेलवाल की कहानी काफी मर्माहत करने वाली है।

करीब तीन दशक पहले अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी की फिल्म आई थी बागवान। पिता पुत्र के रिश्तों पर आधारित यह फिल्म समाज के लिए एक संदेश बनी है। इसमें प्रॉपर्टी के लिए बेटों ने पिता को घर से निकाल दिया था। तीन दशक पुरानी फिल्म ÷बागवान÷ की कहानी बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी वाराणसी में चरितार्थ देखने को मिली है। यहां संपत्ति के लालच में बेटी और बेटी ने एक वयोवृद्ध बीमार लाचार पिता को मरणासन्न अवस्था में उस समय घर से बाहर छोड़ दिया जब जीवन की संध्या बेला में बुजुर्ग पिता को बुढ़ापे के सहारे की जरूरत थी। बीतें शनिवार 29 दिसंबर को 80 साल की उम्र में इस बुजुर्ग की मौत हो गई।

जो जानकारी निकल कर आ रही है उससे पता चलता है कि कभी 80 करोड़ की संपत्ति के मालिक रहे खंडेलवाल की संपत्ति पहले उनके बेटे-बेटी ने हथियाई, फिर उन्हें वृद्धाश्रम में रहने के लिए मजबूर किया। 30 दिसंबर को उनके निधन के बाद भी बेटा-बेटी अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हुए। ऐसे में उनका अंतिम संस्कार समाज के कुछ लोगों को करना पड़ा। उनके निधन के बाद यह चर्चा एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है कि क्या पारिवारिक संस्कारों का अब हमारे समाज में कोई महत्व नहीं रह गया है।

श्रीनाथ खंडेलवाल ने 400 से भी अधिक किताबें लिखीं थीं। जिस जमाने में आज की तरह इंटरनेट या ऑनलाइन जैसे प्लेटफॉर्म नहीं थे, तब भी इनकी किताबें बड़ी संख्या में बिका करतीं थीं और चर्चा के केंद्र में रहा करतीं थीं। आज भी उनकी किताबें बड़ी संख्या में बिक रहीं हैं। साहित्य जगत से उनका जुड़ाव बचपन में ही हो गया था। इन्होंने अपनी पहली किताब मात्र 15 वर्ष की आयु में ही लिख दी थी। ये पद्मपुराण, 2000 पन्नों का मत्स्य पुराण, तंत्र पर करीब 300 पन्नों की किताबें लिखने के लिए खासे मशहूर थे। इनकी कुछ किताबें तो अभी भी छप रही हैं। इन्होंने शिवपुराण का पांच खंडों में अनुवाद किया। असमिया और बांग्ला भाषा के अनुवादक के तौर पर भी इनकी एक विशेष पहचान थी। लगभग 21 उपपुराण और 16 महापुराणों का अनुवाद इन्होंने अपने लेखन काल में किया। कई किताबें उन्होंने वृद्धाश्रम में रहते हुए लिखीं। किताबों की बदौलत ये 80 करोड़ की संपत्ति के मालिक बने थे।

करोड़ों की प्रॉपर्टी के मालिक और 400 से ज़्यादा किताबें लिखने वाले श्रीनाथ खंडेलवाल की वृद्ध आश्रम में सांसे टूट गई हैं। अंतिम समय में कोई अपना शव यात्रा में कोई अपना नहीं आया। समाजसेवी अमन कबीर ने उनका दाह संस्कार किया।

जिंदगी की वास्तविकता से रुबरु हुए एस एन खंडेलवाल (श्रीनाथ खंडेलवाल) एक अनाथालय में जीवन बिताने के लिए मजबूर थे। श्रीनाथ खंडेलवाल मार्च 2024 से काशी कुष्ठ सेवा संघ वृद्ध आश्रम में रह रहे थे

खंडेलवाल काशी कुष्ठ सेवा संघ वृद्धाश्रम में 17 मार्च, 2024 से रह रहे थे। श्रीनाथ खंडेलवाल ने शनिवार सुबह 9 बजे वाराणसी के 'दीर्घायु अस्पताल' में अंतिम सांस ली। इसके बाद भी उनके घर से कोई नहीं आया।

सूचना मिलते ही अमन कबीर दोस्तों के साथ अस्पताल पहुंचे। साहित्यकार को मुखग्नि दी और पिंडदान किया।पिछले 3 महीने में उन्हें कई बार अस्पताल में एडमिट करवाना पड़ा था। अमन कबीर ने ही हीरामनपुर के काशी कुष्ठ सेवा संघ वृद्धाश्रम में खंडेलवाल को रखवाया था। खंडेलवाल मार्च 2024 से यहां रह रहे थे। वृद्धाश्रम के केयर टेकर रमेशचंद्र श्रीवास्तव के अनुसार उन्हें 25 दिसंबर को सीने में जकड़न, सांस लेने में दिक्कत और किडनी की समस्या के कारण अस्पताल में एडमिट कराया गया। यहां इलाज के दौरान उनका शनिवार सुबह 9 बजे देहांत हो गया।

रमेशचंद्र श्रीवास्तव ने तुरंत इसकी सूचना अमन कबीर को दी। अमन कबीर के अनुसार यहां आने के बाद सबसे पहले कमिश्नर कौशल राजा शर्मा को घटना की जानकारी दी गई। जिस पर उन्होंने परिजनों को सूचना देने को कहा। श्रीनाथ खंडेलवाल के बेटे को फोन किया गया तो उसने आने में असमर्थता जताई। कहा- मैं बाहर हूं, नहीं आ सकता है। अमन कबीर के अनुसार इसके बाद हम लोग शव लेकर सराय मोहना घाट पहुंचे और उनका अंतिम संस्कार किया। मैंने पिडंदान किया, इसके बाद अजय कुमार के साथ उन्हें मुखाग्नि दी।मृत्यु से कुछ माह पहले श्रीनाथ खंडेलवाल ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उनका बेटा बड़ा बिजनेसमैन और एक बेटी है। उनके पास करीब 80 करोड़ की प्रॉपर्टी है। जिसे हड़प कर बेटे-बेटी ने उन्हें घर से निकाल दिया।उनका परिवार उनसे अलग हो गया था, और वह अपनी 80 करोड़ की संपत्ति से बेदखल कर दिए गए थे। श्रीनाथ खंडेलवाल 400 से अधिक किताबें लिख चुके हैं। उनकी किताबें फ्लिपकार्ट और अमेजॉन पर भी उपलब्ध हैं।

खंडेलवाल की मौत के बाद भी अंतिम संस्कार में परिवार जनों के शामिल नहीं होंगे के समाचार से सोशल मीडिया मे एक बड़ी चर्चा छिड़ गई है कुछ लोग परिजन की निष्ठुरता पर बदलते रिश्तों और खत्म हो रही संवेदनाओं पर सवाल उठा रहे हैं वहीं एक ऐसा भी वर्ग है जो बुजुर्ग साहित्यकार के कृतित्व पर ही सवाल दाग रहे हैं कि चार सौ किताब लिखने का क्या लाभ जब अपने बच्चों को ही संस्कार देने में नाकाम रहे। कुछ कह रहे हैं कि बुजुर्गों को परिवार से तालमेल बना कर रखना चाहिए।ऐसे लोगों को कौन समझाए कि एक मां-बाप भिन्न आदतों के की बच्चों की बेहतर से बेहतर परवरिश करते हैं लेकिन यही बच्चे बड़े होकर की बार मां बाप की देखभाल या बुढ़ापे की लाठी बनने से कतरा रहे हैं।

सवाल यह है कि क्या संस्कार कोई पोलियो ड्राप है? बुरा व्यक्ति भी अपनी संतानों को अच्छे संस्कार देता है लेकिन पाश्चात्य संस्कृति के प्रदूषण और अर्थ की अंधी दौड़ नैतिक पारिवारिक मूल्यों और मान्यताओं को नष्ट भ्रष्ट कर रही है ऐसे माहौल में कब किस की संतान बुजुर्ग मां-बाप से किनारा करले कोई गारंटी नहीं है। विदेश में करोड़ों की आइटी व दूसरे क्षेत्रों में जाब कर रहे हजारों संतानों के मां बाप का अंतिम संस्कार पड़ोसी और पुलिस ने किया है। कुछ अभागे तो मरने के बाद कोठियों फ्लेटों में कंकाल बन गए या दुर्गंध उठने पर प्रशासन ने सफाई कर्मियों द्वारा अंतिम संस्कार कराया गया। यह खून के रिश्तों और मानवीय मूल्यों के संक्रमण का दौर है इस में किसी दिवंगत अभिभावक पर दोषारोपण करना अनुचित है प्रायः अपनी संतानों पर ओवर कांफिडेंस के चलते जीवित रहते अपनी तमाम चल अचल सम्पत्ति संतानों को सोंप देने वाले सहृदय बुजुर्ग भी संतान की निष्ठुरता और अत्याचार का शिकार बन जाते हैं शायद साहित्यकार श्रीनाथ खंडेलवाल इस की ही सबसे ताजा मिसाल बन गए हैं।

**डॉ. मुकेश 'असीमित'**

# (देश-काल) राष्ट्रवाद और धार्मिक कट्टरता के मध्य बौद्धिक संतुलन की आवश्यकता

राष्ट्रवाद सार्वभौमिक सत्य है। राष्ट के निर्माण में राष्ट्रवाद की भूमिका हमेशा अति महत्वपूर्ण रही है। देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है कि उसकी राष्ट के प्रति गहरी निष्ठा,समर्पण हो, पर इसका कतई आशय नहीं है की सत्ता लोलुप राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रवाद को धर्म संप्रदाय से जोड़कर सत्ता हथियाने का अवसर या अस्त्र बनाने का प्रयास करें, निसंदेह इस बात से राष्ट्रीय भावना विखंडित,आहत होती है। ऐतिहासिक तौर पर लगातार सत्ता पर बने रहने के लालच से कोई भी राजा सम्राट अथवा बादशाह चिंता नहीं रहा हैद्य वर्तमान परिदृश्य में राजनीतिक पार्टी के नेता भी सत्ता लोलुपता से परे नहीं है, इस संदर्भ में कई बार राष्ट्रवाद को धर्म से जोड़कर भावनात्मक तरीके से इसे सत्ता प्राप्ति का अस्त्र तथा अवसर बनाकर उपयोग किया जाता रहा है। सत्ता सदैव परिवर्तनशील होती रहनी चाहिए, यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा को और मजबूत बनाती हैद्य लगातार सत्ता किसी भी सत्ताधीश को निरंकुश बनाकर अधिनायकवाद के बीज को रोपित करती है

देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और दूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैंद्य

राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की सर दूरदर्शन नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती हैद्य जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती हैद्य अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव आशीर्वाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैंद्य भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैंद्य यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं, और यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत चले जाते हैंद्य लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों को अवसरवादी का पत्ता एवं दलबदल क्षति पहुंचाने के बहुत बड़े कारण हैंद्य अवसरवाद तथा सत्ता की चाहत लोकतांत्रिक मूल्यों के दूरगामी दुष्परिणामों का बड़ा संकेत हो चुका है। भारतीय संविधान में भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के छोटे-छोटे छिद्रों से राजनीतिक दल अवसर के जो ताने बाने बुनते हैं उससे राजनैतिक एवं ऐतिहासिक प्रति मानव को हमेशा नुकसान ही हुआ है। अब राजनीति में सिद्धांतों की प्रतिबद्धता बहुत निम्न स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतांत्रिक नीतियों और सिद्धांतों मैं बहुत ज्यादा विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं। लोकतंत्र में बहुमत के साथ अधिनायकवाद अवतारवाद सत्ता लोलुपता और जातिगत समीकरणों का गलत तरीके से उपयोग सामंतवादी आ लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को जन्म दे सकता है। जातिवादी मतदान की लोकप्रियता वादी मजबूरी के कारण खाप पंचायतों का उदय हुआ है जो पंचायती लोकतंत्र को प्रतिस्थापित कर के मूलभूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के पतन का कारण भी बन सकता है। धर्म तथा धार्मिक प्रथाओं में समानता एवं स्वतंत्रता का हनन धार्मिक लोकतंत्र के अंत का ही स्वरूप है, जिसका कारण तुष्टीकरण आधारित लोकप्रियता वाद एवं अवतारवाद हो सकता है। पशु व्यापार गोवंश के पद पर एकतरफा प्रतिबंध को भी भारतीय लोकतंत्र के समानता स्वतंत्रता एवं धर्मनिरपेक्षता के आदेशों पर एक नकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। अवतारवाद जातिवादी राजनीति और पद लोलुपता तानाशाही प्रवृत्ति को जन्म दे सकते हैं। अति राष्ट्रवादी होने के स्वरूप को ऑन कर तानाशाही की प्रवृत्ति को आम जनता के ऊपर लागना सैनिक तानाशाही अधिनायकवाद तथा फासीवाद को भी जन्म देने की प्रक्रिया के अंग हैं। लोकतंत्र में राजशाही की तरह शासकीय धन का मनमाना दुरुपयोग एक अनैतिकग प्रक्रिया है एवं यह सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने का निम्न स्तरीय हथकंडा भी है। इससे न सिर्फ जनता पर करों का बोझ पड़ता है बल्कि सार्वजनिक रूप से किए जाने वाले जनहित के कार्यो का भीक अवरोध बन जाता है। चुनाव में मतदान को प्रभावित करने के लिए टीवी में मोबाइल फोन लैपटॉप आदि का प्रॉब्लम भी लोकप्रियता किंतु आर्थिक दूरदर्शी एवं लोकतांत्रिक न्याय के प्रतिकूल है। बीसवीं सदी के लगभग सभी थाना गांव द्वारा किस प्रकार के सैनिक राष्ट्रवाद द्वारा सस्ती लोकप्रियता पाकर लोकतंत्र को रोकने का प्रयास किया गया। पाकिस्तान म्यानमार उत्तर कोरिया देशों में व्यापक सुरक्षा हिंसा आतंकवाद पर नियंत्रण की लूट प्रिय तावादी धारणा का प्रयोग सैन्य प्रभाव को बरकरार रखने के लिए रो रहा है। लोकतंत्र का सदैव उद्देश्य तथा आदर्श जनता का समर्थन प्राप्त करना जनता किसानों की छांव की पूर्ति करना एवं जनता की हर सुविधा का ध्यान रखना है। पर देश का लोकतंत्र सत्ताचरिता, अवसरवादीता एवं एल्केन सत्तारूढ़ बने रहने की जुगत में क्षतिग्रस्त होता जा रहा है लोकतंत्र की भविष्य की संभावनाएं एवं उसके स्तंभ कमजोर होते जा रहे हैं ऐसे में देश के समृद्ध एवं प्रबुद्ध वर्ग को पहल करने आगे आना होगा वरना लोकतंत्र के दुरुपयोग के दूरगामी परिणाम विध्वंसकारी भी हो सकते हैं। पता अवसरवादी लोकप्रियता वादी विचारों के असंतुलित तात्कालिक लाभों के स्थान पर बहुआयामी लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर ही संतुलित विकास एवं समायोजन पर ध्यान देना चाहिए।परिणाम स्वरूप जनता ,सरकार ,राजनीतिक दल, मीडिया, सिविल सोसाइटी तथा अन्य सभी के हित की दृष्टि में बहुत ही व्यापक तथा दूरगामी परिणाम लाने वाले लोकतांत्रिक स्तंभ को एकजुट होकर सामाजिक संतुलन बनाए रखना होगा। एवं हम सभी के समेकित प्रयास से लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों एवं उसकी मूलभूत अवधारणाओं की रक्षा हो सकेगी।



**संजीव ठाकुर**

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

**संपादक**
**राजीव कुमार शुक्ल**
मो. 7499472288

e-Mail- news@swatantraprabhat.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

RNI No. UPHIN/2019/79073

# सेप्टिक टैंक में 'बस्तर जंक्शन'



लिखते हुए हाथ कांपते नहीं हैं ,दिल में सिहरन जरूर होती है, 'हमपेशा' मुकेश चंद्राकर के बारे में सोचकर। 33 साल के मुकेश चंद्राकर बस्तर के रवीश कुमार थे, हालाँकि उन्हें कोई रमन मेग्सेसे पुरस्कार नहीं मिला था। उन्हें सच लिखने का ईनाम मिला, लेकिन मौत की शक्ल में। मुकेश चंद्राकर की हत्या कर उनका शव एक सेप्टिक टेंक में डाल दिया गया। लेकिन मुकेश की हत्या लाख कोशिशों के बाद भी छिपाई नहीं जा सकी, हाँ अब मुकेश के हत्यारे को बचाने की कवायद और राजनीति जरूर हो रही है।

बस्तर में चंद्राकर ही चंद्राकर के कातिल हो सकते हैं, इसकी कल्पना करना आसान नहीं है, लेकिन ऐसा हुआ, क्योंकि सभी चंद्राकर एक जैसे नहीं होते। सभी चंद्राकर चंदूलाल चंद्राकर नहीं होते,सभी मुकेश चंद्राकर नहीं होते। मै चंदूलाल चंद्राकर को जानता था। वे अपने जमाने के एक शालीन पत्रकार थे और हिंदुस्तान जैसे अखबार के सम्पादक रहे। कांग्रेसी थे, लेकिन जमीन से जुड़े थे, उनकी वजह से ही पृथक छत्तीसगढ़ की नीव पड़ी। इसी छत्तीसगढ़ में मुकेश चंद्राकर भी हुए। वे अपने सीमित साधनों से बस्तर में भय,भ्र्ष्टाचार और कुशासन के खिलाफ अलख जगाये हुए थे।

मुकेश चंद्राकर 2025 की पहली रात से ही अपने घर से लापता थे। मुकेश ने स्वतंत्र पत्रकार के तौर पर एक नेशनल टीवी चैनल के लिए काम शुरू किया और साथ में ही वे यूट्यूब पर अपना चैनल 'बस्तर जंक्शन' का संचालन भी करते थे। इस चैनल पर बस्तर की अंदरूनी ख़बरें प्रसारित होती थीं, इसीलिए ये चैनल लोकप्रिय.भी था। मुकेश केवल पत्रकार ही नहीं थे बल्कि एक सामाजिक कार्यकर्ता भी थे। वे उग्रवादियों में भी विश्वसनीय थे, ग्रामीणों में भी और पुलिस में भी, लेकिन वे अलोकप्रिय थे भ्रष्ट नेताओं में ,अफसरों में। और उनका यही रूप उनकी जान का दुश्मन बन गया। मुझे किसी ने बताया कि बस्तर में माओवादियों की ओर से अपहृत पुलिसकर्मियों या ग्रामीणों की रिहाई में मुकेश ने कई बार महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुकेश की हत्या का आरोप उनके ही सजातीय ठेकेदार .सुरेश चंद्रकार पर है। वो कांग्रेस का नेता है ,इसलिए भाजपा के लिए मुकेश की हत्या राजनीति का औजार बन गयी। मुकेश चंद्राकर के भाई की शिकायत के बाद से ही पुलिस की विशेष टीम बना कर जांच की जा रही थी शुक्रवार की शाम चट्टान पारा बस्ती में ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के परिसर में एक सेप्टिक टैंक से मुकेश चंद्राकर का शव बरामद किया गया। पुलिस का कहना है कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर के मोबाइल के अंतिम लोकेशन और फोन कॉल के आधार पर जांच चल रही थी।

मुकेश की हत्या के पीछे कांग्रेस है या भाजपा ,मै इस फेर में नहीं पड़ता। मुकेश चंद्राकर की हत्या के तमाम पहलुओं के बारे में लिखा जा चुका है ,इसलिए मेरे पास इस विषय में आपको चौंकाने वाला कोई शिगूफा नहीं है ,लेकिन मै इतना जानता हूं कि छत्तीसगढ़ में दो तरह के पत्रकार हैं। एक वे जो मुकेश चंद्राकर जैसे हैं और दूसरे वे जो मुकेश चंद्राकर जैसे नहीं हैं। छत्तीसगढ़ लुटेरों की राजधानी है। यहां नेता,अफसर,ठेकेदार और पत्रकार मिलकर संसाधनों की लूट कर रहे है। पृथक छत्तीसगढ़ बनने के बाद मध्यप्रदेश के ही नहीं बल्कि महाराष्ट तक के अनेक पत्रकार छत्तीसगढ़ पहुंचकर पत्रकारिता करने लगे। जिन्हें हमारे यहां % चुकटिया % पत्रकार कहते थे वे छत्तीसगढ़ में जाकर सेठ बन गए।

मुकेश की हत्या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर नेता, अफसर, ठेकेदार और पत्रकारों के नापाक गठबंधन का हमला है। इसके खिलाफ लोग खड़े हुए हैं लेकिन वैसे नहीं खड़े हुए जैसे निर्भया के मामले में हुए थे, क्योंकि कोई मुकेश को पत्रकार ही नहीं मान रहा तो कोई उसे ब्लैक मेलर कहकर लांछित करने से नहीं हिचक रहा। लेकिन हकीकत केवल ऊपर वाला जानता है। मुकेश यदि झुनझुना बजाने वाला पत्रकार होता तो शायद नहीं मारा जाता। मारने वाला मुकेश का सजातीय ही नहीं बल्कि दूर का रिश्तेदार भी है। हत्यारा उसे खरीद सकता था, किन्तु ऐसा नहीं हुआ। मुकेश को मार दिया गया क्योंकि मुकेश अकेले ठेकेदार सुरेंद्र चंद्राकर के लिए खतरा नहीं था ,बल्कि पूरी व्यवस्था के लिए खतरा था। मुकेश जैसे लोग खतरनाक ही होते हैं ,ऐसे लोगों को कोई बर्दाश्त नहीं करता।

मुकेश की शहादत पर मुझे गर्व है। कभी-कभी मुझे लगता है कि मै सत्ता प्रतिष्ठान के लिए मुकेश की तरह खतरनाक नहीं बन पाया अन्यथा मुझे भी मुकेश गति प्राप्त हो सकती थी। मुकेश के हत्यारे सजा पाएंगे या छोड़ दिए जायेंगे ये भविष्य के गर्त में है ,लेकिन ये छत्तीसगढ़ के उन असंख्य पत्रकारों के लिए मौका है कि वे मुकेश के हत्यारों को उनके अंजाम तक पहुँचाने की कोशिश करें ,अन्यथा या तो वे टुकड़खोर कहे जायेंगे या एक दिन मुकेश गति को प्राप्त होंगे। मुकेश के प्रति मेरा मन शृद्धा से भरा है। वो मेरे बच्चों की उम्र का था। वो जहाँ भी रहे ,सच की लड़ाई लड़ता रहे। मुकेश के परिजनों पर क्याबीत रही होगी ,इसकी कल्पना यदि छत्तीसगढ़ और देश के पत्रकार कर पाएंगे तो वे मुकेश के पीछे खड़े होने में संकोच नहीं करेंगे।

**राकेश अचल**

# संक्षिप्त ख़बरें

## गोरखपुर में 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ' अभियान को मिली जोरदार शुरुआत



**गोरखपुर,** 05 जनवरी 2025- गोरखपुर में आज 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ, एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत एक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को वृक्षारोपण के महत्व के प्रति जागरूक करना और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना है। रैली का नेतृत्व प्रभागीय वनाधिकारी, गोरखपुर ने किया। इस अवसर पर उपस्थित उपप्रभागीय वनाधिकारी, गोरखपुर, डॉ. योगेश प्रताप सिंह (मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, चिड़ियाघर) और अन्य वन कर्मियों ने भी इस अभियान को अपना समर्थन दिया। यह रैली शहर के विभिन्न इलाकों से होकर गुजरी और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस अभियान के तहत लोगों को पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

## ख़जनी विकास को लेकर सीएम से एक प्रतिनिध मंडल ने की मुलाकात



**ख़जनी** आज समस्याओं के दौर से गुजर रहा है, नाली पानी विजली के तार और शौचालय सम्बंधित समस्याओं को लेकर ख़जनी का एक प्रतिनिध मंडल सीएम से मुलाकात कर जन समस्याओं पर प्रकाश डाला, ख़जनी के पूर्व जिलापंचायत सदस्य राजेन्द्र सेठ कशौधन व बिमल कुमार प्रोपराइटर ज्वेलर्स की शिष्टाचार भेंट कर अंगवस्त्र अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित किए, सीएम के समक्ष ख़जनी प्रतिनिधि मंडल राजेन्द्र सेठ ख़जनी बाजार को नगर पंचायत बनाने का प्रस्ताव रखा। ख़जनी क्षेत्र छताई से हर नहीँ तक स्ट्रीट लाइट की मांग की, सीएम योगी आदित्यनाथ अधूरे कार्य पूरा करने कहा, सीएम ने आश्वासन देते हुए कहा ख़जनी में कार्य अधूरे जल्द पूरा किया जाएगा।

## हत्या के आरोप में 1 अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद कि श्रीरामपुर थाने कि पुलिस ने हत्या के आरोप में 1 अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए हत्या में प्रयुक्त हथियार को बरामद कर लिया।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि श्रीरामपुर के प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में थाने पर मु0अ0सं0 02/2025 धारा 103(1) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट में वांछित अभियुक्त रामईश्वर राजभर उर्फ भुटेली पुत्र चन्देश्वर डुमराहर बुजुर्ग थाना दरौली जनपद सिवान बिहार को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्रान्तर्गत बंकुल पूल के पास से गिरफ्तार कर लिया एवं अभियुक्त की निशानदेही पर जगदीश बनकटा गांव के पास सरसों के खेत से घटना में प्रयुक्त तलवार बरामद कर लिया। घटना स्वीकार करते हुए आरोपी ने बताया कि मृतक शिवाजी का हमारी पत्नी से जान पहचान और बातचीत थी। इन्दू देवी की शादी अभियुक्त रामईश्वर राजभर के साथ हो जाने के बावजूद भी मृतक शिवाजी इन्दू देवी से बात चीत करता रहा एवं यह बात अभियुक्त को नागवार लगी और हरकतों से तंग आकर 3 जनवरी की शायं 7 बजे सुनसान स्थान पर तलवार से मारकर हत्या कर दी। मृतक के भाई कि तहरीर पर थाना श्रीरामपुर पुलिस मु0अ0सं0 02/2025 में धारा 103(1) को केस में बढ़ोतरी कर विवेचना में जुटी है।

## गौरी बाजार ने रूद्रपुर को हराकर जीता डायमंड कप

### नाइट दुक्की क्रिकेट प्रतियोगिता




**रूद्रपुर, देवरिया।** स्वर्गीय सत्य केतु चौहान उर्फ बंटी की स्मृति में आयोजित डायमंड कप के नाइट दुक्की क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में शुक्रवार को गौरी बाजार की टीम ने मेजबान रुद्रपुर की टीम को हराकर डायमंड कप अपने नाम कर लिया। मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम ने विनर और रनर टीम को पुरस्कृत किया। फाइनल मुकाबले में टास जीतकर पहले रुद्रपुर की टीम ने 8 विकेट में 29 रन बनाए। स्कोर को चेज करती हुई गौरी बाजार की टीम ने आखरी बाल में रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर गौरी बाजार टीम के स्पॉन्सर सागर मोदनवाल, रुद्रपुर टीम के स्पॉन्सर सभासद अंकित मणि त्रिपाठी, शैलेश पटेल, मायापति त्रिपाठी, शैलेश शर्मा, सज्जाद अली सहित तमाम खेलप्रेमी मौजूद रहे। मैन ऑफ द मैच दीपक मद्धेशिया और मैन ऑफ द सीरीज अंकित मणि त्रिपाठी को दिया गया।

# मुख्य बाजार और चौराहों पर नहीं रहेंगे ठेला व्यवसायी-ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट

**● - जाम से बचने की कठोर पहल**



**रूद्रपुर, देवरिया।** नगर पंचायत सीमा क्षेत्र को जाम के झाम से बचाने के लिए शनिवार को एक और ठोस पहल की गई। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा द्वारा पारित सख्त निर्देश के अनुसार ठेले व्यवसायी अब मुख्य बाजार और चौक चौराहों पर नहीं नजर आएंगे बल्कि उनके लिए निश्चित स्थान का निर्धारण कर दिया गया है। शनिवार को प्रशासन के आह्वान पर तहसील परिसर में चेयरमैन प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम, नगर पंचायत के कर्मचारी एवं नगर के ठेले व्यवसायियों की एक संयुक्त बैठक हुई। बैठक में यह निर्देश दिया गया कि नगर पंचायत को जाम से बचाने के लिए मुख्य बाजार के ठेले वालों को पीजी कॉलेज के पीछे पश्चिमी बाईपास की सड़क पर तथा बस स्टेशन खजुहा आदि स्थानों के ठेले वालों को रुद्रपुर गौरी बाज़ार मार्ग पर मिशन स्कूल के पास ठेला लगाने की छूट दी जाएगी। हालांकि इस आदेश से ठेले वाले संतुष्ट नहीं नजर आए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार शिवेंद्र कौंडिल्य ,नायब तहसीलदार अनिल तिवारी व कोतवाली प्रभारी रतन पांडे तथा नगर पंचायत के मुख्य लिपिक राम विनोद शुक्ला भी मौजूद रहे।

# चिकित्सकों ने जिला कारागार में बंदियों का किया नेत्र परीक्षण

स्वतंत्र प्रभात




**चित्रकूट-** सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड द्वारा रविवार को जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के नेत्र सम्बन्धी बीमारियों के परीक्षण एवं दृष्टि की समस्याओं के लिए चश्मे प्रदान करने के लिए एक नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बंदियों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें आवश्यक सलाह दी गई।

रविवार को सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के चिकित्सक मतगंजन प्रसाद शुक्ला व उनकी टीम कृष्ण चंद, पीयूष द्विवेदी, नरेंद्र त्रिपाठी, अनीस धतुरहा (आप्टोमैट्रिस्ट) ने कारागार में निरुद्ध सभी बंदियों का नेत्र परीक्षण किया। इस दौरान बंदियों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें आवश्यक सलाह भी दी गई। जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय ने सद्गुरु सेवा संघ सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड की टीम का आभार व्यक्त करते हुए यह कहा कि कारागार में निरुद्ध इन बंदियों को ज्योति प्रदान करने का यह निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजन का कार्य सराहनीय है। कहा कि टीम द्वारा जिन बंदियों को उपचार व चश्मा लगाने की सलाह दी गई है, उनके लिए कारागार प्रशासन द्वारा अग्रिम व्यवस्था की जाएगी। साथ ही जेल प्रशासन द्वारा बंदियों के लिए चश्मा बनवाकर उपलब्ध कराया जाएगा। कारागार में निरुद्ध बंदियों ने इस नेत्र परीक्षण शिविर के लिए कारागार प्रशासन को धन्यवाद दिया। इस मौके पर जिला प्रोग्राम कोआर्डिनेटर चेतन शुक्ला, काउंसिलर मानवेंद्र काउंसिलर, जेलर सन्तोष कुमार वर्मा सहित सम्बन्धित मौजूद रहे।

# डीआईजी टैफिक ने की महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट-** प्रयागराज महाकुंभ 2025 मेले के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक यातायात एवं सड़क सुरक्षा लखनऊ ने को सुरक्षित व सुगम यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

रविवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक यातायात एवं सड़क सुरक्षा लखनऊ सुनील कुमार सिंह ने महाकुंभ 2025 में प्रयागराज जाने वाले सभी मार्गों, होल्डिंग एरिया एवं आकस्मिक परिस्थितियों में किये जाने वाले रुट डायवर्जन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुगम एवं सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराने के लिए यातायात पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेते हुए यातायात पुलिस कर्मियों से उनकी व्यक्तिगत व सामूहिक समस्या के बारे जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान यातायात उपकरणों जैसे बाडीवार्न कैमरा, हेलमेट, फ्लोरोसेंट सेफ्टी बेल्ट/जैकेट, रेड ग्रीन टार्च आदि का उपयोग करने तथा महाकुंभ में आवागमन करने वाले श्रद्धालुओं के साथ विनम्र व्यवहार करने के निर्देश दिए। साथ ही एक जनवरी से मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह में स्कूलों, व्यापारिक संगठनों, ट्रान्सपोर्ट यूनियनों एवं किसान संगठनों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाने तथा प्रवर्तन कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया।

उपमहानिरीक्षक ने बताया कि महाकुंभ के दृष्टिगत सुगम एवं सुरक्षित यातायात संचालन के लिए जनपद को विभिन्न यातायात उपकरण 300 मोबाइल आयरन बैरियर, 50 एसी हेलमेट, एक इण्टरसेप्टर वाहन, 40 बाडी वार्न कैमरा, 30 सेप्टीटार्च, पांच पीए सिस्टम, 80 रेनकोट, 130 फ्लोरोसेंट जैकेट, 100 ट्रैफिक कोन, 15 ब्रेथ एनालाइजर, 250 आयरन बैरियर, 150 फोल्डिंग बैरियर, 20 हेलमेट सेप्टीबार टार्च आदि उपलब्ध कराये गए है। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल, प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सोनभद्र में 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' का सफल आयोजन

स्वतंत्र प्रभात




**सोनभद्र।** शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' का आयोजन जनवरी,2025 महीने के पहले शनिवार को किया गया। मुख्य सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में जिलाधिकारी बी.एन. सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने तहसील दिवस में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सरल भाव से सुनते हुए उनके प्रकरणों का निस्तारण कराया गया।जो शिकायत मौके पर जाकर निस्तारण करने योग्य थी ऐसे प्रकरणों में टीम गठित कर क्षेत्र में टीम भेजकर शिकायतकर्ताओं के शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कराया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण करते हुए शिकायतकर्ता का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये।जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। प्रकरणों का समाधान सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के मौके पर विभागीय कार्मिकों की टीम द्वारा किया जायेगा और जो मामले एक या दो दिन के अन्दर निस्तारित नहीं होंगे उनका निस्तारण उच्च स्तरीय अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर निस्तारित किया जायेगा। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने जमीन सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि विवादित जमीन वाले स्थल पर जाकर संयुक्त रूप से जॉच किया जाये।इसके पश्चात न्यायोचित कार्यवाही करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर आयुष्मान कार्ड बनाने, विधवा पेंशन, निराश्रित पेंशन, दिव्यांग सर्टिफिकेट जारी के लिए लगाये गये कैम्प का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्बन्धित विभाग अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित योजना जैसे आयुष्मान कार्ड बनाने, विधवा पेंशन, निराश्रित पेंशन, दिव्यांग सर्टिफिकेट आदि बनाने का कैम्प सम्बन्धित सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर लगाया जायेगा और कैम्प के प्रचार-प्रसार सम्पूर्ण समाधान दिवस के पहले तहसील क्षेत्र के नागरिकों में किया जाये। जिससे कि लोगों को जानकारी मिल सके।सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, तहसीलदार आदि ने 44 शिकायतें सुनते हुए मौके पर 08 मामलें निस्तारित किये गये और 02 टीम को क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 10 मामले निस्तारित हुए बाकी 34 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें। इसी क्रम में तहसील राबर्ट्सगंज में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनी और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित की। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित अधिकारयों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाये। जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज उत्कर्ष द्विवेदी, तहसीलदार अमित कुमार ने 100 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 16 मामलें निस्तारित किये और 4 टीमों को क्षेत्र में भेजकर 04 प्रकरणों को निस्तारित किये गये।इस प्रकार तहसील दिवस राबर्ट्सगंज में कुल 20 मामले निस्तारित हुए। बाकी 80 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।इसी तरह तहसील घोरावल में उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।इस मौके पर उप जिलाधिकारी घोरावल, तहसीलदार नटवर सिंह, सी0ओ0 घोरावल आदि ने 54 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 08 मामलें निस्तारित किये गये और 04 टीम को क्षेत्र में भेजकर 04 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस घोरावल में कुल 12 मामले निस्तारित हुए बाकी 42 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसी तरह दुद्धी में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्रा, उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव तहसीलदार दुद्धी आदि ने 37 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 03 मामलें निस्तारित किये गये। अवशेष 34 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# एडीएम ने किया कलचिहा गांव की गौशाला का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



**मऊ, चित्रकूट** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम ने रविवार को मऊ तहसील क्षेत्र की कलचिहा ग्राम पंचायत में संचालित गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौवंशों को ठंड से बचाने के लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

गौशाला के निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने गौशाला में गौवंशों के लिए भूसा व पौष्टिक आहार पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाया। साथ ही ठंड के दृष्टिगत अलाव भी जलता हुआ पाया। उन्होंने उपस्थित गौरक्षकों से कहा कि गौशालाओं में गौवंशों को भूसा व पौष्टिक आहार के साथ हरा चारा भी दिया जाए। इसके लिए गौशालाओं से सरकारी व प्राइवेट जमीन भी टैग किया जाए। जिससे कि पशुओं को हरे चारे के लिए समस्या न हो। कहा कि गौवंशों के बीमार पड़ने पर तुरंत पशु चिकित्सक को बुलाकर इलाज करवाएं तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न होने पाए। कहा कि गौशाला संचालन के लिए शासन द्वारा जो दिशा-निर्देश दिया गए है, उनका पूर्ण रूप से अनुपालन सुनिश्चित होना चाहिए। गौशालाओं में साफ-सफाई बनी रहनी चाहिए। साथ ही ठंड से बचाव के लिए गौवंशों के स्थलों को लिए बोरा व तिरपाल से चारों तरफ से ढ़के ताकि गौवंशों को ठंड से बचाया जा सके। उन्होंने खंड विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान से कहा कि गौशाला के 240 गौवंशों के लिए एक शेड छोटा पड़ रहा है। इसलिए एक और शेड जरूरत है, इसके लिए उपजिलाधिकारी मऊ से जमीन चिन्हित कराएं। साथ ही गौशालाओं में वृक्षारोपण कराकर बैरिकेडिंग भी कराएं। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी मऊ सौरव यादव, खंड विकास अधिकारी राजमी मिश्रा, ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

# रैपुरा थाने का निरीक्षण कर एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने रविवार को थाना रैपुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यावस्थाओं का निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रविवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में थाना रैपुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की साफ-सफाई देखी। साथ ही थाना कार्यालय में रजिस्टरों के उचित रख-रखाव, बंदीगृह, सीसीटीएनएस कार्यालय, प्रभारी निरीक्षक कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, नवनिर्मित भवन व अस्पताल का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने प्रभारी निरीक्षक को परिसर के अन्दर रखे कण्डम सामान को व्यवस्थित रखवाकर साफ-सफाई कराने एवं महाकुंभ प्रयागराज के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलवाने, रास्ते से अतिक्रमण हटवाने व रोड पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़े न करने सम्बधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरन सिंह, रैपुरा थाना प्रभारी श्याम प्रताप पटेल, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# खानपान के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाएंगे रसिन के संतोष सिंह

**● - राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे है संतोष सिंह**

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट-** खानपान के क्षेत्र में कैरियर बनाकर युवाओं को एक नई राह दिखाने वाले संतोष सिंह जिले के ग्रामीण परिवेश से निकलकर मुम्बई में सैकड़ों युवाओं को रोजगार दे चुके है। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कम्पनियों में अपनी सेवाएं दे चुके युवा उद्यमी संतोष सिंह अब बुंदेलखण्ड के युवाओं को खानपान के क्षेत्र में विशेष प्रशिक्षण देने की योजना के साथ काम शुरु करने जा रहे हैं।सदर ब्लाक के रसिन गांव के प्रधान व समाजसेवी दरबारी लाल के बेटे संतोष सिंह वर्तमान समय में किसी परिचय के मोहताज नहीं है। उद्यमी, लेखक, फ्यूजन मेनू और रेसिपी, क्रिएटर संतोष सिंह ने खानपान के क्षेत्र में लगभग एक दशक पहले अपना कैरियर शुरू किया था। दक्षिण भारत में नामी गिरामी अलग-अलग कम्पनियों में काम करने वाले संतोष सिंह होटल मैनेजमेंट का कोर्स करने के बाद से ही इस क्षेत्र में शीर्ष तक पहुंचने के लिए प्रयासरत थे। साथ ही भारतीय व्यंजनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस क्षेत्र में सक्रिय संतोष सिंह ने सेफ डी ग्रीन्स और चाय सेफ के शीर्षक के साथ कार्यक्रम किए। जो बेहद लोकप्रिय हुआ। उन्होंने ताज होटल, टाटा ग्रुप और बेस्ट पुलनरी हेड के अवार्ड जीते है। साथ ही रिलायंस ग्रुप, महिंद्रा ग्रुप, महाराष्ट्र स्टेट में कुलनरी हेड और पीडिलाईट ग्रुप के कार्पोरेट हेड की जिम्मेदारी निभाने वाले संतोष सिंह ने बताया कि खानपान के क्षेत्र में अब नए उद्यमी भी हाथ आजमा रहे है। भारतीय व्यंजनों को विश्वस्तरीय पहचान दिलाते हुए वह अब बुंदेलखंड क्षेत्र के युवाओं को भी इसमें पारंगत करने का प्रयास कर रहे है। खासतौर से साफ-स्वच्छ और स्वास्थ्य वर्द्धक खाद्य पदार्थों के जरिए जंक फूड की संस्कृति को पछाड़ते हुए भारतीय संस्कृति वाले खानपान को बढ़ावा देने के लिए अब बुंदेलखण्ड खासतौर से चित्रकूट के युवाओं को प्रशिक्षण देने की योजना उन्होंने बनाई है। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ युवा अच्छी खासी कमाई कर सकते है। वर्तमान समय में युवा इस क्षेत्र में काम कर रहे है। साथ दुनिया के बड़े लक्जरी फाइव स्टार होटलों में भारत के युवा अच्छे पदों पर है। जिनका वेतन प्रतिमाह लाखों रुपये होता है।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ ललित कुमार सिंह व्याख्यान देने जायेंगे दुबई

**● - अबू धाबी विश्वविद्यालय में 10 व 11 जनवरी को होगा अंतर्राष्ट्रीय व्याख्यान**

**विश्व हिंदी दिवस पर विभिन्न देशों के विद्वान दुबई में जुटेंगे**

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट-** आगामी 10 एवं 11 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर अबू धाबी विश्वविद्यालय दुबई में अंतर्राष्ट्रीय व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विश्व भर के विभिन्न देशों के विद्वानों के बीच महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विवि के हिंदी विषय के विद्वान प्राध्यापक डॉ ललित कुमार सिंह व्याख्यान देंगे।

अबू धाबी विश्वविद्यालय दुबई में आगामी 10 एवं 11 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ ललित कुमार सिंह हिंदी भाषा के विकास में हिंदी सिनेमा के योगदान विषय पर व्याख्यान देंगे। अबू धाबी विश्वविद्यालय दुबई एवं साहित्य संचय शोध संवाद फाउंडेशन नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ ललित कुमार सिंह को अबू धाबी विश्वविद्यालय ने विशिष्ट शोध व्याख्यान के लिए वक्ता के रूप में आमंत्रित किया है। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने डॉ ललित कुमार सिंह को विशेष व्याख्यान के लिए दुबई जाने की अनुमति देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। डॉ ललित कुमार सिंह को मिले इस आमंत्रण पर कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो नंदलाल मिश्र सहित शिक्षकों ने प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ ललित कुमार सिंह के शोध परक व्याख्यान प्रस्तुति से ग्रामोदय विश्वविद्यालय को हिंदी जगत में एक नई पहचान मिलेगी।

# होल्डिंग एरिया का एडीएम ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**मऊ, चित्रकूट** अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 को देखते हुए होल्डिंग एरिया महामति प्राणनाथ महाविद्यालय मऊ, यूपी सीडा कार्यालय कल्चिहा आदि महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी बालकृष्ण गौतम को निर्देश दिए कि होल्डिंग एरिया में समतली करण कराकर बैनर लगवाएं और बैरिकेडिंग भी कराएं। साथ ही प्रकाश और पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाएं। यहां आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए मोबाइल शौचालयों की व्यवस्था भी कराई जाए। जिससे लोगों को दिक्कतें न हो। इस मौके पर मऊ उपजिलाधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।



# संक्षिप्त ख़बरें

## डायट भवन मोतीहारी मे शिक्षको का प्रशिक्षण हुआ संपन्न



**मोतीहारी** मे पांच दिवसीय आवासीय विद्यालय आधारित आकलन (S B A) का प्रशिक्षण हुआ जिसमें जिला के सभी प्रखंडों के शिक्षको ने भाग लिया प्रशिक्षण मे मुख्य रूप से नई शिक्षा नीति पे फोकस किया गया जिसमें डायट के विद्वान प्रोफेसरों ने शिक्षको को प्रशिक्षित किया विभिन्न प्रखंडों से आए शिक्षको ने भाग लिया जिसमें अपनी विचारों को भी रखा जिसमें जिला के चर्चित शिक्षाविद् उच्च विद्यालय मधुबन के डॉ राकेश कुमार सिंह सहित लगभग 150 शिक्षको ने भाग लिया जिनमें शशांक शेखर, नीतू कुमारी, संत कुमार सिंह, ब्रजेश कुमार, शशिशेखर, प्रेमप्रकाश, हरेंद्र रजक, लक्ष्मण कुमार पंकज, रेखा कुमारी, धर्मेंद्र यादव,राकेश चौधरी, दीनानाथ चौधरी, वसीम, अनवर, अचला रानी आदि मुख्य रूप से रही।

## बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने पर सपा की बैठक आयोजित



**लंभुआ।** सुल्तानपुर लंभुआ सपा कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें पार्टी के विधानसभा के नेता, पदाधिकारी एवं सेक्टर प्रभारी मौजूद थे। विधानसभा अध्यक्ष सतपाल यादव ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 27 जनवरी से होने वाले पीडीए कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए हम लोग अभी से प्रयास करना शुरू कर दें। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने की रूपरेखा तय की गई और कहा की सभी सेक्टरों में कार्यक्रम बूथ स्तर तक किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दें और बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाएं। इस तानाशाही बीजेपी सरकार को उखाड़ फेंकना है। मौके पर हरीश यादव, मुलायम यादव, बंसराज यादव आदि काफी संख्या में सपाई मौजूद थे।

## पुलिस अधीक्षक ने बॉर्डर क्षेत्र के थानों व पुलिस चौकियों का आकस्मिक निरीक्षण किया



**सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन द्वारा बॉर्डर क्षेत्र के थाना मोहाना, कपिलवस्तु, पुलिस चौकी शुद्धोधन, बजहा, ककरहवा का आकस्मिक निरीक्षण कर चौकी प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस चौकी के विभिन्न अभिलेखों/रजिस्टरों का गहनता से निरीक्षण किया और अपूर्ण अभिलेखों, रजिस्टरों को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने सयंमकाल के समय बाजार में पैदल गश्त करने के लिए निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने चौकी पर तैनात सभी पुलिस कर्मियों के बैरक,मेस, स्नानागार एवं अन्य स्थानों का भी निरीक्षण कर चौकी प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, पुलिस क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष मोहाना अनूप कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## विवादित पोस्टर लगाने वाले पाकिस्तान जाएं:शकुन्तला भारती



**अलीगढ़।** थाना रोरावर क्षेत्र के तेलीपाड़ा में लगाए गए विवादित पोस्टरों को लेकर पूर्व महापौर शकुंतला भारती का बयान सामने आया है। शकुंतला भारती ने विवादित पोस्टर लगाने वाले लोगों को पाकिस्तान जाने की सलाह दी है। पूर्व महापौर शकुंतला भारती ने कहा कि यहां सब मिलजुल कर रहते हैं और जिन्होंने यह पोस्टर लगाए हैं वह पाकिस्तान चले जाएं। दरअसल क्षेत्र में शनिवार को विवादित पोस्टर लगाए गए थे। पोस्टर लगाने के बाद पूर्व महापौर ने यह बयान रविवार को दिया है।

# असम प्रदेश योगी सम्मेलन के लखीमपुर जिला समिति के द्वि बार्षिक अधिवेशन सभा संपन्न

● - 12 आंचलिक समिति के साथ नए लखीमपुर जिला समिति गठन।





स्वतंत्र प्रभात

**असम धेमाजी।** लखीमपुर जिले की नगर की बाज़ारपट्टी में स्थित चौधरी प्रेक्षागृह में आज असम प्रदेश नाथ योगी सम्मेलन उत्तर लखीमपुर जिला समिति द्वि वार्षिक अधिवेश का आयुजन किया गया। सुबह पर्यावरण निराकरण, सम्मेलन की पताका फहराया जिला सम्मेलन के अध्यक्ष दिनेश नाथ ने, प्रतिनिधि सभा का शुभारंभ किया सेवानिवृत शिक्षक रंजित नाथ ने। दुपहर 1 बजे में असम नाथ योगी पंडित सम्मेलन के अध्यक्ष लखीराम नाथ ने मंगलदीप प्रज्जलीत कर आम बैठक का शुरुआत किया।सम्मेलन के केंद्रीय निरीक्षक प्रसांत नाथ की उपस्थिति में सम्मेलन के जिला अधक्ष दिनेश नाथ की अधक्षता में एक बैठक किया गया।

बैठक में लखीमपुर जिला समिति की पुराने समिती के गत कार्यकाल के कार्य विवरण के साथ समस्त हिसाप दाखिल किया संपादक दिगंत नाथ ने। बैठक में सम्मेलन के जिले की अंतर्गत 12 नाथ योगी आंचलिक महिला समिती एवं युवा परिषद् के नई समितिया गठन किया गया जिसमे मध्य तेलाही, नाउवोइचा, उत्तर तेलाहि, उत्तर लखीमपुर नगर, ढकुवाखाना, सुबनशीरी, फुलबारी, यूरियाम तला, लीलाबारी, हारमाती, बिहपुरिया, कमला बड़ीया, शामिल हैं। इन आंचोलोको से आए प्रतिनिधियों में से थानेश्वर नाथ को अध्यक्ष और दिगंत नाथ को सचिव के रूप में लेकर 25 सदस्य वाले सम्मेलन के नए लखीमपुर जिला समिती गठन किया गया। बैठक में आमंत्रित अथिति, सम्मानित अतिथि एवं निर्दिष्ट वक्ताओ ने नाथ योगी समुदाय के समस्याओ के बारे में उल्लेख कर समुदाय के लोगों को एकजुट होकर काम कर आनेवाले दोनों में समुदाय के समस्याओ को समाधान करनेके लिए सभा को आह्वान किया।बैठक में नाथ योगी पुरहित सम्मेलन के अध्यक्ष लखीराम नाथ, असम प्रदेश योगी सम्मेलन के सलाहका प्रशांत नाथ, नाथ योगी छात्रा संघ के केंद्रीय सचिव दीपक नाथ, पत्रकार संजय नाथ, नाथ योगी छात्रा संघ के धेमाजी जिला के कार्यकारी अध्यक्ष योगी सुबेश नाथ, सांस्कृतिक सचिव जितेन नाथ।शिक्षाविद युगल नाथ, दिनेश नाथ, लखीमपुर डायट के प्रवक्ता लखी नाथ, शिक्षक घन नाथ, रंजित नाथ,प्रफुल्ल नाथ, लखीमपुर आईन महाविधालय के प्रवक्ता ब्रजलाल नाथ, बिज़नेस मेन प्रफुल्ल नाथ, हेमलता नाथ, युवा परिषद् पूर्व अध्यक्ष केशव कटोनी , स्वागत समिति के अध्यक्ष सूरज चौधरी, सचिव विमल नाथ,लखीमपुर जिले की 12 अंचालिक समिती के कार्यकर्ता सहित जिले की भिविन्न प्रांत दो सौ से अधिक नाथ योगी समुदाय के लोगों ने भाग लिया।

# नाराज पत्नी ने पति को पेड़ से बांध कर की पिटाई

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया थाना क्षेत्र टेकनार गांव में एक महिला ने अपने पति को गांव के पास एक पेड़ में बांधने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि स्वतंत्र प्रभात अखबार नहीं करता है। बताया जाता है कि व्यक्ति की दो पत्नी है। किसी बात को लेकर पेड़ में बांधकर पिटाई की है। इस घटना को देखकर किसी ने पेड़ में व्यक्ति को बंधा देखकर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। जो वायरल हो रही है। यह मामला शुक्रवार का बताता जा रहा है। मामले में पुलिस केस दर्ज कर कार्रवाई की ।

टेकनार गांव निवासी गौरीशंकर की पहली शादी करौना गांव हुआ है। इस पत्नी से एक पुत्र है। उसके बाद गौरीशंकर ने भावपुर गांव की रहने वाली एक महिला से शादी कर लिया। जब इस महिला को लेकर आया तो पहली पत्नी पुत्र को लेकर करौना चली गई। उसके मामले को लेकर कई बार थाना पर सम्भ्रांत व्यक्तियों के बीच पंचायत हुई, लेकिन कोई समाधान नही हुआ। शुक्रवार को पहली पत्नी अपने पुत्र के साथ टेकनार गांव पहुँची, और पति गौरीशंकर को पेड़ से बाध दिया। इस मामले को देखने के लिए गांव के लोग पहुँच गए। किसी ने पुलिस को सूचना दी। सुचना पर पहुंची पुलिस गौरीशंकर को पेड़ से छुड़ाकर पेड़ में बांधने वाले पत्नी व पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई की। इस संबंध में थानाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद का कहना है कि इस मामले में केस दर्ज कार्रवाई की गई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दिल्लीवासी दहशत में, कब्जा कराऊ गैंग का आतंक- सोलंकी

स्वतंत्र प्रभात




**नई दिल्ली-** पालम विधानसभा स्थित मधु विहार के अंतर्गत सोलंकी मार्केट की मुख्य सड़क पर खाली प्लॉट को कुछ अवांछित तत्वों द्वारा कब्जा करने की कोशिश की गई लेकिन वहां की स्थानीय निवासियों एवं आर डब्लू ए की सूझबूझ एवं एकता की वजह से सफल नहीं हो सके साथ ही वहां के नागरिकों में इस कृत्य से काफी आक्रोश उत्पन्न हो गया है। सरदार त्रिलोचन सिंह द्वारा बताया गया कि उन्होंने 1984 में यह प्लॉट खरीदा गया था तथा इन दिनों वह यमुना पार रहता है तथा कभी कभी अपना प्लॉट देखने आता था परन्तु कुछ लोगों ने कल कब्जा करने मंशा की जिसे देखते हुए स्थानीय लोगों एवं आर डब्लू ए की सूझ बुझ एवं विरोध के चलते क्षेत्र के एस एच ओ व डी सी पी की मदद से हो गए नाकाम। बुजुर्ग विकलांग त्रिलोचन सिंह ने थाने में शिकायत की तथा पुलिस की मदद से फिलहाल कब्जा तो रुका हुआ है लेकिन लोगों में काफी आक्रोश है जिसके बाबत मधु विहार वार्ड की सभी आर डब्ल्यू ए के लोगों ने आज शाम एक महापंचायत की और कब्जा रोकने का प्रण लिया साथ ही सभी को सतर्क रहने का अनुरोध भी किया मधु विहार आर डब्ल्यू ए के प्रधान रणबीर सिंह सोलंकी ने कहा कि हम सभी मधु विहार के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयास करते रहे हैं और इसमें हमें सफलता भी मिली है उसी प्रकार हम चाहते हैं कि हमारे किसी क्षेत्रवासी के साथ किसी प्रकार का अन्याय न हो। हम देख रहे हैं कि फिर से क्षेत्र में कब्जा कराऊ गैंग सक्रिय हो रहे हैं और असहाय निरीह लोगों के प्लॉट अवैध तरीके से हथियाना चाहते हैं जो हमे कतई बर्दाश्त नहीं है साथ ही हम पुलिस से मांग करते है जो भी दोषी पाया जाए उसके खिलाफ सख्त से सख्त करवाई की जाए फेडरेशन ऑफ साउथ एंड वेस्ट डिस्ट्रीक्ट वेलफेयर फोरम के सचिव महेश मिश्रा ने कहा कि ऐसे अवांछित लोगों से आपसी सहयोग और एकता से ही निपटा जा सकता है इसलिए अगर आपका कही भी खाली जमीन या मकान है तो अपने पड़ोसियों एवं वहां की आर डब्लू ए में आप इसकी सूचना पहले से देकर रखे जिससे हर कोई अपने खूम पसीने की कमाई को सुरक्षित रख सके और स्थानीय लोग व आर डब्लू ए समय पर आपकी मदद कर सके सोलंकी ने जिला द्वारका के डी सी पी, दिल्ली पुलिस कमिश्नर एवं उपजयपाल से मांग की है कि ऐसे मामलों पर संज्ञान लेकर कब्जा करने वालों की विजिलेंस जांच कर उन्हे दंडित किया जाए और पीड़ित व विकलांग बुजुर्ग के साथ न्याय किया जाए इस सभा में आए सभी क्षेत्रीय नागरिकों, प्रधानों और आर डब्ल्यू ए के सदस्यों ने इसका समर्थन किया और कब्जा रुकने तक आंदोलन जारी रखने की बात का पुरजोर समर्थन किया इस सभा में राजापुरी के प्रधान प्रितपाल सिंह, देवेंद्र चौधरी,राम दर्शन अग्रवाल,तरसेम अग्रवाल,मास्टर रमेश खटाना,प्रेम मलिक, हरिश्चंद्र राय, एडवोकेट राकेश कुमार, सुशील तोमर, जगदीश भड़ाना, भूपेश भावल, हरीश शर्मा के अलावा प्लॉट के वास्तविक मालिक सरदार त्रिलोचन सिंह, उनके पुत्र, दामाद और बेटी भी मौजूद थे जिन्होंने अपनी बातें रखी और आर डब्लू ए एवं सभी स्थानीय निवासियों का धन्यवाद व्यक्त किया।

# हिंदुत्व पर प्रहार, "महाप्रलय को आमंत्रण" विषय पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात







**सिद्धार्थनगर।** इटवा कस्बा क्षेत्र के जेकेजे मैरिज हाल में कर्म योगी परिवार इटवा द्वारा हिंदुत्व पर प्रहार, "महाप्रलय को आमंत्रण" विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। रविवार को पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के अध्यक्षता में संगोठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों को बुके व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि पूरे सृष्टि की शांति व विश्व की कल्याण की कामना करने वाले हिन्दू धर्म को बदनाम करने की साजिश लगातार किया जा रहा हैं। मैं कट्टर हिंदू हूं और कट्टर हिंदू को पसंद करती हूं। उन्होंने कहा कि मोदी योगी के सरकार में हिन्दू सुरक्षित हैं, योगी सरकार में उत्तर प्रदेश में बहुत शांति हैं और यह शांति बुलडोजर से आई हैं, यूपी में भाजपा व योगी सरकार न होती हैं तो यह भी एक बांग्लादेश होता। हमें खतरा अपने बीच बैठे गद्दारों से हैं, हमे जातीयतीय की दीवार को तोड़कर एक होना होगा और किसी हिन्दू के साथ अत्याचार हो तो सबको एक हो जाना चाहिए। उन्होंने देश व हिंदुत्व के खिलाफ षड्यंत्र करने वालों के ऊपर टिप्पणी करते हुए कहा कि जिसको इस देश से प्यार नहीं उसको यहां रहने का अधिकार नहीं। हिन्दू जातिपात के भेदभाव को छोड़ते हुए एकत्रित होना चाहिए और अपने बीच बैठे गद्दारों को पहचान कर उनका बहिष्कार करना चाहिए। हम सभी को अपने बच्चों को कॉन्वेंट स्कूल को छोड़कर कर गुरुकुल, शिशु मंदिर, आर एस एस की शाखाओं में भेजना चाहिए जिससे उनके अंदर संस्कार का निर्माण हो सके। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में जागृति के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होना चाहिए। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी सनातनियों को एकत्रित होने की आवश्यकता हैं।

डॉ. अरविंद सिंह ने कहा कि हिंदुत्व एक जीवन पद्धति हैं, समाज के सभी लोगों को सनातन के रक्षा के लिए आगे आना चाहिए। कुछ विधर्मी एक बहुत बड़े समूह को हमारे सनातन समाज से अलग करने की कुचक्र कर रहे है। हम सभी को सामाजिक समरसता कायम रखते हुए उनको सफल नहीं होने देना हैं। सनातन भारत की प्राण हैं, सतनात बढ़ेगा तो भारत बढ़ेगा। इस दौरान लवकुश ओझा, चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी, धर्मराज वर्मा, विकास जायसवाल, संजय मिश्रा, रामकृपाल चौधरी, विवेक श्रीवास्तव, कप्तान सिंह, मनोज कौशल, अशोक पाण्डेय, राजू सिंह, अजय सिंह, अक्षय पाण्डेय, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, लालजी शुक्ला, मदन यादव, सुमित्रा नंदन श्रीवास्तव, लवकुश अग्रहरि, राजू पाण्डेय, राजू सिंह, श्रीराम, सुरेश कन्नौजिया, कृष्णपाल सिंह, श्याम सुंदर, बृजेश पाठक, विकास मिश्रा, प्रेम नारायण दुबे, ओम प्रकाश छापड़िया, अनिल जायसवाल आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहें।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के मेधावी बच्चों को सीओ ने किया सम्मानित

● - अविरल फाउंडेशन के तत्वाधान में सम्मान समारोह का आयोजन




स्वतंत्र प्रभात

**लंभुआ।** सुल्तानपुर सम्मानित होना अपने आप में एक गौरव का विषय है, जब सम्मान मिलता है तो मन में रोमांच भर जाता है और सम्मानित होने से उत्साह एवं आत्म बल बढ़ता है। उक्त विचार सम्मान समारोह के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सीओ अब्दुस सलाम ने व्यक्त किया। लंभुआ क्षेत्र में सक्रिय सामाजिक संगठन अविरल फाउंडेशन के अध्यक्ष भानुकर तिवारी के नेतृत्व में हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को एक सम्मान समारोह कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज गोपालपुर मधैया में आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पंडित नागेश्वर बाल विद्या मंदिर के उमंग पांडे,एस एन कान्वेंट स्कूल के उत्सव पांडे द्वितीय पुरस्कार, शारदा पब्लिक स्कूल के मयंक द्विवेदी को तृतीय पुरस्कार, एस एन कॉन्वेंट स्कूल के प्रवीण सागर मिश्र को चतुर्थ पुरस्कार तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय लंभुआ के आकाश को पंचम पुरस्कार प्राप्त हुआ। सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सीओ अब्दुस सलाम तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी अजय सिंह ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में सुल्तानपुर जनपद के 26 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था और उन विद्यालयों के अध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधक प्रेमनाथ शुक्ला, कुंभराज जायसवाल, ऋषिकेश मिश्रा, हरकेश यादव, ऋतिक द्विवेदी, राहुल यादव मौजूद थे।

# मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर राजू ने की थाने में शिकायत

स्वतंत्र प्रभात

**शहडोल जिला** शिकायतकर्ता राजू सोनी ने लिखित शिकायत ब्यौहारी थाने में देते हुए बताए हैं कि मैं अस्थायी रूप से ब्यौहारी मे रहकर स्थानीय जरूरत मंद किसानो के सहयोग की भावना से उन किसानों के साथ रहता हूँ। जिन्हे मेरी सलाह की जरूरत रहती है। मेरे द्वारा कोई भी जमीन का ऐसा कार्य नही किया जा रहा है जिससे किसी भी किसान व शासन प्रसाशन को क्षति होती है। मैं शांत सरल स्वभाव के रूप मे अपना जीवन यापन करता हूँ । श्रीमान जी शिकायत है कि स्थानीय निवासी जो अपने आप को पत्रकार बताते है पत्रकार है, या फर्जी पत्रकार है। जिनके नाम शिकायत पत्र में लिखे हैं वे मुझे मनगढन्त बदनाम करने की मंसा से अखबार, पोर्टल मे खबरे चलाकर अवैध बसूली की मांग की जाती है न देने पर बोला जाता है कि मै झूठी खबरों से बदनाम करता रहूँगा, मेरा कोई कुछ नही बिगाड़ सकता, जबकि उनके उपर पूर्व से ब्यौहारी थाने मे प्रकरण कायम है, जेल की हवा भी खा चुके है वे बदनामी के साथ बदनाम भी है। मै नही समूचा नगर बोलता है। प्रायः वे कोरेक्स का सेवन किये रहते है, कभी भी किसी भी समय मेडिकल परीक्षण किया जा सकता है।

श्रीमान जी शिकायत है कि ये दोनो जो अपने आप को पत्रकार नगर वासियों को बताते है, कितना सही है जांच में पता चलेगा। नगर के वासियों को सन्देह है कि दोनो पत्रकार फर्जी है इनकी आई.डी. एवं.पी.आर.ओ. पत्र के साथ इनकी खबरों की सही जॉच करने से पूर्णतः दोषी पाये जायेंगे अतः श्रीमान जी से निवेदन कर लिखित शिकायत है कि स्थानीय किसानो की जमीन का उल्लेखकर मुद्रा आरोप लगाकर बदनाम करने वाले के उपर वैधानिक कार्यवाही करने की कृपा की जाये जिससे इनके द्वारा जबरन धौस देकर अवैध वसूली न की जाये ना ही झूठी खबरों से बदनामी न की जाये। झूठी साक्ष्य विहीन खबरों पर मानहानि जैसे प्रकरण दर्ज कर शीघ्र यथाउचित कार्यवाही करने की कृपा की जाये।

# कर्तव्यनिष्ठा से विद्यालयों में बेहतर शिक्षण व्यवस्था संचालित होती है

स्वतंत्र प्रभात




**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ नगर पंचायत के सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में रविवार को जन शिक्षा समिति गोरखपुर प्रांत द्वारा आयोजित स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति सिद्धार्थ नगर द्वारा संचालित जिले के सभी सरस्वती शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर के सेवक,सेविकाओं के प्रबोधन वर्ग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जन शिक्षा समिति गोरखपुर प्रांत के प्रदेश निरीक्षक जियालाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी सेवक, सेविका विद्यालय के अभिन्न अंग हैं। सभी के सामूहिक सहयोग व कर्तव्यनिष्ठा से विद्यालयों में बेहतर शिक्षण व्यवस्था संचालित होती है। उन्होंने सभी सेवक सेविका के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सेवक, सेविका विद्यालय के सिर्फ एक कर्मचारी नहीं बल्कि एक परिवार सदस्य के रूप में कार्य करते हैं। प्रबोधन वर्ग में सभी लोगों ने एक साथ विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण व संस्कार की शिक्षा बच्चों को देने का संकल्प लिया। सेवक, सेविका के बीच कम्बल वितरण का कार्य हुआ। जिला मंत्री विपुल कुमार सिंह ने सभी लोगों के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला प्रचारक श्री विशाल, जिला प्रमुख अंगद प्रसाद पाठक, रामदास पांडेय, राममिलन त्रिपाठी, प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह, आचार्य सन्तोष कुमार सहित जनपद के विभिन्न विद्यालय के सेवक, सेविका उपस्थित रहे।

# नाटक मंचन के माध्यम से किया सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक

स्वतंत्र प्रभात




सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूककरते बच्चे

**अलीगढ़।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में पुनर्गठित उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को कराए जाने के लिए गए निर्णय के आलोक में धर्म समाज महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महाविद्यालय में निबंध, भाषण, कविता पाठ प्रतियोगिता तथा एक नाटक का मंचन किया गया। निबंध प्रतियोगिता तथा अन्य सभी प्रतियोगिताओं में 45 स्वयंसेवकों व सेविकाओं ने प्रतिभाग किया। जिनमें से निबंध प्रतियोगिता में जीतेन्द्र कुमार ने प्रथम स्थान, आदित्य कुमार ने द्वितीय स्थान तथा सुहानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुहानी, द्वितीय स्थान तनुज तथा तृतीय स्थान प्रीति कश्यप ने प्राप्त किया । कविता पाठ प्रतियोगिता में सुहानी ने प्रथम, जीतेन्द्र कुमार व आदित्य कुमार ने द्वितीय तथा प्रीति कश्यप व तनुज कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रीति कश्यप व तनुज ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान जितेंद्र कुमार ने तथा तृतीय स्थान पर आदित्य कुमार रहे। सभी प्रतियोगिताओं में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न नियमों की जानकारी तथा यातायात के विभिन्न दिशा सूचक प्रतीक चिन्हों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। जितेंद्र कुमार, प्रीति कश्यप, सुहानी, आदित्य कुमार व तनुज ने अपने-अपने भाषण के माध्यम से सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमों से उपस्थित सभी स्वयंसेवकों व सेविकाओं को जागरूक किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ कृष्ण कुमार व डॉ रेखा तोमर ने भी सभी को आते-जाते समय सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों का पालन करने के बारे में समझाया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो मुकेश कुमार भारद्वाज ने सभी को बताया कि दुपहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट का प्रयोग करना तथा चार पहिया चलाते समय शीट बैल्ट का प्रयोग करना ना भूलें।

## हिस्ट्री शीटर अपराधियों की परेड करवाकर अपराध न करने के दिए गए निर्देश



**हरदोई** जनपद में अपराध की रोकथाम और अपराधियों पर नजर रखने के लिए जनपद के पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के निर्देश पर रविवार को मझिला,पिहानी और अरवल थाने में प्रभारी निरीक्षकों द्वारा हिस्ट्री शीटर अपराधियों की परेड करवा कर अपराध से दूर रहने के लिए कड़े निर्देश दिए गए। तीनों जगह थाना प्रभारियों ने अपराधियों से कहा खुद अपराध से दूरी बनाए और अपने परिजनों रिश्तेदारों को भी अपराध न करने के लिए हिदायत दें।अपने थाना क्षेत्र में ही नहीं अन्यत्र थाना क्षेत्रों में भी उपस्थित लोगों द्वारा अपराध कारित न किया जाए।अपराध न करने वालों का पुलिस हमेशा साथ देती है।इसलिए शांति व्यवस्था को बनाए रखते हुए निरपराध जीवन यापन करें।किसी भी हिस्ट्री शीटर अपराधी को अगर अपराध में शामिल पाया गया।तो पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी।इस दौरान अरवल थाना क्षेत्र के 26, मझिला में थाना क्षेत्र के 54 और पिहानी में थाना क्षेत्र के 20 हिस्ट्री शीटर अपराधियों ने हाजिरी लगाकर अपराध से दूर रहने की शपथ ली।

आवश्यकता है
JOB VACANCY
हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र में काम करने हेतु, इच्छुक एवं अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
खबरों का सच्चा साथी, स्वतंत्र प्रभात
स्वतंत्र प्रभात के ऑनलाइन चैनल को काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
स्वतंत्र प्रभात
खबरों का सच्चा साथी
जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजें
9511151254
आवाज उठाएं जुर्म के खिलाफ
www.swatantraprabhat.com